चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 2 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 135, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



इमरान और पत्नी बुशरा की सजा निलंबित 14

अफवाहों से तंग परिणीति ने पहने टाइट कपड़े 13

## आतिशबाजी में ब्लास्ट से दो मंजिला मकान धराशायी, मां-बेटे की मौत

संवाददाता, स्लामनगर(बदायूं)

- थाना इस्लामनगर के मोहली में आतिशबाज के घर हुआ हादसा

**अमृत विचार :** कस्बा इस्लामनगर में आतिशबाजी में ब्लास्ट से दो मंजिला मकान धराशायी हो गया। मलबे में दबकर आतिशबाज की पत्नी और बेटे की मौत हो गई जबकि दो बच्चियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीएम मनोज कुमार, एसएसपी आलोक प्रियदर्शी, एसपी देहात राम मोहन सिंह पहुंचे और ब्लास्ट के कारणों को जानने का प्रयास किया। आतिशबाजी के भंडारण के लाइसेंस की जांच की बात कही गई है।

कस्बा इस्लामनगर के मोहल्ला मोहली निवासी अख्तर अली पुत्र असगर अली घर पर आतिशबाजी बनाकर शादी, पार्टियों में बेचते थे। सोमवार को उनकी पत्नी सलामत (35), बेटा तैमूर (6), बेटी तमन्ना (4) और अर्फी (2) घर पर थे। दोपहर लगभग तीन बजे आतिशबाजी में ब्लास्ट हो गया। तेज धमाकों के साथ दो मंजिला मकान धराशायी हो गया। आसपास के मकान हिल गए। मां और तीनों बच्चे मलबे में दब गए। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। लोगों की मदद से मलबा हटाया। दोनों बच्चियों तमन्ना और अर्फी को सकुशल निकालकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मां-बेटे नहीं मिले तो चार जेसीबी की मदद से मलबा हटाया गया। अग्निशमन की दो गाड़ियां भी पहुंच गईं। लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद मलबे में सलामत और तैमूर की लाश मिली। दोनों के शव देख अख्तर अली व परिजनों में कोहराम मच गया। डीएम मनोज कुमार ने कहा कि जांच कराई जाएगी। जो भी मामला सामने आएगा उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। लाइसेंस कहां का है यह देखा जाएगा।

> अख्तर अली के पिता के पास आतिशबाजी का लाइसेंस था। भंडारण की बात कही जा रही है। मां-बेटे की मौत हुई है। दो बच्चियां स्वस्थ हैं। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> – **आलोक प्रियदर्शी**, एसएसपी

## सेंसेक्स ने लगाई छलांग पहुंचा 74000 के पार



**मुंबई।** अमेरिकी फेड रिजर्व के जून में ब्याज दरों में कटौती शुरू करने की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर रियल्टी, धातु, दूरसंचार, कमोडिटीज और यूटिलिटीज समेत अठारह समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत आज सेंसेक्स लगातार तीसरे दिन चढ़ता हुआ 74 हजार अंक के पार पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 363 .20 अंक की छलांग लगाकर तीन सप्ताह बाद 74 हजार के पार 74,014 .55 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ़्टी 135 .10 अंक की तेज़ी के साथ 22,462 .00 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली की रफ़्तार अधिक तेज रही, जिससे मिडकैप 1 .64 प्रतिशत उछलकर 39,968 .43 और स्मॉलकैप 2 .98 प्रतिशत मजबूत होकर 44,454 .63 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4058 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3235 में लिवाली जबकि 665 में बिकवाली हुई वहीं 158 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ़्टी की 31 कंपनियों में तेजी जबकि 18 में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

## मार्च में जीएसटी संग्रह 1.78 लाख करोड़ रुपये



**नयी दिल्ली।** वित्त वर्ष 2023-24 के मार्च महीने में जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 11 .5 प्रतिशत बढ़कर 1 .78 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि घरेलू लेनदेन बढ़ने से मार्च में जीएसटी संग्रह बढ़ा है। यह अबतक का दूसरा उच्चतम मासिक जीएसटी संग्रह है। अबतक का सर्वाधिक जीएसटी संग्रह अप्रैल, 2023 में 1 .87 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया था। मार्च में संग्रह बढ़ने के साथ समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कुल जीएसटी संग्रह 20 .14 लाख करोड़ रुपये हो गया जो वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 11 .7 प्रतिशत अधिक है। इस वित्त वर्ष में औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1 .68 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले 1 .5 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा, ''मार्च, 2024 के लिए सकल जीएसटी राजस्व में सालाना आधार पर 11 .5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1 .78 लाख करोड़ रुपये का दूसरा सबसे बड़ा संग्रह देखा गया। घरेलू लेनदेन में 17 .6 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने से कर संग्रह में यह उछाल दर्ज किया गया।'' मार्च महीने में रिफंड के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व 1 .65 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 18 .4 प्रतिशत अधिक है।

## 1,070 रुपये चढ़कर सोना 68,420 के रिकॉर्ड स्तर पर



**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमतों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 1,070 रुपये के उछाल के साथ 68,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,120 रुपये की तेजी के साथ 78,570 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार के अनुसार अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती के करीब पहुंच रहा है जिससे सर्राफा कीमतों में बढ़ोतरी को रफ्तार मिल रही है। इसके अतिरिक्त चीन की मजबूत मांग भी सोने की कीमतों में वृद्धि का कारण बन रही है। इस बीच, एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोने के जून अनुबंध का भाव 978 रुपये चढ़कर 68,679 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। चांदी के मई अनुबंध का भाव 763 रुपये की तेजी के साथ 75,811 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। विदेशी बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोने की कीमतें 2,265 .73 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस तक चढ़ गईं और अंतिम बार इसका भाव 2,257 .10 डॉलर प्रति औंस बोला गया।

**रमज़ान मुबारक**

(पीलीभीत)

| बाईसवां रोज़ा इफ़्तार 02 अप्रैल 2024 | तेईसवां रोज़ा सहरी 03 अप्रैल 2024 |
|---|---|
| सुन्नी - 06:33 बजे | सुन्नी - 04:34 बजे |
| शिया - 06:40 बजे | शिया - 04:27 बजे |

(लखीमपुर)

| बाईसवां रोज़ा इफ़्तार 02 अप्रैल 2024 | तेईसवां रोज़ा सहरी 03 अप्रैल 2024 |
|---|---|
| सुन्नी - 06:27 बजे | सुन्नी - 04:21 बजे |
| शिया - 06:37 बजे | शिया - 04:24 बजे |

नोटः- सहरी व इफ़्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।

# केजरीवाल को तिहाड़ भेजा

### आबकारी नीति से जुड़ा मामला, कोर्ट ने 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत के आदेश दिए

नई दिल्ली, एजेंसी

- तिहाड़ में जेल नंबर दो में रहेंगे दिल्ली के मुख्यमंत्री

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में अदालत ने सोमवार को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। ईडी की हिरासत अवधि पूरी होने के बाद केजरीवाल को विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की कोर्ट में पेश किया गया था। ईडी ने अदालत से केजरीवाल को 15 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेजने की मांग करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने पूछताछ में सहयोग नहीं किया। न्यायाधीश ने उन्हें 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जिसके बाद केजरीवाल को तिहाड़ जेल लाया गया। जेल अधिकारियों के अनुसार उन्हें जेल नंबर 2 में रखा जाएगा।

अदालत जाने से पहले केजरीवाल ने पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री जो भी कर रहे हैं, वह देश के लिए अच्छा नहीं है। कोर्ट में केजरीवाल की पत्नी सुनीता के अलावा दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज मौजूद थे। एजेंसी ने 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था।



आबकारी नीति से जुड़े मामले में विशेष अदालत में पहुंचे अरविंद केजरीवाल।

### केजरीवाल ने कोषाध्यक्ष को किया भ्रमित : ईडी

ईडी ने कोर्ट में दावा किया कि केजरीवाल ने मामलों से संबंधित मुद्दों पर बयान को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष को भ्रमित बताया। ईडी ने आरोप लगाया कि केजरीवाल ने कहा कि आप के संचार प्रभारी विजय नायर उन्हें नहीं, बल्कि उनके कैबिनेट सहयोगियों आतिशी और सौरभ को रिपोर्ट करते थे। नायर से उनकी बातचीत सीमित थी। इस मामले में नायर को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

ईडी ने न्यायिक हिरासत के अनुरोध वाली याचिका में कहा कि 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद हिरासत में पूछताछ के दौरान केजरीवाल सवालों के गोलमोल जवाब देते रहे और जानकारी छिपाई। आप के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एनडी गुप्ता ने बयान में खुलासा किया है कि अरविंद केजरीवाल ही राज्य चुनाव प्रभारी की नियुक्ति करते हैं। ईडी ने कहा कि केजरीवाल से पूछा कि विजय नायर कैबिनेट मंत्री (कैलाश गहलोत) के बंगले में क्यों रह रहा था और मुख्यमंत्री के शिविर कार्यालय में काम क्यों करता था, तो उन्होंने कार्यालय में काम करने वाले व्यक्तियों के बारे में अनभिज्ञता का दावा किया। केजरीवाल को शराब कारोबारियों के साथ नायर की 10 से अधिक बैठकों के सबूत दिखाए। ईडी ने कहा कि केजरीवाल को गोवा के लिए 45 करोड़ रुपये के हवाला हस्तांतरण के सबूत दिखाए गए। एजेंसी का आरोप है कि यह राशि गोवा में प्रचार अभियान के लिए थी। केजरीवाल को रिहा न किया जाए क्योंकि वह प्रभावशाली हैं, गवाहों को प्रभावित और सबूतों से छेड़छाड़ करेंगे।

### हिरासत में आदेश का मामला: अदालत ने ब्योरा मांगा

दिल्ली हाईकोर्ट ने ईडी से कहा है कि वह धनशोधन मामले में हिरासत में रहने के दौरान मुख्यमंत्री केजरीवाल द्वारा आदेश पारित करने के मुद्दे पर विशेष न्यायाधीश को ब्योरा सौंपे। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनप्रीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि धनशोधन मामले को देख रहे विशेष न्यायाधीश को निर्देश दिया जाता है कि अगर जरूरी है तो मामले पर कानून के तहत आदेश जारी करें। अदालत ने हालांकि स्पष्ट किया कि उसने याचिकाकर्ता के अधिकार क्षेत्र पर कोई टिप्पणी नहीं की है। अदालत ने उस जनहित याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें केजरीवाल को ईडी की हिरासत में रहते हुए मुख्यमंत्री के तौर पर आदेश जारी करने से रोकने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया था कि यह (हिरासत में रहते हुए आदेश जारी करना) कानूनी कार्यढांचे के खिलाफ है।

# ज्ञानवापी : पूजा पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी



- कमेटी की नई याचिका पर हुई सुनवाई, इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को दी गई चुनौती
- ज्ञानवापी परिसर में नमाज अदा करने को लेकर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदू पक्ष के पूजा करने पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और मसाजिद इंतजामिया कमेटी की याचिका पर श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी परिसर में नमाज अदा करने को लेकर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया।

न्यायालय ज्ञानवापी पर इंतजामिया कमेटी की नई याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा करने की अनुमति देने संबंधी अधीनस्थ अदालत के फैसले को बरकरार रखा गया था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने पुजारी शैलेंद्र पाठक व्यास से भी मसाजिद कमेटी की याचिका पर 30 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी हैं। हाईकोर्ट ने 26 फरवरी को कमेटी की उस अर्जी को खारिज किया था, जिसमें 31 जनवरी को जिला अदालत द्वारा तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा की अनुमति दी गई थी। हाईकोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए टिप्पणी की कि प्रदेश सरकार ने 1993 में 'व्यास जी के तहखाने' में पूजा रोकने का फैसला किया। कोर्ट ने कहा कि तहखाने में पूजा पर रोक का फैसला 'अवैध' था।

### भोजशाला के वैज्ञानिक सर्वे पर कोर्ट ने नहीं लगाई रोक



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश के धार जिले में भोजशाला परिसर के वैज्ञानिक सर्वे पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया लेकिन कहा कि एएसआई के सर्वे के नतीजे पर उसकी अनुमति के बिना कोई कार्रवाई न की जाए। हिंदू और मुस्लिम दोनों एएसआई की ओर से संरक्षित भोजशाला पर दावा जता रहे हैं। हिंदू भोजशाला को वाग्देवी का मंदिर मानते हैं जबकि मुस्लिम उसे कमाल मौला मस्जिद बताते हैं। एएसआई की ओर से सात अप्रैल 2003 को किए समझौते के तहत हिंदू मंगलवार को पूजा और मुस्लिम शुक्रवार को इसमें नमाज पढ़ते हैं। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी के मिश्रा की पीठ ने वैज्ञानिक सर्वे पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के 11 मार्च के आदेश को चुनौती देने वाली 'मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसायटी' की याचिका पर केंद्र, प्रदेश सरकार, एएसआई को नोटिस जारी की है।

माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद

An ISO 9001:2015 Certified Company
NOOR GLASS FABRICATION
If U Can Dream We Can Build
Bajrang Dhaba, Opp. SBI Bank, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
9761560515
e-mail : ahmadmuneer13@gmail.com
website : www.noorglassfabrication.com

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा



एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।



डिज़ाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी
कुर्ता पायजामा | डिज़ाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

## नई टोल दरें चुनाव के बाद होंगी प्रभावी

नई दिल्ली, एजेंसी

- ईसीआई ने एनएचएआई से टोल शुल्क वृद्धि को टालने के लिए कहा

भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने एनएचएआई ने कहा है कि वह राजमार्गों पर नई टोल दरों को लोकसभा चुनाव के बाद लागू करे। आमतौर पर देश के ज्यादातर टोल राजमार्गों पर दरों को एक अप्रैल से बढ़ाया जाता है, लेकिन चुनाव आयोग ने कहा कि नयी दरें लोकसभा चुनाव के बाद ही लागू होनी चाहिए। दस्तावेजों के मुताबिक, ईसीआई ने एनएचएआई से टोल शुल्क वृद्धि को टालने के लिए कहा है। ईसीआई ने इस संबंध में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री के पत्र के जवाब में यह बात कही। टोल शुल्क में औसत पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी।

### आयकर व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं : वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में लोगों के लिए नई आयकर व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं है। करदाता आईटीआर दाखिल करते समय इस व्यवस्था से बाहर निकलने का विकल्प चुन सकते हैं। मंत्रालय ने स्पष्टीकरण सोशल मीडिया पर जारी उन सूचनाओं के बाद दिया, जिसमें एक अप्रैल से प्रभावी नई कर व्यवस्था में बदलावों का दावा किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि एक अप्रैल 2024 से कोई नया बदलाव नहीं किया गया है। एक अप्रैल 2023 से शुरू हुए वित्त वर्ष में लोगों के लिए संशोधित नई आयकर व्यवस्था लागू की गई थी, जिसके तहत कर दरें काफी कम हैं।

### 'एक वाहन, एक फास्टैग' मानदंड देशभर में लागू

नई दिल्ली। एनएचएआई का 'एक वाहन, एक फास्टैग' मानदंड सोमवार से लागू हो गया है। इसका उद्देश्य वाहनों के लिए एक फास्टैग के इस्तेमाल या एक वाहन से कई फास्टैग संबद्ध करने को हतोत्साहित करना है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अब एक वाहन पर एक से अधिक फास्टैग नहीं लगाए जा सकेंगे। जिनके पास एक वाहन के लिए कई फास्टैग हैं, वे एक अप्रैल से उनका उपयोग नहीं कर पाएंगे। एनएचएआई ने पेटीएम फास्टैग का इस्तेमाल करने वाले वाहन मालिकों की समस्याओं को देखते हुए 'एक वाहन, एक फास्टैग' पहल के अनुपालन की समयसीमा 31 मार्च तक बढ़ाई थी।

## नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने की आत्महत्या

**एटा।** कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने पढ़ाई के दबाव में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वह कोटा में तैयारी कर रही थी और होली की छुट्टियों में वह घर आई थी। शहर क्षेत्र के सिविल लाइंस कालोनी की रहने वाले अनिल यादव की कंप्यूटर की दुकान है। उनकी पुत्री खुशी (19) राजस्थान के कोटा में पिछले साल से नीट की तैयारी कर रही थी। होली की छुट्टियों में वह घर आई थी और ऑनलाइन ही पढ़ाई कर रही थी। पिता ने बताया कि पढ़ाई को लेकर वह बहुत चिंता में थी और 14-15 घंटे पढ़ाई करती रहती थी।

## सपा ने मेरठ में अतुल प्रधान पर लगाया दांव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने सोमवार की देर रात अपने दो और उम्मीदवारों की घोषणा की। इनमें मेरठ में पार्टी ने उम्मीदवार बदलते हुए सरधना के विधायक अतुल प्रधान पर दांव लगाया है।

सपा ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच "एक्स" पर सूची साझा की जिसमें मेरठ से अतुल प्रधान और आगरा (आरक्षित) से सुरेश चंद कदम को उम्मीदवार घोषित किया गया है। पार्टी ने पहले मेरठ में भानु प्रताप सिंह को उम्मीदवार बनाया था लेकिन अब उनका टिकट काट दिया। यहां भाजपा ने अभिनेता अरुण गोविल को उम्मीदवार बनाया है। अतुल प्रधान पार्टी का युवा चेहरा हैं, जिनका गोविल से मुकाबला होगा। मेरठ में दूसरे चरण में 26 अप्रैल और आगरा में तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा।



- आगरा से सुरेश चंद कदम को बनाया गया उम्मीदवार

## मुख्यमंत्री योगी पीलीभीत, बदायूं और बरेली में करेंगे सभा

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा नेताओं के दौरे शुरू हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पीलीभीत, बदायूं और बरेली में प्रबुद्ध सम्मेलनों को संबोधित करेंगे, जबकि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर मुरादाबाद व अमरोहा के सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मेरठ और ब्रजेश पाठक रामपुर में वोट साधते दिखेंगे। मुख्यमंत्री योगी सबसे पहले सुबह 11: 30 बजे रामा इंटर कॉलेज के सामने, पीलीभीत, दोपहर 1:10 बजे बदायूं क्लब, और दोपहर 2:40 बजे बरेली इंटर कॉलेज में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

## सभी वीवीपैट पर्चियां गिने जाने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

नयी दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग और केंद्र को नोटिस, अभी केवल पांच ईवीएम के सत्यापन का नियम

उच्चतम न्यायालय ने चुनाव में सभी वीवीपैट पर्चियों की गिनती का अनुरोध करने वाली याचिका पर निर्वाचन आयोग और केंद्र से सोमवार को जवाब मांगा। वर्तमान में, वीवीपीएटी पर्चियों के माध्यम से केवल पांच ईवीएम के सत्यापन का नियम है। 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपीएटी) एक स्वतंत्र वोट सत्यापन प्रणाली है जो मतदाता को यह देखने की अनुमति देती है कि उसका वोट उसी उम्मीदवार को गया है या नहीं, जिसे उसने वोट दिया है। वीवीपैट के जरिये मशीन से कागज की पर्ची निकलती है जिसे मतदाता देख सकता है और इस पर्ची को एक सीलबंद डिब्बे में रखा जाता है और विवाद की स्थिति में इसे खोला जा सकता है। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने चुनाव में सभी वीवीपैट पर्चियों की गिनती का अनुरोध करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता अरुण कुमार अग्रवाल के वकीलों की दलीलों पर गौर किया। पीठ ने याचिका पर आयोग और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। विषय की सुनवाई 17 मई को हो सकती है।

### चुनाव से पहले हो निर्णय : कांग्रेस

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में कहा कि सुप्रीम कोर्ट का नोटिस महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन इसकी सार्थकता के लिए चुनाव शुरू होने से पहले मामले पर निर्णय लिया जाना चाहिए। कहा कि चुनाव आयोग ने इंडिया गठबंधन के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल से मिलने से इंकार कर दिया है। इंडिया समूह के राजनीतिक दलों की मांग थी कि ईवीएम में जनता का विश्वास बढ़ाने और चुनावी की पवित्रता सुनिश्चित करने को वीवीपैट पर्चियों के सौ प्रतिशत मिलान किए जाएं।

सतर्कता | मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए व्यवस्था में बदलाव की तैयारी

## बिना गवाह अब नहीं मिल सकेगा विवाह योजना का लाभ

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अब गोलमाल नहीं हो सकेगा। पड़ोसियों की गवाही के बाद ही आवेदन स्वीकार होगा। गवाही इस बात की होगी कि आवेदनकर्ता का कोई विवाह तो नहीं हुआ है। योजना के तहत गृहस्थी के लिए दिए जाने वाले 10 हजार रुपये भी अब सीधे खाते में भेजने की योजना है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कई जिलों में गड़बड़ी सामने आई थी। शिकायतें के बाद तय हुआ है कि वर और वधू पक्ष के पास पड़ोस के पांच-पांच लोगों से गवाही कराई जाएगी। जो ये प्रमाणित करेंगे कि वर या वधू का विवाह हुआ है या नहीं। गवाहों का नाम, पता और मोबाइल नंबर भी दर्ज होगा। गवाही के बाद ही आवेदन पर आगे की प्रक्रिया होगी।

बता दें कि एक जोड़े के विवाह पर 51 हजार खर्च होते हैं। इसमें 35 हजार रुपये वधू के खाते में जमा होते हैं जबकि 10 हजार रुपये में गृहस्थी का सामान दिया जाता है। 6 हजार रुपये आयोजन मद में खर्च होते हैं। अब गृहस्थी के सामान की जगह 10 हजार रुपये वधू के खाते में भेजने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। आचार संहिता लागू होने से इस पर अभी निर्णय नहीं हो सका है।

प्रदेशभर में 2023-24 में एक लाख चौदह हजार जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य था। साथ ही 500 करोड़ से अधिक के बजट का प्रावधान था। पिछले वर्ष एक लाख पांच हजार से अधिक जोड़ों का विवाह हुआ। साथ ही सभी का भुगतान भी कर दिया गया।



- आस-पड़ोस वालों से पुष्टि होगी कि आवेदनकर्ता का विवाह हुआ है या नहीं

> मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आवेदनकर्ताओं की जांच कराई जाएगी। आस-पड़ोस की गवाही के बाद अगर पुष्टि हो जाती है कि आवेदनकर्ता का विवाह नहीं हुआ है तभी योजना का लाभ दिया जाएगा। गृहस्थी के 10 हजार रुपये खाते में भेजने के प्रस्ताव को शासन से स्वीकृति मिलने के बाद लागू किया जाएगा। –**कुमार प्रशांत**, निदेशक समाज कल्याण

### झांसी, बलिया, महाराजगंज में मिली थीं गड़बड़ियां

पिछले वित्तीय वर्ष में झांसी, बलिया और महाराजगंज में गड़बड़ियां मिली थीं। बुंदेलखंड महाविद्यालय में समारोह में 96 जोड़े शामिल हुए थे। इसमें एक दुल्हन ने खुद मांग भर ली। कई जोड़ों ने सात फेरे नहीं लिए। झांसी के पॉलीटेक्निक कॉलेज में दूल्हे के न आने पर दुल्हन की शादी जीजा से कराई गई थी। बलिया के मनियर ब्लॉक के सुल्तानपुर, ककरघट्टा खास व मानिकपुर में आठ अपात्रों को योजना का लाभ लेने के मामले में पकड़ा गया। इसमें एक अधिकारी निलंबित हुआ था। नौ पर प्राथमिकी दर्ज हुई थी। महाराजगंज के लक्ष्मीपुर ब्लॉक में दूल्हे के स्थान पर भाई ने बहन से शादी कर ली। इस पर प्रशासन ने सारा सामान वापस कराया।

# प्रबुद्ध सम्मेलन करने आज पीलीभीत आएंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## प्रशासन ने पूरी की तैयारी, तीन एएसपी, आठ सीओ, 11 थाना प्रभारी और 600 पुलिस कर्मी संभालेंगे सुरक्षा की कमान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में पीलीभीत सीट पर 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। शिक्षित मतदाताओं को साधने के लिए मंगलवार को शहर के सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज मैदान पर प्रबुद्ध सम्मेलन होगा। इसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रहेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। एक तरफ भाजपाई कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारियों में जुटे हैं, वहीं पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए खाका तैयार कर लिया है। अधिकारियों ने माइक्रो प्लान तैयार करने के साथ ही सोमवार को मातहतों को ब्रीफ किया। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि ऐसा कुछ न करें, जिसे आचार संहिता का उल्लंघन माना जाए। मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर बाहरी जिलों से भी पुलिस बल बुलाया गया है। सोमवार को अफसरों ने कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर स्थितियों का जायजा लिया।

मंगलवार को राम इंटर कॉलेज के मैदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रबुद्ध सम्मेलन करेंगे। इसमें चिकित्सक, अधिवक्ता, अध्यापक, प्रधानाचार्य, चार्टर्ड अकाउंटेंट आदि को आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम में करीब दो हजार से अधिक भीड़ जुटने का अनुमान है। पार्टी की ओर से करीब ढाई हजार पास जारी किए गए हैं। भाजपाई कई दिनों से तैयारियों में लगे हैं। मैदान में टेंट, मंच आदि की तैयारियों को सोमवार को अंतिम रूप दिया गया। शासन से जारी कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10:20 बजे मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर लखनऊ से उड़ान भरेगा, जो पूर्वाह्न 11:25 बजे यहां यहां पुलिस लाइन में बनाए गए हेलीपैड पर पर उतरेगा। पुलिस से कार में टनकपुर हाईवे होते हुए मुख्यमंत्री 11:30 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे।

इधर, मुख्यमंत्री की सभा को लेकर प्रशासनिक अमला अलर्ट हो गया है। आचार संहिता के बीच सुरक्षा संबंधी अन्य तैयारियों का खाका खींचा जा चुका है। ताकि किसी तरह की कोई चूक न हो जाए। मुख्यमंत्री की सुरक्षा में 600 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें तीन अपर पुलिस अधीक्षक, आठ सीओ, 11 इंस्पेक्टर को लगाया गया है। यह पुलिस कर्मी आसपास मंडल के अन्य जिलों से फोर्स भी मिली है। कार्यक्रम स्थल के अलावा शहर में निर्धारित किए गए विभिन्न रूटों पर भी फोर्स रहेगा।


पुलिस कर्मियों को मुख्यमंत्री की सुरक्षा के टिप्स देते एएसपी विक्रम दाहिया। ● अमृत विचार


पुलिस लाइन में ब्रीफिंग के दौरान मौजूद पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

- **ट्रैफिक प्लान तैयार, टनकपुर हाईवे से राम इंटर कॉलेज तक बदले रूट से जाएंगे वाहन**

> मुख्यमंत्री के होने वाले कार्यक्रम को लेकर पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के साथ ट्रैफिक के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कार्यक्रम को लेकर जिले के अलावा बाहरी जिले के फोर्स भी लगाया गया है। – **विक्रम दाहिया**, एएसपी

### डीएम और एसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

प्रबुद्ध सम्मेलन कार्यक्रम को लेकर एक दिन पहले सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडे, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी आदि ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां एंट्री गेट से लेकर वीआईपी गैलरी, मंच आदि चेक किया। इसके अलावा भाजपा पार्टी के पदाधिकारियों से मंचासीन रहने वाले पदाधिकारियों के नाम की सूची भेजने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने निर्देश दिए है कि आई कार्ड के बाद ही कार्यक्रम स्थल में एंट्री दी जाए। कार्यक्रम स्थल के आसपास कोई भी वाहन नहीं खड़ा किया जाएगा। ताकि जाम की समस्या न बने। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर ही एसपी अविनाश पांडे और एएसपी विक्रम दहिया ने सीओ, इंस्पेक्टर समेत अन्य पुलिस कर्मियों के साथ बैठक कर ड्यूटी का चार्ट प्लान तैयार किया। ताकि कोई भी चूक न हो सके।


कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों में जुटे श्रमिक। ● अमृत विचार

### टनकपुर से आने वाले वाहन किए जाएंगे डायवर्ट

टनकपुर की ओर से आने वाले वाहनों को टाह पौटा गांव के पास ही रोक दिया जाएगा। इन वाहनों को टाह पौटा गांव के भीतर से निकलते हुए बाईपास से निकला जाएगा। वहां से बरेली, पूरनपुर और बीसलपुर अन्य रूटों के लिए निकल सकते हैं। इसको लेकर ट्रैफिक पुलिस के साथ थाना पुलिस की ड्यूटी इस रूट पर लगाई गई है। किसी भी हाल में बड़े वाहनों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा बरेली हाईवे पर टाइगर तिराहा से डायवर्जन रहेगा। इधर, कार्यक्रम स्थल एरिया में नई बस्ती चौराहा से और डिग्री चौराहा से वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। गौहनिया चौराहा से नकटादना चौराहा तक भी भारी पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है।

### एक घंटे शहर में रहेंगे मुख्यमंत्री

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को साधने के लिए प्रबुद्ध सम्मेलन करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आ रहे हैं। मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल पर करीब 11:30 बजे पहुंचे। जहां करीब वह एक घंटे तक अपने संबोधन से प्रबुद्ध लोगों को साधने की पूरी कोशिश करें। ताकि लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत मिल सके। 12:30 बजे कार्यक्रम समाप्त कर वह पुलिस लाइन जाएंगे। जहां से बदायूं रवाना हो जाएंगे। पुलिस और प्रशासनअपनी ने तैयारी पूरी कर ली है।

### शहर के बाहर रोके जाएंगे कामर्शियल वाहन

मुख्यमंत्री के आगमन के चलते जहां प्रत्येक चौराहा पर पुलिस फोर्स की ड्यूटी लगाई गई है। तो वहीं ट्रैफिक पुलिस की ओर भी रुट चार्ट तैयार किया गया है। जिसके तहत कर्मिशियल वाहनों को हाईवे पर ही रोका जाएगा। उन्हें किसी भी हाल में अंदर प्रवेश नहीं मिलेगा। इसके अलावा कार्यक्रम में शामिल होने वाले वीआईपी लोगों के लिए नौगवां चौराहा पर ओवरब्रिज के नीचे पार्किंग की सुविधा दी गई है। इसके अलावा बसों आदि के लिए रामलीला मैदान को सुरक्षित किया गया है। जहां बसें लगाई जाएंगी। टनकपुर हाईवे पर फोर्स की ड्यूटी लगाई गई है। ताकि जब काफिला निकले। तो वाहनों का आवागमन रोका जा सके।

## एक नजर

### हमला कर किशोर को किया लहूलुहान

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव काजरबोझी निवासी दोदराम पुत्र ज्वाला प्रसाद ने पुलिस को बताया कि उसका 17 वर्षीय पुत्र विकास कुमार 30 मार्च की शाम को तखत पर बैठा था। तभी उनके बेटे पर उसी गांव के भानुप्रताप ने हमला कर दिया। विकास कुमार को धारदार हथियार से बार करके घायल कर दिया। परिवार के सदस्यों के आने पर आरोपी धमकी देकर भाग गया। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रहे हैं।

### पहले बाइक में टक्कर मारी, फिर जमकर पीटा

**माधोटांडा।** थाना क्षेत्र के गुलाब टांडा गांव निवासी राम निवास पुत्र रामपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह सोमवार को बाइक से बाइफरकेशन की तरफ से घर जा रहे थे। डगा पुल के पास पीछे से आ रहे दूसरे बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। विरोध करने पर आरोपियों ने पिटाई कर दी। पुलिस तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बच्चा घायल

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव रम्पुरानत्थू निवासी जसवंत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार शाम करीब पांच बजे उसका चचेरा भाई चार वर्षीय सुशांत अपनी मां शकुंतला देवी के साथ पैदल गांव बर्रामऊ को जाने वाले मार्ग पर जा रहा था। इस बीच बाइक की टक्कर लगने से बालक घायल हो गया। हादसे के बाद लोग जमा हो गए। बाइक सवार ही घायल बालक को लेकर एक निजी अस्पताल पहुंचा। वहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### जहानाबाद पुलिस ने बरामद की लापता किशोरी

**जहानाबाद।** फुसलाकर ले जाई गई किशोरी को पुलिस ने सोमवार सुबह बरामद कर लिया। इस मामले में परिजन की ओर से बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। कोर्ट में बयान कराकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### गजरौला इलाके में भट्ठे के पास खड़ी बाइक चोरी

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़ैला निवासी महेंद्र पाल पुत्र भूपराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 मार्च की दोपहर एक बजे वह घर से बाइक लेकर खेत पर गए थे। एक भट्टे के पास बाइक खड़ी करके खेत में चले गए। कुछ देर बाद वापस आए तो दो चोर बाइक का लॉक तोड़कर ले गए। उन्हें पकड़ने का प्रयास किया लेकिन असफल रहे।

# पीलीभीत की जनता मोदी और योगी के साथः जितिन प्रसाद


जनसभा को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी व कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने सोमवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रूपपुर कमालु, रूपपुर कृपा, पिपरावाले नंबर एक, गुटैया, खरूआ, प्यास, मीरपुर, ढकिया नवादा, कनाकोर, गहलुईया, अबूडांडी, लेखराज चौराहा, मधुवन, खकरा चौराहा पर नुक्कड़ सभाएं कीं। संयुक्त बार एसोसिएशन के सभागार में सभा की गई।

भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद ने कहा कि पीलीभीत की जनता पूरी तरह से मोदी-योगी के साथ है। लोग मोदी और योगी के नये भारत का दर्शन कर रहे हैं। जिसमें बिना भेदभाव के सबका साथ सबका विकास हो रहा है। जीवन में तरक्की हो रही है। किसान, नौजवान आगे बढ़ रहे हैं। लोगों का विश्वास मोदी-योगी के साथ मजबूत हुआ है। सभी लोग अपने गांव मोहल्लों का विकास कराना चाहते हैं, और यह जानते हैं कि यह काम सिर्फ मोदी-योगी की सरकार में संभव है। लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यहां भी विकास की गंगा बहेगी, जिसके बाद पीलीभीत की पहचान प्रदेश ही नहीं, देश में भी अलग होगी। बाहर से आने वाले लोग पीलीभीत का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

# बराही के जंगल में लगी आग, मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **डिप्टी डायरेक्टर मौके पर पहुंचे, वन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद बुझाई आग**

**अमृत विचारः** पीटीआर की बराही रेंज में रविवार शाम अचानक आग लग गई। जंगल से उठते धुंए का गुब्बार देख वन महकमे में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में डिप्टी डायरेक्टर अमले के साथ मौके पर जा पहुंचे। वन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीटीआर प्रशासन के मुताबिक जंगल में आग से कोई खास नुकसान नहीं हुआ है।

गर्मी के सीजन में जंगलों में 15 फरवरी से 15 जून तक फायर सीजन माना जाता है। इस दौरान जंगलों में आग लगने की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं। फायर सीजन के मद्देनजर पीलीभीत टाइगर रिजर्व में तैयारियां की गई हैं। जंगल में लगने वाली आग की रोकथाम को सभी रेंज में फायर लाइनें तैयार की गई हैं। सूचना तंत्र को मजबूत करने के साथ सेटेलाइट से भी निगरानी की जा रही है।

इधर, रविवार देर शाम पीलीभीत टाइगर रिजर्व की बराही रेंज के जंगल में अचानक आग लग गई। धुएं का गुब्बार उठने के साथ आग ने आसपास के क्षेत्र को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह वन कर्मियों के साथ गश्त पर निकले हुए थे। बाइफरकेशन के नजदीक पहुंचने पर उन्हें बराही रेंज से धुंआ उठता दिखाई दिया। धुंआ देखते ही पूरी टीम उस ओर चल पड़ी। आगे रास्ता न होने पर डिप्टी डायरेक्टर टीम के साथ मौके पर पैदल ही पहुंचे। आग लगने की सूचना पर महकमा अलर्ट हो गया। वनाधिकारी सहेंद्र यादव समेत अन्य वनकर्मी मौके पर पहुंच गए। वन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

> बराही रेंज में रविवार शाम जंगल क्षेत्र के कुछ हिस्से में आग लगी थी। आग पर काबू पा लिया गया। ग्राउंड फायर होने के कारण कोई नुकसान नहीं हुआ। – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर

# एलायंस क्लब, चित्रांश महासभा ने कराया होली मिलन समारोह


एलायंस क्लब के होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद महिला सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, पीलीभीत

- **कार्यक्रम के दौरान फूलों की होली खेली, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए**

**अमृत विचार :** एलायंस क्लब मधुवन एवं मैत्री और चित्रांश महासभा की ओर से होली मिलन समारोह आयोजित किए गए। इनमें संगठनों के सदस्यों ने जमकर मस्ती की और गीत गाए।

एलायंस क्लब मधुवन एवं मैत्री की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों का टीका लगाकर और दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। चार्टर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मधु कुमार, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मिथिलेश शर्मा, क्लब अध्यक्ष रुचि सिंघल को सम्मानित किया गया। सरोज जौहरी ने होली से संबंधित कविता पाठ किया।

सदस्यों को सुंदर-सुंदर टाइटल दिए गए। पुष्पा सिंह ने होली गीत सुनाए। होली से संबंधित मनोरंजक गेम्स संगीता शुक्ला एवं आशा सिंह ने खिलवाए। कार्यक्रम के समापन पर डांस हुआ और फूलों की होली खेली गई। इस मौके पर शशि मैनी, निधि, मोनिका, सृष्टि, जूली, पूनम, शुभी, प्रिया, आकांक्षा, संध्या, नीता अग्रवाल, सीमा आदि मौजूद रह।

अखिल भारतीय चित्रांश महासभा की ओर से कायस्थ समाज का होली मिलन समारोह संपन्न हुआ। जिसमें फूलों की होली खेली गई। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डा. आस्था अग्रवाल रहीं।

रंगारंग कार्यक्रम भी हुए। इस मौके पर जीतेश राज, डॉ. भरत कंचन, डॉ. सचिन सक्सेना, अल्पना सक्सेना, करुणा शंकर सक्सेना, रामजी नाथ सक्सेना, संजीव सक्सेना, शेखर सक्सेना, वर्षा अमित सक्सेना, सरोज सक्सेना, वर्षा संदीप सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# परिणाम आने तक सभी खर्चों का रखें ब्योरा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **व्यय प्रेक्षकों ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक में दिए निर्देश**

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के चलते निर्वाचन आयोग द्वारा नामित व्यय प्रेक्षकों ने सोमवार को राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों साथ बैठक की। इस दौरान प्रेक्षकों ने चुनाव के दौरान होने वाले खर्च का लेखा जोखा व्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए।

गांधी सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में व्यय प्रेक्षक दिनेश कुमार बिसेन व सुब्रनिल दास ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। व्यय प्रेक्षकों ने कहा कि नाम निर्देशन की तिथि से परिणाम घोषित होने तक सभी तरह के व्यय का लेखा जोखा सही रूप से रखा जाए। प्रत्येक प्रत्याशी को निर्वाचन परिणाम घोषित होने की तारीख से 30 दिन के अंदर खर्च का लेखा जोखा जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल करना होगा। प्रत्याशी द्वारा चुनाव खर्चों का दैनिक लेखा रजिस्टर में तिथिवार भरा जाना चाहिए।

### युवती ने प्रेमी पर लगाया तेजाब पिलाने का आरोप

**पूरनपुर।** एक युवती ने अपने प्रेमी पर तेजाब पिलाने का आरोप लगाया है। कोतवाली में दी तहरीर में युवती ने बताया कि उसके घर के सामने रहने वाले युवक से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसने शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। मगर बाद में टालमटोल करने लगा। उसने शादी की जिद की तो आरोपी ने 18 फरवरी को जबरन तेजाब पिला दिया। लखनऊ केजीएमसी में इलाज कराने पर उसकी जान बची। युवती का कहना है कि तेजाब पीने से अब आरोपी के परिवार वाले धमकी दे रहे हैं। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि घटना पुरानी बताई जा रही है।

### पति समेत पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा।** कार और दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर गर्भवती को ससुरालियों ने पीटकर घर से निकाल दिया। पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम चिड़ियादाह निवासी गुलफ्शां ने पुलिस को बताया कि उसका निकाह 2021 में गांव नरायनठेर निवासी शराफत हुसैन उर्फ राजू से हुआ था। ससुराल में दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। 27 मार्च 2024 को पति शराफत हुसैन उर्फ राजू, जेठ रफाकत हुसैन उर्फ बबलू, जेठानी राबिया, सास फैयादी, ननद गुलनाज ने मारपीट कर घर से निकाल दिया।

# रात में जंगल घूमना पड़ा महंगा, तीन पर केस दर्ज

- **गश्त के दौरान डीडी ने पकड़ी कार, पुलिस ने शांतिभंग में किया चालान**
- **घूमते पकड़े गए तीन लोगों में एक पुलिस कर्मी भी शामिल**

**पीलीभीत,अमृत विचारः** पीटीआर (पीलीभीत टाइगर रिजर्व) के जंगल में रात को कार से सैर करना तीन लोगों को महंगा पड़ गया। गश्त के दौरान निकले डिप्टी डायरेक्टर ने कार सवारों को रोककर उनके पूछताछ की तो उन्होंने रौब गांठना शुरू कर दिया। डिप्टी डायरेक्टर के निर्देश पर महोफ के क्षेत्रीय वनाधिकारी ने तीनों के खिलाफ विभागीय केस दर्ज किया है। पुलिस ने तीनों का शांतिभंग में चालान कर दिया। पकड़े गए लोगों में एक पुलिस कर्मी शामिल बताया जा रहा है।

मामला मुस्तफाबाद जंगल का है। रविवार रात करीब नौ बजे पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान के साथ गश्त पर निकल थे। गश्त के दौरान लालपुल से गुजरते वक्त उनकी निगाह कच्ची पटरी के खुले बैरियर पर पड़ी। शंका होने पर उन्होंने कच्ची पटरी पर जाकर पड़ताल शुरू कर दी। डिप्टी डायरेक्टर टीम के साथ कुछ दूर पहुंचे होंगे। तभी रास्ते में उन्हें एक कार खड़ी दिखी। डिप्टी डायरेक्टर ने कार को रोककर उसमें सवार लोगों से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान तीन लोगों में एक ने खुद को पुलिस कर्मी बताया। बताते हैं कि जब वन अफसरों ने जंगल में अवैध रूप से घुसने पर होने वाली कार्रवाई के बारे में बताया तो कार सवार भिड़ने लगे। महोफ रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी सहेंद्र यादव को भी मौके पर बुला लिया गया। डिप्टी डायरेक्टर के निर्देश पर महोफ रेंजर ने तीनों के खिलाफ विभागीय केस दर्ज कर दिया। वहीं माधोटांडा पुलिस की ओर से तीनों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में चालान किया गया है। इसमें इसमें रविंद्र कुमार पुलिसकर्मी बताया जा रहा है। डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर मनीष सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान जंगल क्षेत्र में एक कार अवैध रूप से घूमते पाई गई। कार सवार रविंद्र कुमार, सुमित और अमित के खिलाफ विभागीय केस दर्ज किया गया है। मामले में पुलिस की ओर से भी कार्रवाई की गई।



The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

रमज़ान मुबारक
बाईसवां रोज़ा इफ्तार 02 अप्रैल 2024
सुन्नी - 06:33 बजे
शिया - 06:40 बजे
तेईसवां रोज़ा सहरी 03 अप्रैल 2024
सुन्नी - 04:34 बजे
शिया - 04:27 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
केजीएन ब्रिक फील्ड, देवीपुरा
नफीस अहमद
मो. 9412433389

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

### विधान परिषद सदस्य रजनीकांत माहेश्वरी ने दिए संकेत, इंडिया गठबंधन को लेकर बोले- वह जन बंधन नहीं, ठग बंधन है

# ...तो वरुण गांधी को कहीं और चुनाव लड़ा सकती है भाजपा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


पत्रकारों से बातचीत करते विधान परिषद सदस्य रजनीकांत महेश्वरी व अन्य।

**अमृत विचारः** पीलीभीत सीट पर दो बार सांसद रहे वरुण गांधी का टिकट कटने के बाद से उनके आगामी सियासी निर्णय को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। वरुण गांधी की ओर से पीलीभीत वासियों के लिए लिखे गए पत्र में भी पीलीभीत से रिश्ते के भावुक पहलुओं का तो जिक्र किया गया, लेकिन उनकी ओर से यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि वह भाजपा का प्रचार करेंगे या कोई नया कदम उठाएंगे।

सोमवार को पीलीभीत आए भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य रजनीकांत महेश्वरी ने संकेत दिया कि भाजपा वरुण को किसी अन्य सीट से चुनाव लड़ा सकती है। उन्होंने पीलीभीत में वरुण गांधी के भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के पक्ष में चुनाव प्रचार करने की ओर भी इशारा किया। साथ ही उन्होंने इंडिया गठबंधन पर तल्ख सियासी वार किए। बोले- ये ठग बंधन है, जन बंधन नहीं।

पूरनपुर रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर सोमवार दोपहर पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य रजनीकांत माहेश्वरी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि भाजपा और विपक्ष की विचारधारा में बड़ा अंतर है। ये अधूरा गठबंधन है। रविवार को विपक्ष की रैली को लेकर उन्होंने कहा कि जब भी घोटालों की बात देश में आती है और जब कोई एक्शन हो जाता है तो भाजपा को दोषी बनाने का काम किया जाता है। ये जो गठबंधन एनडीए के खिलाफ बन रहा है, वह जन बंधन नहीं ठग बंधन है। ये कहीं गठबंधन कर भाई-भाई का रिश्ता बनाते हैं तो कहीं अलग हो जाते हैं। इसका उदाहरण पंजाब, दिल्ली और बंगाल में किसी से छिपा नहीं है। महा गठबंधन का विचार इस बात पर है कि ज्यादा से ज्यादा झूठ बोलना है। देश और सनातन को बदनाम करना है। देश के लोकतंत्र पर खतरा पैदा कर जनता को गुमराह करने का काम कर रहा है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को लेकर उन्होंने कहा कि पांच साल सरकार में रहने के बाद वह 870 करोड़ का होटल, आस्ट्रेलिया में टापू कहां से ले आए।

आप नेता अरविंद केजरीवाल ने करोड़ों का शीश महल कहां से बनाया और गाड़ियां खरीदीं। ऐसे ही तमाम आरोप लगाते हुए भ्रष्टाचार की ओर इशारा किया। आप सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि शराब घोटाला एक ऐसा रहा कि होली पर घोटाला करने वाले जेल में बंद रहे और दुकानें खुली रही। वरुण गांधी के टिकट कटने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह भाजपा के नेता हैं। वरुण गांधी से संगठन का कभी कोई बैर नहीं रहा है। अभी तो ये भी कहना गलत है कि भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया। हो सकता है कि अभी कई सीटों पर प्रत्याशी उतारे जाने हैं, जिनमें उन्हें टिकट मिले।

पीलीभीत प्रत्याशी के प्रचार में आने को लेकर भी खुलकर बोले। कहा कि जरूरत पड़ी तो वरुण गांधी को भी पीलीभीत बुलाया जाएगा। उनसे संगठन की लगातार वार्ता चल रही है। रजनीकांत माहेश्वरी ने पीलीभीत सीट पर भाजपा प्रत्याशी की रिकार्ड मतों से जीत का दावा किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिला प्रभारी गुलशन आनंद, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, लोकसभा प्रभारी दीपक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# पंडरी में पुलिस ने जबरन उतरवाए पोस्टर

### अधिकारियों के समझाने पर मतदान को राजी नहीं हुए ग्रामीण, डीएम-एसपी जाएंगे गांव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जंगल से सटे गांव के लोगों ने बाघ और छुट्टा पशु न पकड़े जाने पर किया है मतदान के बहिष्कार का एलान

**अमृत विचारः** पंडरी गांव में मतदान के बहिष्कार को लेकर लगाए गए पोस्टर सोमवार को पुलिस ने जबरन उतरवा दिए। मगर ग्रामीण अभी मतदान के लिए राजी नहीं हुए हैं। ग्रामीण बाघ और छुट्टा पशुओं के पकड़े जाने के बाद ही मतदान करने की बात पर अड़े हैं। पंडरी गांव के लोगों को मनाने के लिए अधिकारी संवाद करेंगे। जरूरत पड़ी तो डीएम-एसपी पंडरी जाकर ग्रामीणों से बातचीत करेंगे।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ रेंज से सटे गांव पंडरी समेत अन्य गांवों में पिछले कुछ माह से बाघों का आतंक है। पंडरी और सेमपुर गांव में बाघ हमले में दो ग्रामीणों की मौत हो चुकी है। वहीं, जंगल से सटे इन गांवों में एक महिला समेत तीन लोग बाघ हमलों में बुरी तरह जख्मी हो चुके हैं। जंगल किनारे बसे इन गांवों में छुट्टा पशुओं का भी खासा आतंक है। छुट्टा पशुओं द्वारा फसलों को रौंदने की जानकारी के बाद भी ग्रामीण बाघों के डर से खेतों पर नहीं जा पा रहे हैं। इन गांवों के ग्रामीण लगातार जनप्रतिनिधियों और अफसरों से बाघों एवं छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया गया। इधर, एक दिन पूर्व पंडरी गांव के ग्रामीणों ने समस्याओं को लेकर प्रशासनिक अफसरों का ध्यान आकृष्ठ कराने को मतदान बहिष्कार का एलान कर गांव में जगह-जगह पोस्टर-बैनर लगाए थे थे। ग्रामीणों का कहना था कि यदि बाघ और छुट्टा पशुओं को नहीं पकड़ा गया तो वे सभी मतदान में हिस्सा नहीं लेंगे।

सोमवार को पंडरी गांव के ग्रामीण मतदान बहिष्कार पर अड़े रहे। गांव पहुंचे कुछ अफसरों ने ग्रामीणों को समझाने का भी प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी बात पर अडिग रहे। ग्रामीणों का कहना था कि गांव में एक खाली पड़ी जमीन पर तार खींचकर उसमें कुछ सांड रखकर खानापूरी की गई है। जबकि आबादी में घूम रहे बाघों को लेकर कोई बात ही नहीं हो रही है। ग्रामीणों के मुताबिक सोमवार सुबह न्यूरिया पुलिस पंडरी गांव पहुंची और जबरन मतदान विरोधी पोस्टर उतरवा दिए। इसको लेकर ग्रामीणों में खासा आक्रोश है।



पंडरी गांव में लगा मतदान के बहिष्कार का पोस्टर।

> मामला संज्ञान में आने के बाद अधिकारियों को गांव भेजा गया है। पंडरी में अस्थाई पशु आश्रय स्थल बनवाया गया है। मुख्य पशु चिकित्साधिकार को भी निर्देशित किया गया है। ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी समस्या का समाधान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। – **संजय कुमार सिंह**, डीएम

### डीएम ने बैठक कर समस्या का निस्तारण करने के दिए निर्देश

पंडरी गांव में मतदान बहिष्कार की जानकारी मिलने के बाद डीएम संजय कुमार सिंह ने रविवार देर शाम अधिकारियों संग बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से गांव जाकर ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुनने के बाद निस्तारण कराने के निर्देश दिए हैं। यदि इस पर ग्रामीण मतदान बहिष्कार पर अड़े रहे तो डीएम और एसपी गांव जाकर ग्रामीणों से वार्ता करेंगे। फिलहाल मामले को लेकर खलबली मची हुई है।

### दूसरे दिन भी पंडरी गांव की दीवारों पर लगे दिखे पोस्टर

पुलिस ने भले ही पंड़री गांव पहुंचकर मतदान बहिष्कार से जुड़े कुछ पोस्टर हटवा दिए हो। मगर मुख्य रास्तों के अलावा अन्य जगहों पर दीवारों पर अभी भी कई जगह पोस्टर लगे हुए है। जिनमें समस्या का समाधान न होने पर मतदान बहिष्कार की चेतावनी दी गई है।

## सांड के हमले में ग्रामीण गंभीर घायल

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मकरंदपुर निवासी बनवारी लाल सोमवार को पूरनपुर से सामान लेकर अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में पिपरिया दुलई गांव के पास मिले छुट्टा सांड ने उन पर पर हमला कर दिया। उनकी चीख सुनकर अन्य ग्रामीण पहुंच गए सांड को लाठी फटकार भगाया। मगर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना मिलने पर पहुंचे परिजन घायल को सीएचसी ले गए। वहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## जिला बदर चढ़ा पुलिस के हत्थे, जेल भेजा

**पूरनपुर।** कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि गांव शेरपुर कलां निवासी गोमांस तस्कर तोता उर्फ अकरम पुत्र टुइयां को 11 दिसंबर 2023 को जिला बदर किया गया था। रविवार रात पुलिस गश्त पर थी। इस दौरान बिजली घर के पास आरोपी को घूमते पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुए। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की गई। सोमवार को कोर्ट के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया।

# सीवीओ ने सौंपी सीडीओ को जांच रिपोर्ट, कार्रवाई का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सीडीओ बोले- बीडीओ, सचिव और प्रधान को नोटिस भेजकर जवाब मांगेंगे, फिर होगा एक्शन
- देवीपुरा गोशाला में तीन गोवंश की मौत का मामला, अभी कार्रवाई तय नहीं कर पाए अधिकारी

**अमृत विचारः** देवीपुरा गोशाला में तीन गोवंश की मौत होने के मामले में चार दिन बाद मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने अपनी जांच रिपोर्ट सीडीओ को भेज दी है। हालांकि अभी अधिकारी सख्त एक्शन लेने के मूड में नहीं हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर बीडीओ मरौरी, सचिव और ग्राम प्रधान को नोटिस भेजने की तैयारी की जा रही है। मामला गोवंश से जुड़ा होने के बाद भी कार्रवाई में देरी से तमाम तरह के सवाल उठ रहे हैं।

28 मार्च को देवीपुरा गोशाला में तीन गोवंशीय पशु मृत मिले थे। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता जब गोशाला पहुंचे तो तस्वीर उजागर हुई थी। इस दौरान मिली एक रसीद बुक पर भी आरोप लगाए गए थे कि पशुओं को दान देने के नाम पर भी घोटाला किया जा रहा है। पहले तो जिम्मेदार मामले को दबाने पर लगे रहे, लेकिन हल्ला मचा तो टीमें भेजकर जानकारी कराई गई थी। मृत मिले पशुओं के शव पोस्टमार्टम कराए बिना ही दफन करा दिए थे। इसके बाद जांच रिपोर्ट तैयार करने में भी काफी समय लगा। सोमवार को मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. अरविंद कुमार ने जांच रिपोर्ट तैयार कर सीडीओ को भेज दी है। जांच में लापरवाही सामने आई है।

> सीवीओ की ओर से मामले की जांच रिपोर्ट प्राप्त हो गई है। लापरवाही निकली है। पूरी जांच रिपोर्ट पढ़ी जाएगी। संबंधित बीडीओ, सचिव , ग्राम प्रधान समेत सभी जिम्मेदारों से जवाब मांगा जाएगा। उसी आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। – **धर्मेंद्र प्रताप सिंह**, सीडीओ

## बरखेड़ा में हुए सड़क हादसे की रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा।** अरसिया बोझ गांव निवासी निवासी कमलेश कुमार ने बताया कि 24 मार्च को वह बाइक से बहन नेहा के साथ बरखेड़ा कस्बा आ रहे थे। गजरौला मार्ग पर गांव भोपतपुर की नहर पुलिया मोड़ के पास उनकी गाड़ी में दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। इसमें भाई-बहन घायल हो गए। पुलिस ने इसकी रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पंकज कॉलोनी में बाहरी लोगों का रात्रि में प्रवेश वर्जित

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** चोरों से परेशान पंकज कॉलोनी वासियों ने सुरक्षा की कमान खुद संभाल ली है। पंचाबी कॉलोनी में रात्रि आठ से सुबह छह बजे तक बाहरी लोगों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया है। इससे संबंधित बैनर कॉलोनी में लगा दिए गए हैं। कॉलोनी वाले टीम बनाकर खुद रात में जागकर पहरा दे रहे हैं।

नगर से सटी पंकज कॉलोनी में लगातार चोरों की दस्तक बनी हुई है। इससे कॉलोनी के लोग दहशत में हैं। 25 मार्च को कॉलोनी नंबर नौ में रहने वाले पुलिस कर्मी बृजेश वर्मा के घर से एक लाख के जेवर और नकदी चोरी हो गई थी। पुलिस अभी तक घटना का खुलासा नहीं कर सकी। इसके बाद से कॉलोनी में चोरी के प्रयास की घटनाएं हो रही है। इससे लोगों का पुलिस पर भरोसा टूट रहा है।

लोग रातभर डंडा लेकर घरों की रखवाली कर रहे हैं। संदिग्धता पर कई बाहरी लोगों से पूछताछ की जा चुकी है। अब गली नंबर नौ और 10 में रात आठ बजे से सुबह छह बजे तक बाहरी लोगों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया है। गलियों में बैनर लगाकर चेतावनी लिख दी गई है। बैनर पर लिखा है- यह आम रास्ता नहीं है। आने जाने के लिए मुख्य मार्ग का प्रयोग करें। रात आठ बजे के बाद आने वाले अनजान व्यक्ति को चोर समझा जाएगा और उसके साथ कोई भी घटना हो सकती है। गलियों में कैमरे भी लगवाए गए हैं।

रिश्तेदारों के आने पर उसे फोन से बुलाकर साथ जाने की हिदायत दी गई है। कस्बा चौकी इंचार्ज प्रद्युमन कुमार ने बताया कि कॉलोनी में लगातार पुलिस गश्त कर रही है। विशेष रूप से दो टीमें लगाई गई हैं।



पंकज कॉलोनी में लगा बैनर।

- चोरों से परेशान कॉलोनी वासियों ने लगाए बैनर, रात में जागकर टोली बनाकर कर रहे घरों की रखवाली

## मादक पदार्थ की बिक्री करने वाली महिलाओं पर गैंगस्टर एक्ट लगा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** मादक पदार्थों की बिक्री करने वाली महिलाओं के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। आरोपी महिलाएं पिछले काफी समय से मादक पदार्थों की बिक्री में संलिप्त थीं। हाल ही में कोतवाली पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

कोतवाल नरेश त्यागी की ओर से दर्ज की गई रिपोर्ट में बताया है कि गैंग लीडर मोहल्ला देशनगर निवासी फातिमा पत्नी अकील शाह ने नौगवां पकड़िया गांव निवासी हाजरा पत्नी गुड्डू के साथ मिलकर गिरोह बना रखा है। ये गैंग काफी समय से मादक पदार्थों की बिक्री में संलिप्त है और मादक पदार्थों की बिक्री करके अपने आर्थिक एवं भौतिक लाभ कमाकर जीवन यापन करता है। जिसे पूर्व में जेल भी भेजा गया था। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने बताया कि दोनों महिला अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में ले जाई जाएंगी ईवीएम और वीवीपैट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों के बनेंगे आईडी कार्ड
- जिला पंचायत राज विभाग से मांगे गए 120 कर्मचारी

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। निर्वाचन कार्यालय के वेयर हाउस में रखी ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम में ले जाया जाएगा। ईवीएम एवं वीवीपैट की सुरक्षा को लेकर भी खाका तैयार किया जा रहा है।

पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर प्रथम चरण में होने वाले मतदान की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अमला तेजी से जुटा हुआ है। निर्वाचन से जुड़ी एक-एक चीज पर अधिकारी पैनी निगाह रखे हुए हैं। लोकसभा सीट पर प्रथम चरण में 19 अप्रैल को मतदान है। प्रशासन द्वारा मंडी समिति परिसर से पोलिंग पार्टियों की रवानगी कराई जाएगी। इसको लेकर मंडी समिति परिसर में विधानसभावार स्ट्रांग रूम बनाए जा रहे हैं। निर्वाचन कार्यालय के वेयर हाउस में रखी ईवीएम और वीवीपैट मशीनें कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में पहुंचाई जाएंगी। इसको लेकर मशीनों को पहुंचाने वाले कर्मचारियों का डाटा तैयार किया जाएगा और उन्हें पहचान पत्र भी जारी किए जाएंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पुनिया ने पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार से विभाग के 120 कर्मचारियों का डाटा उपलब्ध कराने को कहा है। ताकि उन सभी के पहचान पत्र जारी किए जाएंगे। वहीं स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को लेकर भी ईवीएम मैन्युल के अनुसार पुलिस बल मांगा गया है।

### सी-विजिल पर आईं 36 शिकायतें, 32 मिनट में किया समाधान

आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी मामलों पर निर्वाचन आयोग सी-विजिल एप के माध्यम से सीधी नजर रखे हुए है। इस एप के माध्यम से कोई भी नागरिक आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी वीडियो या फोटोग्राफ अपलोड कर सकता है। एप के माध्यम से ली गई वीडियो या फोटोग्राफ की लोकेशन भी स्वतः ही दर्ज हो जाएगी। सी-विजिल एप पर आई शिकायतों को 100 मिनट में निस्तारित होना है। जिला कंट्रोल रूम के मुताबिक आचार संहिता लागू होने के बाद अब तक 36 शिकायतें सी-विजिल एप के माध्यम से प्राप्त हुई है। इन सभी शिकायतों का 100 के स्थान पर मात्र 32 मिनट में ही निस्तारित करा दिया गया।

> निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन संबंधी कार्य संपादित किए जा रहे हैं। ईवीएम व वीवीपैट की सुरक्षा को लेकर भी विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। वहीं सी-विजिल पर आई शिकायतों को 32 मिनट में निस्तारित किया गया है। – **ऋतु पुनिया**, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

## बुधवार को चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

**पूरनपुर।** नगर की सड़कों पर अतिक्रमण होने से आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। दुकानों का सामान बाहर रखा होने से सड़कें संकरी हो गई हैं। स्टेशन रोड, मेन मार्केट के अलावा माधोटांडा रोड पर जाम की दिक्कत अधिक है। घंटों जाम में फंसकर राहगीर परेशान होते हैं। अब नगर पालिका बुधवार को नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाएगी। इसको लेकर सोमवार को मुनादी कराई गई जिसमें दुकानदारों से सामान हटाने की अपील की गई। ईओ केके सोनकर ने बताया कि सड़कों पर रखे सामान को अभियान के दौरान जब्त किया जाएगा।

## पुलिस ने 104 वारंटी किए गिरफ्तार, भेजा जेल

**पीलीभीत।** लोकसभा चुनाव में कोई व्यवधान न पड़े। इसके लिए पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ तेज कर दी है। लाइसेंसी शस्त्र जमा कराने के लिए भी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वारंटियों की धरपकड़ को अभियान चलाया गया। इसमें 104 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। जिन्हें कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है। जिसमें कोतवाली पुलिस ने तीन वारंटी, सुनगढ़ी ने पांच, गजरौला ने 11, जहानाबाद से 12, अमरिया से पांच, न्यूरिया से पांच, बीसलपुर से 10, बरखेड़ा से नौ, बिलसंडा से 10, दियोरिया से तीन, करेली से छह, पूरनपुर से सात, माधोटांडा से पांच, हजारा से चार, सेहरामऊ से पांच और घुंघचाई से चार वारंटियों को गिरफ्तार किया गया था। एएसपी विक्रम दाहिया ने बताया कि कुल 104 वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# पर्चियों में होगा क्यूआर कोड, स्कैन करने पर मिलेगी सारी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- निर्वाचन कार्यालय में पहुंचीं 18 लाख मतदान पर्चियां
- 10 अप्रैल तक बीएलओ घर-घर जाकर बंटेंगे मतदाता पर्ची

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में इस बार मतदाता पर्चियों पर फोटो की जगह क्यूआर कोड रहेगा। इस कोड को स्कैन करने पर मतदान केंद्र संबंधी जानकारी मिल जाएगी। निर्वाचन कार्यालय में 18 लाख मतदाता पर्चियां आ चुकी है। पांचों विधानसभा क्षेत्रों में 10 अप्रैल तक संबंधित बीएलओ के माध्यम से मतदाता पर्चियां घर-घर पहुंचाई जाएगीं।

लोकसभा चुनावों के दौरान अभी तक मतदाताओं को फोटोयुक्त मतदाता पर्ची दी जाती थी। मगर इस लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को फोटो की जगह क्यूआर कोड युक्त मतदाता पर्ची दी जाएगी। इस क्यूआर कोड में ही मतदाता की पूरी जानकारी के अलावा मतदान की तिथि, मतदान का समय, वार्ड नंबर, सीरियल नंबर, मतदान स्थल का नाम, मतदाता पहचान पत्र संख्या, विधानसभा क्षेत्र का नाम सहित समेत अन्य जानकारियां मौजूद होगी। साथ ही मतदाता पर्ची पर गूगल मैप के द्वारा पोलिंग स्टेशन तक पहुंचने की जानकारी भी इस पर्ची में दी जाएगी। इससे पोलिंग बूथ की राह आसान होगी। पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में 18,31,699 मतदाता 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

निवार्चन कार्यालय में सोमवार को 18 लाख मतदाता पर्चियां आ चुकी है। निर्वाचन कार्यालय से एसडीएम के माध्यम से मतदाता पर्चियां विधानसभा क्षेत्रों में भेजी जा रही है। प्रत्येक विधानसभा में 10 अप्रैल तक संबंधित बीएलओ के माध्यम से मतदाता पर्चियां घर-घर पहुंचाई जाएंगी।


निर्वाचन कार्यालय में मतदाता पर्चियां देखतीं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पुनिया।

> लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता पर्चियां उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें मतदाता से संबंधित जानकारी के साथ उनके विधानसभा क्षेत्र, मतदान केंद्र समेत अन्य जानकारियां होगी। मतदाता सूची वितरण की प्रक्रिया जल्द शुरू करा दी जाएगी। –**ऋतु पुनिया**, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा

सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर

डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)

सम्पर्क करें :
9058575790
8077383286

- चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
- बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
- बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
- महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
- बवासीर, फिशर
- मानसिक रोग (डिप्रेशन)
- चेहरे के कील, मुहांसे
- मिर्गी
- माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
- ब्लड प्रेशर, शुगर
- सियाटिका का दर्द
- मानसिक दुर्बलता
- मोटापा
- पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
- साइनस
- टॉसिल का बढ़ जाना
- थायराइड
- जोड़ों का दर्द
- गुप्त रोग

पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय : सोमवार से शनिवार
प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार 12 बजे से 2 बजे तक



ओम शान्ति हॉस्पिटल

डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
- कान का बहना, कम सुनाई देना - चक्कर आना - सिर में दर्द - नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना - नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना - सोते समय खर्राटे आना - आवाज का बैठ जाना - मुंह न खुलना - चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना - खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले - गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः–
- कान के पर्दे में छेद - नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी - गले में टांसिल - मुँह में कैंसर - गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ - लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन - नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी - गले में मांस के कारण बैठी आवाज - आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)
दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)

डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
- दाँतों का डिजिटल X-Ray - दाँतों की नस का इलाज (RCT) - अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) - दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना - फिक्स दाँत (Bridges) - बत्तीसी बनाना (Complete Denture) - बिना दर्द के दाँत निकालना - लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) - हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) - टेढ़े-मेढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) - बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :– - नाक, कान, गला रोग - दन्त रोग - हड्डी व जोड़ रोग - चर्म रोग - जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860


## उच्च प्राथमिक विद्यालय संतोषपुरा में 73 बच्चे पहुंचे



नई किताबें मिलीं तो खिल उठे बच्चों के चेहरे। ● अमृत विचार

**पीलीभीत।** उच्च प्राथमिक विद्यालय संतोषपुरा में विद्यालय के स्टाफ ने छात्र छात्राओं का पहले दिन तिलक लगाकर स्वागत किया। क्वालिटी कोऑर्डिनेटर मंजीत सिंह ने मां शारदे के श्री चरणों में दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की। बच्चों को पुस्तक बांटी गई। संचालन पूर्व माध्यमिक अनुदेशक कल्याण समिति के प्रदेश संगठन मंत्री प्रखर मिश्रा ने किया। सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रधानाध्यापिका संघमित्रा गौतम, गौरव वर्मा, चमन आरा, ममता रानी बच्चों को पुरस्कृत किया। पुरातन बच्चों को विदाई दी गई। बता दें कि स्कूल में 104 बच्चे पंजीकृत हैं। पहले दिन 73 बच्चे उपस्थित रहे।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) - गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) - गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) - पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षणः:- घबराहट - छाती में दर्द या भारीपन - सांस फूलना - पैरों में सूजन - हाई ब्लडप्रेशर - हाई कोलेस्ट्रोल - डाइबिटीज (शुगर) - सीने या पेट में जलन या दर्द - हार्ट अटैक - हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448


# पहले दिन अधिकतर स्कूलों में नहीं बंटीं किताबें, बच्चे पहुंचे कम

## विभाग का दावा निकला हवा हवाई, शत प्रतिशत किताबें बांटने का था आदेश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार परिषदीय विद्यालयों में नवीन शैक्षिक सत्र शुरू होने के साथ ही बच्चों को पुस्तकें उपलब्ध कराने का दावा करती रही, लेकिन हकीकत इसके एकदम उलट है। नए शैक्षिक सत्र में अधिकतर स्कूलों में किताबें अभी तक पहुंची ही नहीं हैं। इस वजह से वहां किताबें बांटने की सिर्फ रस्म अदायगी की गई। वहीं, पहले दिन स्कूलों में बच्चों की उपस्थित नाममात्र रही।

बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों का नवीन शैक्षिक सत्र एक अप्रैल से शुरू हुआ। 30 मार्च को ही अधिकतर स्कूलों में बच्चों के रिपोर्ट कार्ड वितरण कर दिए गए थे। इधर, बेसिक शिक्षा के अफसरों की ओर से नए शैक्षिक सत्र में कई दिन पहले ही कक्षा तीन से आठ तक के बच्चों के हाथ में किताबें पहुंचाने के लिए बीआरसी में किताबों की खेप पहुंचा दी थी। ताकि पहले दिन ही वह नई किताबों से पढ़ाई शुरु कर सके। मगर अधिकतर स्कूलों में ऐसा नहीं हो सका। कक्षा तीन से आठ तक की 15 लाख 81 हजार किताबों का ऑर्डर दिया गया था। जिसमें फर्म की ओर से करीब 13 लाख किताबों की खेप मिल चुकी है। शेष की प्रक्रिया भी चल रही है। पहले दिन सोमवार को अधिकतर स्कूलों में किताबों का वितरण नहीं हुआ। बता दें कि जिले में 1499 परिषदीय और नौ कस्तूरबा गांधी संचालित हैं। जहां करीब पौने दो लाख बच्चे अध्ययनरत हैं। सुबह बच्चे तैयार होकर स्कूल पहुंचे। कई स्कूलों में पहले दिन बच्चों के स्वागत के लिए स्कूल को गुब्बारों से सजाया गया। कहीं तिलक लगाकर उनका अभिवादन किया। जहां कक्षा आठ की पढ़ाई पूरी कर चुके बच्चों को विदाई दी गई। हालांकि पहले दिन स्कूलों में बच्चों की उपस्थित 50 फीसदी भी नहीं रही। आलम यह था कि किसी स्कूल में दस तो किसी में चार बच्चे ही स्कूल पहुंचे। जिन स्कूलों में रिपोर्ट कार्ड वितरण नहीं किए गए थे। वहां रिपोर्ट कार्ड भी बांटे गए। मगर किताबें गायब रही।



शिक्षण सत्र के पहले दिन उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को पढ़ाती शिक्षिका।



स्कूल में नई किताबें मिलीं तो पढ़ाई में जुट गए बच्चे। ● अमृत विचार

### ● कक्षा एक से दो तक की किताबों की नहीं हुई खरीद

शहर के प्राथमिक विद्यालय डालचंद में 120 बच्चे पंजीकृत हैं। जहां पहले दिन मात्र छह बच्चे ही स्कूल पहुंचे। यहां रिपोर्ट कार्ड का वितरण पहले ही कर दिया गया था। मगर स्कूल प्रधानाध्यापक के द्वारा बताया कि अभी बीआरसी से किताबें नहीं मिली है। इसलिए किताबों का वितरण नहीं किया जा सके। मंगलवार को वितरण करने का तर्क दिया गया। इसी तरह उच्च प्राथमिक विद्यालय देशनगर में कुल 80 बच्चे पंजीकृत हैं। जहां पहले दिन सिर्फ 44 बच्चे ही स्कूल पहुंचे। जहां काफी देर से किताबों का वितरण हो सका। इधर, ग्रामीण क्षेत्रों में भी कुछ इस तरह का ही हाल रहा। बिलसंडा ब्लॉक के कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय बिलसंडा में भी किताबों का वितरण नहीं हो सका।

> परिषदीय विद्यालयों में कक्षा तीन से आठ तक के बच्चों को किताबें वितरण की गई है। अगर जिन स्कूलों में किताबें नहीं पहुंची है। उन स्कूलों के प्रधानाध्यापकों से जानकारी की जा रही है। कुछ किताबें आना शेष रह गई हैं। एक से दो दिन में शत प्रतिशत किताबों का वितरण कराया जाएगा।
>
> – अमित कुमार सिंह बीएसए



प्राथमिक विद्यालय देशनगर में बच्चों को बांटी गईं नई किताबें। ● अमृत विचार

## समारोह अयोजित कर वितरित कीं पुस्तकें

**पूरनपुर, अमृत विचारः** परिषदीय स्कूलों में सोमवार को पुस्तकें बांटी गईं। गांव रम्पुरा फकीरे के उच्च प्राथमिक विद्यालय में पुस्तक वितरण समारोह हुआ। इसमें खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने कक्षा छह से आठ तक के बच्चों को पुस्तकें बांटी और मन लगाकर उनको पढ़ने के लिए कहा। यहां प्रधानाध्यपक रईस अहमद, कृष्ण स्वरुप, रजनी सिंह, कृपा नंदन आदि मौजूद रहे। नई बस्ती के प्राथमिक स्कूल में इंचार्ज अध्यापक रोहित मिश्रा ने बच्चों को किताबें बांटीं। हालांकि कुछ स्कूलों में वितरण शत प्रतिशत नहीं हो सका।

## यहां भी वितरित की गईं नई किताबें

**पीलीभीत।** शैक्षिक सत्र के पहले दिन जूनियर हाई स्कूल टाह पौटा, कुंवरपुर, में खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मौर्य ने स्कूली बच्चों को किताबें अपने हाथों से दी और कहा सभी बच्चे मेहनत से पढ़ें तभी आगे बढ़ पाएंगे। इस दौरान प्रधान अध्यापक अजय कुमार सहित सभी शिक्षक स्टाफ और विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य अध्यक्ष उपाध्यक्ष मौजूद रहे। राष्ट्रीय आविष्कार योजना के तहत जिले में टॉप करने वाली छात्रा अनामिका को कुंवरपुर के स्कूल में एक बार फिर सम्मानित किया गया। खरोसा गांव के जूनियर हाई स्कूल में प्रधानाध्यापक अन्नपूर्णा विश्वकर्मा ने स्कूली बच्चों को पाठ्य पुस्तकें वितरण दी। इसके अलावा कल्याणपुर नौगवां में प्रधानाध्यापक सीता मिश्रा, भूड़ गोटिया में प्रधान अध्यापक अरुण शर्मा, भूड़ा संरैदा मुस्तकिल में प्रधानाध्यापक पुष्पा मिश्रा ने बच्चों को नि :शुल्क पाठ्य पुस्तकें बांटी गई।

## बरखेड़ा ब्लॉक में 15 हजार बच्चों को मिलीं पुस्तकें

बरखेड़ा। नवीन सत्र के पहले दिन बेसिक स्कूलों में 15 हजार स्कूली बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गई। खंड शिक्षा अधिकारी बरखेड़ा अजय कुमार ने गांव गाजीपुर कुंडा के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र व छात्राओं को पुस्तकें बांटी। उन्होंने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र में 136 प्राथमिक व 47 जूनियर स्कूल ( उच्च प्राथमिक) एवं एक कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय संचालित हैं। इनमें करीब 22500 बच्चे पंजीकृत हैं। कक्षा एक व दो को छोड़कर बाकी कक्षा तीन, चार, पाच, छह, सात व आठ के छात्र – छात्राओं के लिए एक अप्रैल से शुरू होने वाले नवीन सत्र से पूर्व ही निशुल्क वितरित होने वाली पाठ्य पुस्तकें आ गई थी। पहले दिन 15 हजार बच्चों को पुस्तकें बांटी गई है।

## नए सत्र के पहले दिन स्कूल में बच्चों ने खूब की मस्ती



**पीलीभीत।** स्प्रिंगडेल कॉलेज में सोमवार को नए सत्र के पहले दिन बच्चों ने जमकर मस्ती की। विद्यालय को रंग बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया। को-ऑडिनेटर उपमा सक्सेना व अन्य कक्षा अध्यापिकाओं ने बच्चों को क्राउन पहनाकर बिस्कुट व टॉफी देकर स्वागत किया। बच्चों ने डांस किया। कक्षा पांच से आठ के विद्यार्थियों का स्वागत करने के लिए एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम रखा गया। जिसमें बहुत सी फन एक्टिविटी करवाई गई। एटलस अन्ताक्षरी, अप एंड डाउन, वर्ग पहेली आदि रचनात्मकता व एकाग्रता बढ़ाने वाले खेल खिलवाए। बच्चों ने सिंगिंग, डांसिंग में भाग लेकर मस्ती की।

## 97 प्रतिशत अंक पाकर ग्रेसी शर्मा ने किया स्कूल टॉप



**पीलीभीत।** कस्बा गजरौला में इमेजिन इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को परीक्षा फल वितरित किया गया। कक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले बच्चों को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया। कक्षा आठ की छात्रा ग्रेसी शर्मा ने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें 97 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। प्रबंधन ने छात्रा को शील्ड व मेडल देकर पुरस्कृत किया। विदाई समारोह आयोजित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर प्रबंधक विम्मी सभरवाल, शिक्षक प्रशांत तिवारी आदि मौजूद रहे।

## दियोरियाकला में स्कूल चलो रैली निकाली




जागरूकता रैली निकालते बच्चे।

**दियोरियाकला, अमृत विचारः** प्राथमिक विद्यालय अकोड़ा नौगमियां में अभिभावकों में बच्चों के प्रवेश को लेकर जागरूकता लाने के लिए स्कूल चलो जागरुकता रैली सोमवार को निकाली गई। जिसकी अगुवाई इंचार्ज अध्यापिका जसोदा देवी, सहायक अध्यापक धनंजय कुमार, शिक्षा मित्र मुनेंद्र कुमार ने की। विद्यालय से शुरू होकर रैली विभिन्न गलियों में घूमी। घर-घर जाकर बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की गई। आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे, हर घर में दीप जलाना है , बच्चों को स्कूल में पढ़ाना.. का संदेश दिया। स्लोगन लिखे पोस्टर हाथ में लेकर बच्चे चल रहे थे। बैंड बाजे के साथ रैली निकाली गई। अंत में विद्यार्थियों को पुस्तक का वितरण किया गया।

रमज़ान मुबारक
बाईसवां रोज़ा इफ्तार 02 अप्रैल 2024
सुन्नी - 06:27 बजे
शिया - 06:37 बजे
तेईसवां रोज़ा सहरी 03 अप्रैल 2024
सुन्नी - 04:21 बजे
शिया - 04:24 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में सेकंडवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
वारिस अली अंसारी
समाजसेवी, सदस्य जिला पंचायत
पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद
निवास : गोला गोकर्णनाथ जनपद लखीमपुर खीरी



### एंटी रोमियो टीम ने भेजा चालान

**गोला गोकर्णनाथ।** मोहल्ला तीर्थ में अश्लील हरकतें करने पर एंटी रोमियो दल की आरक्षियों ने एक युवक को दबोच लिया जबकि उसके दो साथी भाग गए थे। पुलिस ने पूछताछ के बाद मोहल्ला तीर्थ निवासी अनन्य अवस्थी को महिलाओं और युवतियों को देखकर अश्लील गाना गाने के मामले में चालान भेज दिया है।

## साहित्यिक पुस्तकें अच्छे-बुरे का ज्ञान कराने के साथ बच्चों का स्वस्थ मनोरंजन भी करती हैं

# बाल साहित्य से दूर होते जा रहे बच्चे, मोबाइल में गुम हो रहा बचपन

अंतरराष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** बाल साहित्य बच्चों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका उद्देश्य उनका मनोरंजन करना नहीं, बल्कि जीवन की सच्चाईयों से अवगत कराना है। बाल साहित्य ज्ञान, जानकारी व मनोरंजन का मूल्यवान स्रोत है। साथ ही स्वाध्याय की आदत विकसित होती है। मगर, इंटरनेट ने नौनिहालों के हाथ से बाल साहित्य छीनकर मोबाइल थमा दिया है, जो बच्चों के बौद्धिक विकास में बाधक बनकर बीमारियों का भी कारण बन रहा है।

जिला अस्पताल के मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला ने बताया कि एक दशक पूर्व पंचतंत्र जैसी तमाम पुस्तकों में सच्चाई, साहस, बलिदान व परिश्रम जैसे जीवन मूल्यों का समावेश होता था। मगर, वर्तमान में मोबाइल और कंप्यूटर के दौर में बच्चों से किताबों का साथ छूट गया है। इसकी बड़ी वजह एकल परिवार हैं। माता-पिता अपनी लाइफ में बिजी हैं। बच्चे भी दादा-दादी, नाना-नानी, ताऊ एवं बुआ-मौसी के रिश्तों से दूर हैं। बच्चे ज्यादा तंग न करें, इसलिए माता-पिता मोबाइल पकड़ा देते हैं।

इससे बच्चों में मोबाइल की लत लग गई है। ओपीडी में तमाम अभिभावक आते हैं जो बताते हैं कि मोबाइल ले लेने पर न तो बच्चा दूध पीता है और न ही खाना खाता है। मोबाइल पर हिंसक गेम्स खेलने के साथ रील बना रहे हैं। मोबाइल छोटी उम्र में ही बाहरी चकाचौंध से बांध रहा है। इससे बच्चों में लगाव व चीजों को मन-मस्तिष्क में बैठाने की क्षमता खतम हो रही है। जबकि ज्ञानवर्धक कहानियां बच्चों के मन में बस जाती थीं। नाना नानी व दादा दादी परियों, राजा रानी की कहानी सुनाकर बच्चों को अच्छे-बुरे का फर्क समझाते थे, जिससे बच्चों का जीवन उज्ज्वल होता था।





बुक स्टाल पर सजीं पुस्तकें। • अमृत विचार

| किताबों से दूरी के मुख्य कारण |
|---|
| ● मोबाइल। |
| ● इंटरनेट पर सर्च की आदत। |
| ● ऑनलाइन गेम्स। |
| ● घरों में पत्र-पत्रिकाओं का न आना। |

### इंटरनेट पर मौजूद है ज्ञानवर्धक साहित्य

समाजशास्त्र प्रवक्ता निशी सिंह बताती हैं कि इंटरनेट पर प्यासे कौवे की कहानी, लालची भेड़िया, खरगोश और कछुआ, खट्टे अंगूर, दो दोस्त और भालू, चतुर नाई, जैसे को तैसा, आलसी गधा, इच्छापूर्ति, चंपक आदि का बाल साहित्य इंटरनेट पर उपलब्ध है। बच्चों को इन्हें जरूर पढ़ाएं। इससे बच्चों की बौद्धिक क्षमता का विकास होने के साथ ज्ञान बढ़ेगा।

### माता-पिता नहीं करते प्रेरित




मुरादपुर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के हिंदी प्रवक्ता एवं साहित्यकार सुरेश सौरभ बताते हैं एक दशक पहले तक बच्चों के लिए मनोरंजन का साधन सिर्फ बाल साहित्य ही होता था। अब मोबाइल के बढ़ते चलन ने बच्चों में पुस्तकों की रुचि ही कम कर दी। अभिभावक भी बच्चों को साहित्यिक पुस्तक पढ़ने के लिए प्रेरित न करके मोबाइल देकर खुश रखने को प्राथमिकता देते हैं। यह जानते हुए भी मोबाइल उनकी सेहत के लिए घातक है।

### ज्ञान किताबों में है, मोबाइल में नहीं



पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य योगेंद्र सिंह ने बताया कि माता-पिता बच्चों के लिए बाल साहित्य की किताबें खरीदें और उन्हें पढ़कर सुनाएं। इसके बाद फिर उनसे सुनें। बच्चों को किताब पढ़ने की आदत डालें। इससे शब्दों का उच्चारण करना आएगा। ज्ञान किताबों में है न कि मोबाइल और टेलीविजन में।

### कभी कभार ही बिकती हैं साहित्यिक पुस्तकें



बुक स्टॉल संचालक विकास अवस्थी बताते हैं कि एक दशक पहले चंपक, नंदन, नन्हें सम्राट, चंदामामा, लोटपोट, अक्कड बक्कड आदि खूब बिकती थीं। स्थिति यह थी कि पहले एक दिन में सौ पुस्तकें तक बिकती थीं। मगर, आज दो-चार दिन में एक किताब बिकना मुश्किल है। मांग कम होने के कारण कई पुस्तकें आनी ही बंद हो गई।

### दीर्घकालिक तनाव दे रहा मोबाइल



जिला अस्पताल की नैदानिक मनोवैज्ञानिक स्तुति कक्कड़ बताती हैं कि स्मार्टफ़ोन व इंटरनेट का अधिक उपयोग मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। इससे बच्चों में भावनात्मक अस्थिरता, दीर्घकालिक तनाव और अवसाद पनपता है। जबकि कहानियां सुनने से बच्चों की बौद्धिक क्षमता बढ़ने के साथ उनमें आत्मीयता व लगाव पैदा होता है।

# स्कूल चलो अभियान से शैक्षिक सत्र का आगाज, बच्चों का किया स्वागत

## रैली निकालकर नौनिहालों को नियमित स्कूल भेजने के लिए किया गया प्रेरित, बीएसए ने अभिभावकों को किया जागरूक

कार्यालय संवददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** नया शैक्षिक सत्र सोमवार से शुरू हो गया। बीएसए ने स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकालकर अभिभावकों को नौनिहालों को स्कूल भेजने के लिए जागरूक किया। उधर, पहले दिन स्कूलों में बच्चों की संख्या बेहद कम रही। वहीं निजी स्कूलों में पहले दिन की शुरूआत धार्मिक अनुष्ठान से हुई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज में रामायण पाठ हुआ। वहीं सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं को तिलक कर स्वागत हुआ।

परिषदीय स्कूलों में शत प्रतिशत नामांकन कराने के लिए संविलियन विद्यालय लखीमपुर देहात में बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत रैली रवाना की। उन्होंने स्कूल आने वाले बच्चों को टीका लगाकर किताबें वितरित की। अभिभावकों से मिलकर बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने रैली में स्लोगन आधी रोटी खाएंगे- स्कूल पढ़ने जाएंगे, कोई न छूटे अबकी बार-शिक्षा है सबका अधिकार, हिन्दू मुस्लिम सिख इसाई-सभी मिलकर करें पढ़ाई की तख्ती लिए ग्रामीणों को अपने बच्चों का नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया। बीएसए ने अभिभावकों से कहा कि शिक्षक समाज का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। शिक्षक ठान ले तो न सिर्फ शत्-प्रतिशत नामांकन होगा, बल्कि देश के भावी कर्णधारों की नींव भी मजबूत होगी। शिक्षक अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें। अभिभावक भी बच्चों को नियमित स्कूल भेजें। इस दौरान स्कूल चलो अभियान के प्रभारी व जिला समन्वयक पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, प्रधानाध्यापिका दीपा गुप्ता, पूर्णिमा मिश्रा व बच्चे और अभिभावक मौजूद रहे।





प्राथमिक विद्यालय सुआगाड़ा में स्कूल चलो अभियान रैली निकालते बच्चे व शिक्षक। • अमृत विचार

• बच्चों ने जागरूकता आधी रैली में रोटी खाएंगे- स्कूल पढ़ने जाएंगे व अन्य नारे लगाए

### बच्चों के विद्यारंभ पर पुस्तकों की किट वितरण

बीएसए ने प्रवेश के लिए आए बच्चों का टीका कर स्वागत किया और माता पिता को छह से 14 साल तक के बच्चों को नि :शुल्क शिक्षा देने के लिए आवश्यक सुविधाएं दिए जाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्कूल आने वाले बच्चों को पुस्तकें, स्कूल बैग, जूता मोजा, ड्रेस व भोजन नि :शुल्क मिलता है। स्कूलों में बेहतर फर्नीचर व डिजिटल युक्त स्मार्ट क्लासेज हैं। बीएसए ने बच्चों को नवीन पाठ्य पुस्तकें वितरित की।



सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज में छात्रा का तिलक कर स्वागत करती शिक्षिका।

### छात्रों का तिलक कर हुआ स्वागत

नवीन शैक्षिक सत्र के पहले दिन सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज में रंगोली सजाकर छात्राओं का स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई ने बताया कि पहले दिन छात्राओं को तिलक कर स्वागत करने के साथ उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

### पहले दिन बच्चों के माथे पर लगाया तिलक

**पलिया कलां।** शिक्षण सत्र के पहले दिन मरुआ पश्चिम सहित कुछ विद्यालयों में पहुंचे छात्रों का रोचना-तिलक कर स्वागत किया गया। थारू क्षेत्र के गोबरौला प्राथमिक विद्यालय सहित अधिकांश विद्यालयों में आज रिजल्ट कार्ड का वितरण हुआ। बच्चे रसोइयों द्वारा तैयार किए गए मिड डे मील का स्वाद चखकर घरों को वापस हुए। इधर अभी तक सभी विषयों की पुस्तकें विद्यालयों में नहीं पहुंच सकी हैं। बीईओ पलिया रमन सिंह ने बताया कि छात्रों में वितरित होने वाली सभी विषयों की पुस्तकें अभी तक उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। आज दो विद्यालयों की पुस्तकें दी गई हैं। उन्होंने क्षेत्र के सभी विद्यालयों में मिड डे मील बनने का भी दावा किया है।



प्रथम दिन तिलक लगाकर बच्चों का प्रवेश कराती शिक्षिका। • अमृत विचार



श्रीरामचरित मानस का पाठ करता स्टाफ। • अमृत विचार

### पंडित दीनदयाल इंटर कॉलेज में रामायण पाठ से सत्र शुरू

पंडित दीनदयाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य योगेंद्र सिंह ने बताया कि नए सत्र का आगाज श्रीरामचरित मानस पाठ से हुआ। इसका समापन मंगलवार को होगा। उन्होंने बताया कि पहले दिन कॉलेज में छात्रों की उपस्थित 60 प्रतिशत से अधिक रही।

## 48 उड़नदस्ता टीमें सकुशल संपन्न कराएंगी चुनाव

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव सकुशल, शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष कराने के लिए इस बार 24 नहीं बल्कि 48 उड़नदस्ता टीमें तैनात रहेगीं। डीएम ने 24 नई उड़नदस्ता टीमों बनाकर फील्ड में उतार दिया है। इन सभी को सोमवार को बारीकियों का प्रशिक्षण दिया गया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि नव गठित 24 उड़नदस्ता टीमों का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इसमें सकुशल चुनाव संपन्न कराने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। इसमें विभिन्न एप, ईएसएमएस, सीविजिल ऐप चलाना बताया गया। सीडीओ अनिल कुमार सिंह और उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम संजय कुमार सिंह ने टीमों को जिम्मेदारियों का निर्वहन सजगता, सतर्कता व विवेकपूर्ण तरीके से करें। वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय ने चुनाव से संबंधित एमसीसी व नगदी शराब आदि से संबंधित विभिन्न फॉर्मेट पर अंकित करने बताया। साथ ही चुनाव के दौरान वर्जित संदेहास्पद सामग्री पकड़ने और उसे सीज करने की प्रक्रिया बताई।

### गुरप्रीत सिंह सपा के प्रदेश सचिव बने



**पलिया कलां।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर पलिया के वरिष्ठ सपा नेता व पूर्व ब्लाक प्रमुख गुरप्रीत सिंह जार्जी को प्रदेश सचिव नामित किया है। इससे सपाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई। पूर्व एमएलसी शशांक यादव आदि ने उन्हें बधाई दी है।

# नजूल भूमि पर बनाई दुकान पालिका प्रशासन ने गिरवाई

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** सब्जी मंडी के मछली बाजार के निकट बन रही दो दुकानों को नगर पालिका प्रशासन ने गिरवा दिया है। यह दुकानें मौखिक परमीशन पर दुकानदार स्वयं बनवा रहे थे। जिस जमीन पर इनका निर्माण हो रहा है, वह नजूल भूमि बताई जाती है। वहीं निर्माण कराने वाले दुकानदार ने बताया कि सभासद के कहने पर दुकान बनवा रहे थे।

सोमवार को मछली मंडी पहुंचे नगर पालिका के जेई अमरदीप मौर्य एवं सर्वेयर अमित सोनी की मौजूदगी में निर्माणाधीन दो दुकानों को जमींदोज कर दिया गय। इनका निर्माण दो दिन पहले शुरू हुआ था। मछली मंडी के निकट सब्जी विक्रेता जाबिर ने बताया कि सभासद के कहने पर दुकान का निर्माण करवा रहे थे। रविवार को तहसील प्रशासन के लोगों ने आकर काम रुकवा दिया और सोमवार को पालिका के लोगों ने आकर दुकान गिरवा दी।



मछली मंडी के निकट नजूल भूमि पर बनी दुकानों को गिराता श्रमिक।

> सब्जी मंडी के निकट नजूल भूमि पर अवैध रूप से दो दुकानों का निर्माण हो रहा था। इसलिए इन दोनों दुकानों को गिरवा दिया गया है। – **संजय कुमार**, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका लखीमपुर

## कागजात न दिखा पाने पर ग्लोबल हास्पिटल सील

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** शनिवार को इलाज के दौरान महिला की मौत के मामले में कागजात उपलब्ध न करा पाने पर ग्लोबल हॉस्पिटल को सील कर दिया गया है।

हैदराबाद के ग्राम कोटवारा निवासी आजाद की पत्नी रेशमा (45) की तबियत शुक्रवार को खराब हुई थी। आजाद का बेटा सज्जाद मां को ग्लोबल अस्पताल लेकर गया था। सज्जाद का आरोप है कि डॉक्टर ने उसकी मां को गलत इंजेक्शन लगा दिया जिससे मौत हो गई थी। सज्जाद ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। सोमवार को सीएचसी की टीमने अस्पताल को सील कर दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ गणेश कुमार ने बताया कि अस्पताल का स्टाफ उनकी टीम को कोई कागजात नहीं दिखा पाया। जिस कारण अस्पताल को सील कर दिया गया है।

# काली पट्टी बांधकर शिक्षक कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करते शिक्षक व कर्मचारी। • अमृत विचार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** जिले के शिक्षकों व कर्मचारियों ने सोमवार को कार्यस्थल पर कालीपट्टी बांधकर न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) का विरोध किया।

जिला संयोजक विश्वनाथ मौर्य ने बताया कि सूबे में एक अप्रैल 2005 से एनपीएस लागू कर पुरानी पेंशन व्यवस्था खत्म कर दी गई1 अटेवा हर साल एक अप्रैल को प्रदर्शन कर पुरानी पेंशन की मांग करता है। प्रदेश संगठन मंत्री ने बताया कि नई पेंशन व्यवस्था बाजार आधारित है। इसमें पेंशन की कोई गारंटी नहीं है।सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को 700,1000,2000 रुपये पेंशन मिल रही है। इतने में घर का खर्च चलाना मुश्किल है, इसलिए लोकसभा चुनाव में जो पेंशन की बात करेगा, वही देश पर राज करेगा का नारा दिया जाएगा। महामंत्री मनोज वर्मा, राजेश पाण्डेय, सुरेन्द्र मौर्य, फरमान अली खान, सतीश वर्मा, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. अनिल वर्मा, डॉ. कमल मौर्य, विकास भवन से सीताराम मौर्या आदि मौजूद रहे।

### गौरव बने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष

**लखीमपुर खीरी।** शहर निवासी गौरव गुप्ता को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष व आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। इसको लेकर सोमवार को देवकली रोड पर बैठक हुई, जिसमें व्यापारियों ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत किया गया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज मिश्रा, प्रदेश मंत्री सुनील गुप्ता, विजय कुमार शुक्ला, रितेश मित्तल, संदीप मिश्रा, प्रांजल शुक्ला, शिवम सहगल, अनिकेत अवस्थी, सोमिल गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद रहे।

फ्री डेन्टल इलाज
स्थान:- डेन्टल कॉलेज
पीलीभीत वाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर चौराह के पास विचपुरी मोड
(रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज कैम्पस)
प्रस्तुत करता है
स्वच्छ दंत अभियान
एक और कदम स्वच्छता की ओर
दिनांक :- 02 अप्रैल 2024 से प्रारम्भ
06 अप्रैल 2024 को समापन
सुविधाऐं
★ मुफ्त परामर्श, ★ मुफ्त रजिस्ट्रेशन
★ मुफ्त दातों की सफाई
★ मुफ्त दातों का निकालना
अन्य इलाज सस्ते दरों पर
नोट - बच्चों के दाँतो के इलाज की सभी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध है।

Bareilly International University
Dental College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
REQUIREMENT
Accountant (04)
Fresher may apply.
Qualification - B. Com, M. Com, CA trainee
CA drop candidate, CA intermediate.
Basic knowledge of Accounting
software is must.
Contact Number/WhatsApp - 9568131000

# आरएम पहुंचे रोडवेज बस अड्डा, किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** परिवहन निगम हरदोई रीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक एमएल केसरवानी सोमवार सुबह रोडवेज बस अड्डा पहुंचे। उन्होंने सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के निर्देश दिए। एमएसटी बनने के बाबत जानकारी ली। सीतापुर डिपो की अनुबंधित बस के चालक को ड्रेस में न देखकर फटकार लगाई।

क्षेत्रीय प्रबंधक ने बाईपास से बस संचालन होने पर एआरएम मुकेश मेहरोत्रा को अंकुश लगाने के निर्देश दिए। साथ ही रात में शाहजहांपुर के लिए बस मुहैया कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान अनुबंधित वाहन स्वामियों ने आरएम से मिलकर कहा कि डग्गामार बसों पर अंकुश न लगा तो अपनी बसों का संचालन बंद करने को मजबूर होगें। शाखा अध्यक्ष श्रवण गुप्ता, रितेश श्रीवास्तव, बैजनाथ, गुल्लू राणा, प्रदीप् पटेल, केसी मिश्रा, प्रखर,अमन, मुदित मिश्रा, सफिरुदीन, शैलंद्र शर्मा, राजेश गुप्ता आदि वाहन स्वामी मौजूद रहे।



एमएसटी के बारे में जानकारी करते आरएम एमएल केसरवानी। • अमृत विचार

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज

डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना
35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202

## पूर्णागिरि धाम के लिए गोला डिपो से चल रहीं दस बसें

**गोला गोकर्णनाथ।** मां पूर्णागिरि के दर्शन को जाने वाले भक्तों के लिए गोला डिपोने 10 बसों का संचालन शुरू किया है। एआरएम महेश चंद्र कमल ने बताया कि हर वर्ष होली के बाद मां पूर्णागिरि धाम का मेला शुरू होता है, जो तीन माह तक चलता है। भक्तों को मां पूर्णागिरि का दर्शन कराने के लिए 10 बसे चलाई गई हैं। इनका संचालन प्रात : सात, आठ, नौ और 10 बजे होग। नवरात्र में श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए बसों की संख्या बढ़ा दी जाएगी।

डॉ. अमन रस्तोगी
BAMS, MD
Consultant Physician

● शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात ● पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है। ● पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ ● घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार। ● सफेद दाग का गारंटिड इलाज। ● पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।
लाईफ लाइन क्लीनिक
कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली मो. 6398965384

गुप्त रोगी मिलें
डा. मौर्य
जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन
बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओबस्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आँपरेशन

दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।
लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी )
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन
हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था
*एंट्री लेवल

# ड्रोन से हो रही नेपाल सीमा की निगरानी, एसपी ने देखी सुरक्षा

### एपीएफ के साथ गौरीफंटा चेक पोस्ट पर की चेकिंग


भारत-नेपाल सीमा पर गस्त करते एसपी गणेश प्रसाद साहा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- एसपी ने एसएसबी, आबकारी विभाग व पुलिस के साथ सीमा पर की पैदल गश्त

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई हैं। सुरक्षा एजेंसियां ड्रोन के जरिए भी सीमा पर होने वाली हर गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं। सोमवार को एसपी गणेश प्रसाद साहा ने भारत-नेपाल सीमा का निरीक्षण किया। नेपाल की एपीएफ (पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ गौरीफंटा चेक पोस्ट पर संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया। पैदल गश्त कर सीमा पर लगाए गए बैरियरों का निरीक्षण कर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

सोमवार को एसपी गणेश प्रसाद साहा भारत-नेपाल सीमा पर स्थित गौरीफंटा बॉर्डर पहुंचे। उन्होंने सीमा पर पुलिस बल, एसएसबी और आबकारी विभाग की टीम के साथ संयुक्त पैदल गस्त की। मोहाना नदी पर दोनों देशों के बीच आने-जाने के लिए बने घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान संदिग्ध लोगों की चेकिंग भी कराई। इसके साथ ही ड्रोन कैमरे से निगरानी कराकर सीमा की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गौरीफंटा चेक पोस्ट पर नेपाल राष्ट्र की पैरा मिलिट्री फोर्स (एपीएफ) के अधिकारियों के साथ संयुक्त चेकिंग की गई। लोकसभा चुनाव को लेकर नेपाल से आने वाले रास्तों पर नेपाल पुलिस व नेपाल एपीएफ द्वारा लगाए गए बैरियर, चेकपोस्ट के संबंध में जानकारी ली।

थाना गौरीफंटा में स्थापित डिगनिया पुलिस बैरियर, गौरीफंटा बैरियर व सूडा बैरियर का निरीक्षण कर चेकिंग करने के साथ ही जरूरी निर्देश भी दिए। सीओ यादवेन्द्र यादव भी उनके साथ मौजूद रहे। एसपी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर भारत-नेपाल बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखने और अवांछनीय गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सीमा की निगरानी बढ़ा दी गई है।

## रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज में परीक्षाफल का वितरण



**गोला गोकर्णनाथ।** शहाबुद्दीनपुर स्थित रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज में समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षाफल वितरित किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त एसीएमओ डा रवींद्र वर्मा, विशिष्ट अतिथि आरएम ज्ञानदायिनी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सचिन शुक्ला, प्रबंधक संजय वर्मा, प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर पुष्पार्चन किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यार्थी जीवन ही सर्वश्रेष्ठ जीवन है, जो फिर दोबारा नहीं मिलता। संचालक ने एपीजे अब्दुल कलाम की कविता सुनाते हुए कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो जितना पियेगा वह उतना दहाड़ेगा। परिश्रम से सब कुछ हासिल किया जा सकता है। कार्यक्रम में अनिल शुक्ला, सत्येंद्र कुमार, भूपेन्द्र कुमार, अभिषेक यादव, नियामत अली, नृपेन्द्र कुमार, श्यामकिशोर, कमल, सुशील, विपिन, योगेश, अवनीश, सरिता, निधी, आदि मौजूद रहे।

## आत्मिक जागरूकता के लिए जरूरी है जप, तप और ध्यान

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज मैदान पर सोमवार को खुशियों का उपहार कार्यक्रम हुआ। इस आत्मिक पुनर्जागरण कार्यक्रम का आयोजन प्रजापिता ब्रह्मकुमारी की ओर से हुआ। मुख्य वक्ता माउंट आबू से आयी बीके शीलू रहीं। उन्होंने आध्यात्म से मानव के रिश्ते को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आत्मिक जागरूकता के लिए जप, तप और ध्यान को जरूरी बताया। कार्यक्रम में राजयोगिनी नीलम सहित पूर्व पालिकाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश बाजपेयी, ज्ञान स्वरूप शुक्ला ज्ञानू महाराज, एडवोकेट मनीष तिवारी, बीके मंजू, बीके सुधा, बीके गुड़िया, बीके पूजा आदि मौजूद रहीं।

## श्रीकुल आश्रम के आचार्यों ने नेपाल में कराया यज्ञ

**पलिया कलां, अमृत विचार :** आध्यात्मिक श्रीकुल सेवा आश्रम पलिया के आचार्यों ने नेपाल में स्थित घुइयां घाट, धनगढ़ी में श्री महालक्ष्मी यज्ञ एवं ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन सोमवार से किया है। पहले दिन विविध वैदिक मंत्रों के साथ ध्वज स्थापन हुई और बड़ी संख्या में नेपाली महिलाओं व पुरुषों ने मोहाना नदी से जल भरा। कलश यात्रा में आश्रम के संस्थापक आचार्य गोविंद माधव मिश्र सहित पंडित अतुलेंद्र शास्त्री, पंडित राजेंद्र शुक्ला, पंडित राजू मिश्रा, पंडित सोमेश माधव मिश्र सहित प्रमुख यजमान गिरिराज राना आदि मौजूद रहे।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक
डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 31 मार्च 2024, रविवार
21 अप्रैल 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# किराये को लेकर भड़के आपरेटर्स, बसें न देने का ऐलान

## जिलाधिकारी से मिलकर कहा, छह हजार रुपये दिया जाए भाड़ा नहीं तो लोकसभा चुनाव के लिए नहीं भेजेंगे बसें

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में वाहनों की दरों को लेकर निजी बस मालिकों ने विरोध जताया है। डिस्ट्रिक्ट बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मनमीत सिंह राना की अगुआई में सोमवार को बस मालिकों ने डीएम से मिलकर किराए की दरों को लेकर आपत्ति जताई । कहा कि जब परिवहन निगम की बस को 16 हजार 160 रुपये निर्धारित किया गया है और इनोवा कार का किराया 2150 रुपये प्रतिदिन है तो प्राइवेट बस का किराया 1793 रुपये निर्धारित कर भेदभाव क्यों किया जा रहा है।

उन्होंने ऐसी स्थिति में चुनाव में बसें न देने का एलान करते हुए प्राइवेट बस का किराया प्रतिदिन छह हजार रुपये करने की मांग उठाई है। करीब 24 बस ऑपरेटर्स जिलाध्यक्ष मनमीत सिंह राना व सचिव इंद्रजीत सिंह गिल की अगुआई में सोमवार को डीएम और एएसपी पूर्वी पवन गौतम से मिले। बताया कि 2017 के विधानसभा चुनाव में बसों का भाड़ा 1482 रुपये था। लोकसभा चुनाव 2019 में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर 1630 और 2022 विधानसभा चुनाव में 1793 रुपये भुगतान हुआ। जबकि परिवहन निगम की बसों को चार सौ किमी संचालन पर डीजल मिलाकर करीब 27 हजार रुपये का भुगतान किया गया था। 400 किमी से अधिक संचालन पर करीब सात हजार रुपये अतिरिक्त का भुगतान किया जाता है। बिहार व मध्य प्रदेश में बड़ी बसों को यहां से अधिक भाड़ा दिया जाता है। इसी तरह इनोवा सहित कारों का भाड़ा उनसे ज्यादा है। निजी बस संचालकों के साथ भेदभाव किया जा रहा है।


डीएम महेंद्र बहादुर को पत्र देते बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मनमीत सिंह राना।

- बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने डीएम-एएसपी को सौंपा पत्र
- निगम की बस का किराया 16,160 प्राइवेट को सिर्फ 1793 रुपये

### बड़ी बस पर प्रतिदिन खर्च होते हैं छह हजार

पत्र में बताया कि ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट पर एक बड़ी बस के संचालन में प्रतिदिन छह हजार रुपये से अधिक का खर्च आता है। साधारण बस 5250 व अंतरराज्यीय परमिट पर 5500 रुपये खर्च होते हैं। साधारण बस में चालक व क्लीनर के 1500 रुपये, बीमा 250 रुपये, टैक्स 250, मरम्मत 1250 और दो हजार रुपये की बचत मिलाकर 5250 रुपये होता है। इसको देखते हुए आगामी लोकसभा चुनाव की यातायात प्रबंधन में बसों के भाड़े के तौर पर छह हजार रुपये व डीजल-ईंधन निर्धारित किए जाने की मांग की है। साथ ही कहा है कि छह हजार रुपये भाड़ा नहीं दिया तो चुनाव में वह अपनी बसें नहीं भेजेंगे।

### निर्वाचन आयोग पर भाड़ा बकाया

जिला बस ऑपरेटर्स यूनियन के अध्यक्ष मनमीत सिंह राना ने बताया कि पूर्व के चुनावों में भेजी गई बसों का भाड़ा भी बकाया है। कई पत्र भेजे गए, लेकिन भुगतान नहीं हुआ। बताया कि वर्ष 2000 से 2003 व बाद में हुए चुनाव में भेजी गई बसों के भाड़े के करीब 40 से 50 लाख रुपये बकाया है।

### डीएम ने कहा मांग उच्चाधिकारियों तक पहुंचाएंगे

बस ऑपरेटर्स की समस्याओं को सुनते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी समस्या को उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। साथ ही दरों के संशोधन के लिए अपनी आख्या भेजने के लिए भी आश्वस्त किया।

### डग्गामार बसों पर रोक लगाने की मांग

**लखीमपुर खीरी।** डिस्ट्रिक्ट बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने हरियाणा, उत्तराखंड और बिहार से आ रहीं डग्गामार बसों के अवैध संचालन पर भी रोक लगाने की मांग की भी डीएम से मांग की है। डीएम को सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि डग्गामार ई-रिक्शा, टाटा मैजिक, मार्सल, अवैध संचालित स्कूल वाहनों को अविलंब बंद कराया जाए। ज्ञापन में बताया कि जिले के विभिन्न मार्गों पलिया, ऐरा-खजुरिया मार्ग, लखीमपुर-खजुरिया वाया भीरा मार्ग, लखीमपुर-दुधवा वाया भीरा मार्ग, लखीमपुर-गौरीफंटा वाया भीरा मार्ग, लखीमपुर-खजुरिया वाया निघासन मार्ग, पलिया-लखीमपुर वाया निघासन मार्ग, पलिया-गोला वाया मैलानी मार्ग, लखीमपुर तिकुनिया मार्ग आदि रूटों पर निजी बस स्वामियों की बसें संभागीय परिवहन प्राधिकरण लखनऊ द्वारा स्टेज कैरिज की परमिट जारी किए है, जिन पर बसें संचालित हैं। इन रूटों पर अवैध डग्गामार वाहनों का आवागमन परिवहन और पुलिस विभाग की मदद से किया जा रहा है, जिस पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए। यह डग्गामार वाहन संचालकों के गुर्गों बस ऑपरेटर्स की संचालित बसों के स्टाफ के साथ मारपीट और बसों में तोड़फोड़ भी करते हैं, जिन पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# रंजिश में युवक को घर से खींचकर पीटा, दांत टूटा

लखीमपुर खीरी

- पुलिस ने पिता-पुत्रों समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की

**अमृत विचार :** थाना खीरी के गांव इकबालपुर में पुरानी रंजिश में घर में घुसकर हमलावरों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह लहूलुहान हो गया। पुलिस ने पिता-पुत्रों समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव इकबालपुर निवासी धीरज तिवारी ने बताया कि उनकी गांव के ही त्रिभुवन लाल शुक्ला से पुरानी रंजिश चल रही है। दोपहर करीब दो बजे त्रिभुवन लाल शुक्ला अपने भाई सतीश शुक्ला व पुत्र अतुल, गोलू, गगन के साथ लाठी डंडा लेकर उसके घर घुस आए। उसे पकड़ लिया और सड़क पर खींच लाए, जहां उसकी जमकर पिटाई की। लाठी- डंडा लगने से उसका तीन जगह से सिर फट गया। नीचे का एक दांत टूट गया। बाएं हाथ में अतुल ने काटकर गहरे जख्म कर दिए। शोरगुल होने पर आसपास के लोग आ गए और विरोध किया तो आरोपी जान से मार देने की धमकी देकर भाग निकले। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायल की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# सहेली के बहाने बुलाकर किशोरी को ले गया युवक, पिता ने पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- बाइक की चाभी निकालने पर ताना तमंचा, जान से मारने की दी धमकी
- पिता की तहरीर पर तीन नामजद एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** माता-पिता के साथ कपड़े की दुकान पर गई 17 वर्षीय किशोरी को एक युवक सहेली के बुलाने के बहाने दुकान से बाहर बुलाया और बाइक पर बैठाकर चल दिया। मां के शोर मचाने पर पिता ने पकड़ लिया। पिता का आरोप है कि वहां पर आरोपी के तीन अन्य साथी भी खड़े थे।

जब उन्होंने आरोपी की बाइक की चाभी निकाली तो उसने तमंचा तान दिया और गोली मार देने की धमकी दी। इस दौरान भीड़ इकट्ठा हो गई। इस पर चारों आरोपी मौके से भाग निकले। शहर निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि 27 मार्च की शाम साढ़े चार बजे वह अपने परिवार के साथ नहरिया पर स्थित एक साड़ी हाउस गए थे। इसी बीच उनके मोबाइल पर एक कॉल आई, जिसे उनकी पुत्री ने रिसीव की।

कॉलर ने कहा कि हम तुम्हारे स्कूल की दोस्त बोल रहे हैं। तुम्हारी दोस्त तुमको बुला रही है। दुकान से बाहर आ जाओ। पुत्री के दुकान के बाहर आते ही अज्ञात युवक आया और उसकी पुत्री को बाइक पर बैठाकर चल दिया ।उनकी पत्नी की नजर पड़ गई। उनके शोर मचाने पर उन्होंने अपनी बाइक से आरोपी युवक का पीछा किया और एक रेस्टोरेन्ट के पास उसे पकड़ लिया। वहां पर पहले से बाइक समेत तीन लोग खड़े थे। उन्होंने आरोपी की बाइक की चाभी निकाल ली। इस पर आरोपी ने उन पर तमंचा तान दिया और गोली मार देने की धमकी दी। भीड़ जुटने पर आरोपी भाग निकले। पीड़ित पिता की जहरीर पर पुलिस ने दिलीप निवासी राजापुर, रवी और विनीत निवासी मोहल्ला पटेल नगर व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

# मारपीट में एक घायल

**पसगवां, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पनई में एक व्यक्ति की गांव के ही एक युवक ने लात घूसों से पिटाई कर दी। घटना 25 मार्च की है। रात 10 बजे गांव निवासी शशिकांत पांडेय उर्फ रिंकू अपने दरवाजे पर बैठा था। इसी दौरान गांव का ही अमित कुमार शराब के नशे में आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसकी लात घूसों से जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी अमित कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# लोकसभा चुनाव के लिए पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**मैलानी, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार को मैलानी पुलिस ने कस्बे में पैदल गस्त कर लोगों को सुरक्षा, पुलिस प्रशासन के सतर्क होने का एहसास कराया।

प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने पुलिसकर्मियों के साथ कस्बे के मुख्य चौराहे, मेन मार्केट, रेलवे स्टेशन, मुख्य जगहों पर पैदल गस्त कर लोगों को सुरक्षा का संदेश दिया। थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन को जागरूक करना और उनमें सुरक्षा का विश्वास पैदा करना है। ताकि लोग भय मुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# झाड़ियों में मिला शव, हत्या की आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


घटनास्थल का निरीक्षण करते खीरी एसओ अजीत कुमार। ● अमृत विचार

- हफ्ते भर पुराना प्रतीत हो रहा शव, शिनाख्त नहीं

**अमृत विचार:** ओयल क्षेत्र में झाड़ियों में एक व्यक्ति का शव मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी है। शव करीब 50 साल के व्यक्ति का है। आशंका जताई जा रही है कि हत्या कर शव झाड़ियों में फेंका गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सोमवार को पुलिस चौकी ओयल क्षेत्र में एलआरपी और ओयल के बीच स्थित एक इंस्टीट्यूट के निकट तेज दुर्गंध उठ रही थी। इससे लोगों का निकला दूभर हो रहा था। कुछ लोग जब फोरलेन के किनारे लगी झाड़ियों की तरफ पहुंचे तो घनी झाड़ियों के बीच उन्हें एक व्यक्ति का शव दिखाई पड़ा। बड़ी संख्या में लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर एसओ खीरी अजीत कुमार, चौकी इंचार्ज लल्ला गोस्वामी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और वहां मौजूद लोगों की मदद से शव को झाड़ियों से बाहर निकलवाकर पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उधर प्रत्यक्षदर्शी हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जता रहे हैं। एसओ अजीत कुमार ने बताया कि शव करीब एक हफ्ते पहले का लग रहा है। उसकी उम्र 50 वर्ष के आसपास है। मृतक जीन्स पैंट और शर्ट पहने हुए हैं। शव की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर ही मौत की वजह पता चल सकेगी।

# रेत भरे डनलप के साथ एक पकड़ा

**सिंगाही, अमृत विचार :** बालू और मिट्टी खनन माफिया की नजर अब दुधवा के बफर जोन में लग गई है। डिप्टी डायरेक्टर की सूचना पर मझगईं रेंज की वन टीम ने खैरीगढ़ वन चौकी की महेंद्रनगर बीट में छापा मारा। टीम ने इस दौरान रेत भरते एक डनलप को पकड़ लिया, जबकि वहां मौजूद चालक मिट्टी से आधी भरी ट्राली ट्रैक्टर लेकर भाग गया। मझगई वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी अंकित कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने टीम के साथ छापा मारा।

टीम ने मौके से लोधपुरवा निवासी अनवर को रेत भरे डनलप के साथ पकड़ लिया, जबकि ट्राली में मिट्टी भर रहा चालक मजदूरों के साथ ट्रैक्टर व ट्राली समेत मौके से भागने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर चालक की पहचान कर ली गई है। टीम ने उसके घर पर दबिश दी थी, लेकिन न तो चालक पकड़ में आया है और न ही अभी तक ट्रैक्टर-ट्राली बरामद हुई है। पकड़े गए डनलप चालक ने बताया कि वह खैरीगढ स्थित एक ईंट भट्ठे पर बालू डालने जा रहा था। आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# बच्चों के विवाद में युवक के चेहरे पर ईंट मारी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना सिंगाही क्षेत्र के गांव नौरंगाबाद निवासी किशोर कुमार ने बताया कि उसके और गांव के ही अरुण कुमार उर्फ पगलू के बच्चों के बीच में किसी बात को लेकर मामूली विवाद हो गया। बच्चे ने इसकी जानकारी अपने घर जाकर पिता अरुण कुमार को दी। इस पर अरुण आग बबूला हो गया और अपनी पत्नी के अलावा रामप्यारी पत्नी राम गोपाल के साथ रविवार की सुबह करीब 7:15 बजे घर में घुस आया। ईंटों से मारापीटा, जिससे उसके चेहरे पर गंभीर चोटें आईं हैं। घायल किशोर कुमार ने आरोपियों के खिलाफ थाना सिंगाही पुलिस को तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# युवती से छेड़छाड़ ,महिला से दुष्कर्म की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस कर रही मामले की जांच

**अमृत विचार:** शौच करने गई युवती से गांव के ही युवक ने छेड़छाड़ की। पीड़िता के घर वाले उलाहना देने गए तो आरोपी व उसके घर वालों ने उनके साथ मारपीट की। उधर एक गांव के घर में घुसे युवक ने महिला से छेड़छाड़ कर दुष्कर्म करने की कोशिश की। महिला के शोर मचाने पर आरोपी जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकला। पुलिस ने दोनों मामलों की रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना खमरिया क्षेत्र की युवती ने बताया कि शाम को वह शौच के लिए खेतों की तरफ गई थी। वापस आते समय गांव के विमल कुमार ने रोक लिया और स्कूल के पीछे बाग में खींच ले गया। छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म की कोशिश की। शोर मचाने पर आरोपी भाग निकला। घर जाकर युवती ने माता-पिता को बताया। पिता आरोपी के घर उलाहना देने गए। तब आरोपी, उसके पिता व अन्य ने मारपीट की। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की है। उधर मोहम्मदी क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता के मुताबिक वह रविवार की रात घर के आंगन में सो रही थी। पड़ोस का रहने वाला जावेद घर में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। इस पर उसकी आंख खुल गई। उसने विरोध किया तो मुंह दबाकर दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। महिला के चीखने-चिल्लाने पर परिवार के लोग जाग गए तो आरोपी जान से मार देने की धमकी देता हुआ भाग निकला। पीड़ित महिला परिवार वालों के साथ कोतवाली मोहम्मदी पहुंची और प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह को तहरीर देकर पूरी घटना बताई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**खोया-पाया**
मेरा एम. जे. पी. रुहेलखंड विश्व विद्यालय बरेली बी. सी. ए. अंतिम वर्ष 2012, अनुक्रमांक 10031159 का माईग्रेशन प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **सुहैल अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी मौहल्ला शेखान कस्बा व थाना शेरकोट जनपद बिजनौर।**

**सूचना**
मैंने अपना नाम PREET PAL SINGH के स्थान पर PREET PAL SINGH DHALIWAL रख लिया है, अब से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **प्रीत पाल सिंह धालीवाल पुत्र करनैल सिंह निवासी ग्राम देवीपुर गजरौरा, पोस्ट पटिहन, पलियाकलां, खीरी।**

**सूचना**
मैंने अपने भाई राजेश कुमार पुत्र स्व. बाबूराम, मनीष कुमार पुत्र स्व. बाबूराम एवं नरेंद्र कुमार उर्फ रजनीश कुमार पुत्र स्व. बाबूराम से सभी संबंध समाप्त कर लिए हैं, उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन से हमारा व हमारे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **मनोज कुमार पुत्र स्व. बाबूराम निवासी ग्राम व पोस्ट मैगलगंज जिला लखीमपुर खीरी।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र हरिओम व पुत्रवधु मालदेई को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **बांकेलाल पुत्र मोतीराम निवासी ग्राम खिल्चीपुर परगना व तहसील नवाबगंज, जिला बरेली।**


**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र हारून अली व पुत्रवधु रूखसार को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **उरमान शाह पुत्र छोटे शाह निवासी ग्राम मसीत वली नगर, परगना तहसील व थाना नवाबगंज, जिला बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम स्कूल में वंश वर्मा दर्ज हो गया है जबकि उसका सही नाम रूद्रांश वर्मा है। भविष्य में मेरे पुत्र को रूद्रांश वर्मा के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **सचिन वर्मा पुत्र श्री राम निवास वर्मा निवासी सी-21, कृष्णा नगर कालोनी, आला हजरत अस्पताल के पास, जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# धर्म दर्शन

भारत में देवीपूजा का बहुत प्राचीन इतिहास है। लोक परंपरा में भी और वेद-परंपरा में भी। अनेक अध्येताओं ने देवीपूजा के इतिहास में समाज के विकास के सोपानों की पहचान की है। श्रीदेवीप्रसाद चट्टोपाध्याय ने अंग्रेजी में एक पुस्तक लिखी थी- लोकायत! उसमें एक निबंध का शीर्षक है, गौरी। उन्होंने लोकपरंपरा में देवीपूजा का क्रमविकास सभ्यता के तीन चरणों प्रस्तुत किया है। मृगया-जीवी, गोचारण और कृषिजीवी। उनका मत है कि-चंडी की परिकल्पना मृगया-जीवी संस्कृति की परिकल्पना है। जबकि-महिषासुरमर्दिनी की परिकल्पना गोपसंस्कृति की परिकल्पना है। महीमाता और अन्नपूर्णा कृषि से संबंधित है।



## लोकपरंपरा और देवीपूजा

श्री देवीप्रसाद चट्टोपाध्याय की मान्यता है कि कबीला-मनोभूमि में नारी-सत्ता या मातृसत्ता का प्राधान्य होता है। वे कहते हैं कि गौरी कृषि की देवी हैं। शस्यपार्वती। वे मानते हैं कि नारी-देवता या देवियां अपने मूल-रूप में कबीलों की देन हैं। उन्होंने बीली, मग्गा, डोम गदवा, ओक्काल, गोल्ला, हाड़ी, हल्लीकर, हेलवा, इडिगा आदि देवियों के नाम भी उद्धृत किये हैं।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

देवीपूजा के इतिहास पर आचार्य कुबेरनाथ राय ने एक महत्त्वपूर्ण शोधनिबंध लिखा था देवी। उन्होंने विंध्याचल के परिवेश का अध्ययन किया और बतलाया है कि पर्वत पर स्थित अष्टभुजा का मन्दिर आभीरकुल की देवी है।

यशोदागर्भ-संभवा के रूप में सप्तशती में इसका उल्लेख है-कालीखोह का मन्दिर निषाद-कुल का है, जहां आज भी पुरोहित निषाद ही है, ब्राह्मण नहीं। आचार्य कुबेरनाथ राय कहते हैं कि विन्ध्यारण्य किसी जमाने में महिषारण्य था। आदिम निषादों ने ही जंगली महिषा को पालतू बनाया और उसका दूध दुहा था। उनका कथन है कि आदिम-निषाद ने कहीं महिष को मित्रभाव से देखा है तो कहीं शत्रुभाव में उसे असुर-रूप में। चंडी मूलतः शिकार की देवी है। उनकी मान्यता है कि महिषासुर-मर्दिनी की परिकल्पना इसी आदिम-निषाद की देन है। उन्होंने महाराष्ट्र के कुछ गड़रिये-कबीलों में देवीपूजा का उदाहरण दिया है, जिसमें मातृकाएं महिष की पत्नियां हैं। जैसे जोगुबाई का पति है, म्हतो बा। यह महिष-देवता है। देवी के गीत, देवी-अष्टमी पर अम्माजी ने पार-परौसिनों को देवी के गीतों का बुलावा भेज दिया। संध्या घिरने लगी है, गोधूलि की वेला हो गई है। अब बैयरबानी एक-एक कर आने लगी हैं, ढोलक बजने लगी है, अब सब जने सुर में सुर मिलाओ-


देवी हमारे घर आई झटक कें मैं पैयां लागूं/कहा रे देख देवी मेरे घर आयी, कहा रे देख मुसकाई, झटक कें मैं पैयां लागूं/लिपौ रे देख देवी मेरे घर आयी, पुतौ रे देख मुसकाई, झटक कें मैं पैयां लागूं/कहा रे देख देवी मेरे घर आयी, कहा रे देख मुसकाई, झटक कें मैं पैयां लागूं/हलुआ-पूरी देख देवी मेरे घर आई, चना रे देख मुसकाई, झटक कें मैं पैयां लागूं/गूगुर रे देख देवी मेरे घर आई, लोंग देख मुसकाई, झटक कें मैं पैयां लागूं-

देवी मैया से साक्षात्कार हो रहा है! आप देखिये न, इन सभी को मां के वात्सल्य का सानुभव हो रहा है। मैया भी आ ही गयी हैं। ये सब पैरों लग रही हैं। एक दूसरी से पूछती है, री, तेरे यहां ऐसा क्या है, जिसे देख कर मां आ गयीं? वह उत्तर दे रही है कि मैया ने देखा कि घर लिपा है, पुता है, मैया ने देखा कि यहां गूगुर और लोंग का जोड़ा है, मैया ने देखा कि यहां हलुआ है, पूड़ी है और चना की दाल भी है, बस और मैया को क्या चाहिये था। मैया ने प्यार देख लिया, तो उसे आने में कितनी देर लगनी थी? आ गई!

## स्वच्छता की देवी हैं मां शीतला



चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को माता शीतला की पूजा अर्चना की जाती है। कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि तक आकाश में चन्द्रमा का स्वरूप आधा हो जाता है। इसका निहितार्थ है कि जीवन के आकाश में उज्ज्वल पक्ष अधूरा हो जाए और अंधकार की ओर जीवन बढ़ता दिखाई पड़ने लगे तथा चित्त में व्याकुलता आने लगे तो मन की प्रवृत्तियों को शीतल बनाने का भाव जागृत करना चाहिए क्योंकि इस स्थिति में असमंजस, असन्तुलन, असमर्थता बढ़ने की संभावना होती है। ऋषियों ने माता शीतला के हाथ में सफाई का उपकरण झाड़ू एवं वाहन के रूप में गर्दभ (गधा) चित्रित किया है। धर्मग्रंथों में स्वच्छता की महत्ता प्रतिपादित की गई है। कहा गया है कि स्वच्छता में भगवान विष्णु और लक्ष्मी निवास करती हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से भी स्वच्छता अत्यंत आवश्यक है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

यह तो बाह्य जगत की बात है। आंतरिक जगत में काम, क्रोध, मोह और लोभ जैसी गंदगी आने लगे तो व्रत-उपवास आदि के विधान बताए गए हैं। लोकमान्यता है कि चेचक की बीमारी से मुक्ति के लिए शीतला माता की पूजा की जाती है। माताएं चेचक आदि से बचाव के लिए सप्तमी तिथि को व्रत रहकर अष्टमी को माता शीतला की पूजा करती हैं। माता शीतला का वाहन गर्दभ (गधा) सरल भाव एवं मेहनती जानवर है। गधे के इन खास स्वभाव के चलते माता शीतला के सान्निध्य में उसे स्थान मिला। हर जीव में कुछ खासियत तथा कुछ कमियां होती हैं। खासियतों को अपनाने का भी सन्देश इस दृष्टांत से मिलता है।

## महान शिवभक्त था रावण

राक्षसों से संबंधित 'शिवपुराण' की एक रोचक कथा के अनुसार, राक्षस भाईयों हेति और प्रहेति को इस समुदाय का नेतृत्व सौंपा गया था। हेति ने अपने राज्य के विस्तार के लिए काल की बेटी 'भया' से विवाह किया। दोनों का पुत्र विद्युत्केश था। उसकी पत्नी सालकंटका एक दुराचारिणी स्त्री थी। उस व्यभिचारिणी ने अपने नवजात पुत्र को लावारिस छोड़ दिया था। पिता विद्युत्केश ने भी न जाने किसकी संतान है, नवजात को निराश्रित छोड़ दिया। मां पार्वती और भगवान शिव ने दया कर उस अनाथ बालक का संरक्षण सुनिश्चित किया। अबोध बालक के परित्याग से नाराज पार्वती जी ने संपूर्ण राक्षस जाति को ही शाप दिया कि भविष्य में राक्षसियों के गर्भधारण की अवधि कम होगी और जन्म लेते ही मां के समान हो जावेगा, एवं उसका शरीर विकराल और भयानक तथा आकर्णहीन होगा। शिव पार्वती द्वारा उसका नाम सुकेश रखा गया। भगवान शिव के द्वारा प्रदत्त संरक्षण और दिव्य विमान ने उसको दुस्साहसी एवं निर्भीक बना दिया। उसने गंधर्व कन्या देववती से विवाह कर क्रमशः तीन पुत्रों माल्यवान, सुमाली और माली को उत्पन्न किया। इन तीनों ने ब्रह्मा जी की घोर तपस्या कर उनसे शत्रुओं पर विजय एवं परस्पर अटूट स्नेह बंधन का वरदान प्राप्त किया। इन्होंने ने ही त्रिकूट पर्वत के निकट समुद्र में देव शिल्पी विश्वकर्मा से लंकापुरी का निर्माण करा कर उसे अपनी सत्ता का केन्द्र बनाया।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक


शक्तिशाली बनते ही उनकी संततियों में मूल्यवान को वज्र, मुष्टि, विरूपाक्ष, दुर्मुख, सप्तवहन, यज्ञकोप, मत्त, उन्मत्त, आठ पुत्र और अनला नामक पुत्री हुई। सुमेरी के दस पुत्र प्रहस्त, अकंपन, विकट, कालिकामुख, धूम्राक्छ, दंड, सुपार्श्व, सह्नादि, प्रथम, एवं भास्कर तथा राका, पुड्योत्कटा, किसकी और कुम्भीनसी नामक पुत्रियां हुईं। इनमें कैसकी रावण, कुंभकर्ण, विभीषण और शूर्पणखा की मां थी। कैकसी के निकषा तथा केशिनी नामान्तर थे। अपने पिता की आज्ञा से किसकी ने महर्षि पुलस्त्य के पुत्र ऋषि विश्व श्रवाको पति चुना था। माली के चार पुत्र क्रमशः अनल, अनिल, हर और संपाति हुए रावण वध के उपरांत राजा बने विभीषण के ये चारों मंत्री बने।

एक श्रेष्ठ ब्राहमण कुल में उत्पन्न रावण एक कुशल राजनीतिज्ञ, महान योद्धा, कुशल सेनानी एवं बहुभाषाभाषी और श्रेष्ठ प्रशासक होते हुए भी महान् शिवभक्त भी था। मातृपक्ष के नानाओं के प्रभाव में उसने राक्षसों का नेतृत्व स्वीकार किया।

अपनी राजनीतिक-रणनीतिक सूझ-बूझ और सैन्य शक्ति के बल पर असुरों राक्षसी शक्ति को चरमोत्कर्ष पर पहुंचा दिया। अतुलनीया शक्ति ने उसे गर्वोन्मत्त, दम्भी अहंकारी, क्रूर, अत्याचारी और नारी सम्मान शोषक बना दिया। उसके अहंकार ने उसकी विवेक क्षमता को पूरी तरह समाप्त कर बैठा। उसने न केवल अपने पिता महर्षि विश्रवा तथा सौतेली माता देववर्षिणी से उत्पन्न पुत्र अपने सौतेले अग्रज भगवान शिव के परमभक्त कुबेर को अपमानितकर उनसे अपने नानाओ की लंका राज छीना वरन् उनके दिव्य "पुष्पक विमान" को भी छिन लिया। यही नहीं वहतो अपने आराध्य को ही बलपूर्वक कैलाश से लंका में बसाने की असफल धृष्टता कर बैठा उसके पक्षपातपूर्ण आचरण ने वानर मानव समूह को लंका परित्याग कर समुद्र पार भारत में किष्किन्धापुरी को राजधानी बना, वहां अपना स्वतंत्रराज्य स्थापित करने को प्रेरित किया।

## पराक्रमयुक्त वरुणदेव

अग्नि, सोम, सविता, सरस्वती, पूषा, बृहस्पति, इंद्र, ऐश्वर्य, अर्यमादेवता तथा पुण्य-पाप के विभाग करने वाले देवों के निमित्त ये आहुतियां दी जाती हैं। जैसे आप ऐश्वर्यों के प्रकाशक हैं, उसी प्रकार हम भी आपके सामान कांतिमान हों। हे कुशद्वय! जिस प्रकार सूर्य रश्मियों से जल पवित्र होकर ऊपर जाता है, उसी तरह हम आप दोनों को उन्नत करें। तपः शक्ति से राजा का पद देने में आप समर्थ हैं, अतः राज्य का ऐश्वर्य प्रदान करें। इसके लिए यह आहुति आपको समर्पित है।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

समस्त मानव समुदाय इस सूक्ष्म वातावरण का संरक्षण करें। इसे गृह पालक अग्निदेव, यशस्वी इंद्रदेव, व्रतधारी मित्र एवं वरुणदेव, सर्वज्ञाता पूषादेव, समस्त विश्व का कल्याण करने वाले पृथ्वीलोक तथा द्युलोक, तथा सुखस्वरूप देवमाता अदिति भी जानें अर्थात् इसकी रक्षा करें।



हे यजमान! आपको चंद्रमा की कांति से, अग्नि के तेज से तथा इंद्रदेव के बल से हम अभिषिक्त करते हैं। आप शौर्यवान क्षत्रियों के क्षत्रपति बनें और हानि पहुंचाने वाली शक्तियों से प्रजा की रक्षा करें। हे देवों! महान क्षात्रबल के संपादन के लिए, श्रेष्ठ राज्यपद के लिए, महान जनराज्य के लिए, इंद्रदेव के समान ऐश्वर्यशाली बनने के लिए, शत्रुहीन, अमुक पिता के पुत्र, अमुक माता के पुत्र को प्रजापालन के लिए अभिषिक्त करें। हे प्रजाननों! यह आप लोगों को उल्लसित करने वाला राजा है और ये सोम हम ब्राह्मणों के राजा हैं।

हे प्रजापालक! इस संसार में आपके अतिरिक्त और कोई दूसरा स्वामी नहीं है। हम जिस कामना से आपके निमित्त यज्ञ करते हैं, वह पूर्ण हो। धर्माचरण और उत्तम व्यवस्था से हम ऐश्वर्यवान बनें। इस हेतु यह आहुति समर्पित है। हे पूज्य आदरणीय रुद्रदेव! आपका जो कल्याणकारी और असुरता का संहार करने वाला प्रलयंकारी स्वरूप है, उसके लिए यह आहुति समर्पित है। गृहपालक अग्नि, वनस्पतिरूपी सोम, मरुदगणों के ओज एवं इंद्रदेव के बल के निमित्त यह आहुति समर्पित है।

हे मातृभूमे! हम आपको कष्ट न दें, आप हमारा विनाश न करें। महान पुरुषार्थ युक्त, धर्मपालक, सबके अग्रणी, तेजस्वी अग्निदेव हमारी आहुति स्वीकार करें। आहुति प्राप्त करके आप सूर्य किरणों से बलशाली होकर सामर्थ्यवान राजाओं के मध्य इस यजमान को सर्वश्रेष्ठ बनाने का प्रयास करें। शुभ कर्मों के उत्पादक सवितादेव के दिव्यगुण से, वाणीरूपी सरस्वती से, प्रजापति के रूप से, पशुधन से युक्त पूषादेव से, वेदज्ञान से युक्त बृहस्पति देव से, राजारूप इंद्रदेव से, पराक्रमयुक्त वरुणदेव से, तेजस्वी अग्निदेव से, राजा स्वरूप सोमदेव से और पालनकर्ता विष्णुदेव (इन दस देवों)से प्रेरित होकर हम देवत्व के मार्ग पर बढ़ते हैं।

# लखीमपुर खीरी


VAMCRH VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL SHAHJAHANPUR Excellence towards profession

**वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल**

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंकः -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**


## एचटी लाइन में स्पार्किंग से खेत में दो एकड़ गेहूं जला

संवाददाता, मैलानी

**अमृत विचारः** जर्जर एचटी लाइन में स्पार्किंग से दो एकड़ गेहूं की फसल जल गई। खेत स्वामी ने तहरीर दी है।

लोचनपुर निवासी करमजीत सिंह के खेत में गेहूं की फसल कटने के लिए तैयार खड़ी थी। खेत के ऊपर निकली एचटी लाइन में हुई स्पार्किंग से दो एकड़ गेहूं में आग लग गई। गनीमत यह रही कि कोई व्यक्ति इसकी चपेट में नहीं आया। आनन फानन में ग्रामीणों ने ट्रैक्टर से जुताई कर बमुश्किल आग पर काबू पाया। ग्रामीणों की सूचना पर बिजली विभाग के कर्मचारियों ने शटडाउन लिया। गांव वालों का कहना है कि जर्जर बिजली की लाइन बदलने को लेकर कई बार वह बिजली के अधिकारियों और कर्मचारियों से कह चुके हैं। लेकिन लाइन बदलवाई नहीं गई है। विद्युत विभाग उपखंड द्वितीय गोला ने किसानों से अपील की है कि अप्रैल माह में तेज हवा आंधी के कारण विद्युत लाइनों के तारों में स्पार्किंग से चिंगारी की संभावना बनी रहती है। फसल को ट्रांसफार्मर, डबल पोल के चारों तरफ खड़ी फसल को करीब 10 फुट काट लें जिससे कोई अनहोनी न हो। करमजीत सिंह थाने में तहरीर देकर विद्युत विभाग पर रिपोर्ट दर्ज कर मुआवजे की मांग की है।

## संचारी रोगों के प्रति किया जागरूक

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** संचारी रोगों पर नियंत्रण को लेकर सोमवार शहर में जागरूकता रैली निकाली गई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने सीएमओ के साथ अभियान का रैली को हरी झंडी दिखाई।

डीएम ने कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मी लोगों को संचारी रोग के प्रति जागरूक करें और आपसी सामंजस्य बनाकर इन पर नियंत्रण के लिए शुरू किए गए अभियान को सफल बनाएं। डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, ईओ संजय कुमार, एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, डीपीएम अनिल यादव, जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर आदि मौजूद रहे।

## कोर्ट के आदेश पर कुल सचिव, प्रबंधक समेत छह पर रिपोर्ट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** गोला गोकर्णनाथ निवासी विपिन शाह ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा कि ओयल में स्ववित्तपोषित लॉ कॉलेज लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध है। शहर निवासी एक व्यक्ति 17 अप्रैल 2014 से अनुमोदित शिक्षक है। कालेज की उपस्थित पंजिका के अनुसार वह अगस्त 2017 में कालेज छोड़कर चले गए। कॉलेज प्रबंध समिति अध्यक्ष व प्रबंधक ने उक्त शिक्षक के अनुपस्थित रहने के दौरान का वियरर चेक जारी किया और डायरेक्टर ने बैंक से नियम विरुद्ध भुगतान प्राप्त कर लिया। सीजेएम के आदेश पर थाना खीरी पुलिस ने उक्त शिक्षक, प्रबंध समिति अध्यक्ष, प्रबंधक, डायरेक्टर, शाखा प्रबंधक व कुलसचिव के खिलाफ अमानत में खयानत और धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है। एसओ खीरी अजीत कुमार ने कहा कि कोर्ट के आदेश पर सभी छह आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 406 व 420 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्रकरण की जांच ओयल चौकी इंचार्ज लल्ला गोस्वामी को सौंपी गई है। साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### सुंदरकांड पाठ के साथ हुई नवीन शैक्षिक सत्र की शुरुआत

**गोला गोकर्णनाथ।** सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में सुंदरकांड के पाठ के साथ नवीन सत्र की शुरुआत हुई है। विद्यालय प्रबन्ध समिति के प्रबन्धक डॉ आदित्य कुमार पुरवार, कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा और प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया सहित शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### जुड़वा बहनों ने उत्तीर्ण की जवाहर नवोदय की प्रवेश की परीक्षा



**बांकेगंज।** संविलियन विद्यालय बाबूपुर में कक्षा पांच में पढ़ रहीं तिलकपुर की जुड़वां बहनें अनुप्रिया और दीपांक्षी ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। इनके पिता प्रेमचंद गरीब किसान हैं। वह बड़ी मुश्किल से परिवार का पालन कर पा रह हैं। उसके तीन बच्चे हैं एक बड़ा बेटा और दो जुड़वा बेटियां हैं। दोनों बेटियों के परीक्षा पास करने पर गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है।

### युवा व्यापारी नितिन अग्रवाल का आकस्मिक निधन



**गोला गोकर्णनाथ।** नगर के प्रमुख उद्योगपति रतनलाल अग्रवाल का पोता और सुभाषचंद्र अग्रवाल के पुत्र नितिन अग्रवाल (39) का आकस्मिक निधन हो गया। परिजनों ने बताया कि नितिन अग्रवाल की पुवायां में अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें शाहजहांपुर हास्पिटल ले जाया जा रहा था, रास्ते में उनकी मौत हो गई। व्यापारियों ने गहरा शोक जताया।

### शावक की सूचना पर पहुंचे वनकर्मी, बिल्ली का निकला बच्चा

**पलिया कलां।** सोमवार को कुछ लोग शारदा नदी पर बने पुलिस की तरफ गए थे। इसी बीच उनकी नजर झाड़ियों में शावक पर पड़ी। तेंदुए का शावक समझकर ग्रामीणों ने सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। टीम ने देखा तो वह जंगली बिल्ली का बच्चा निकला। पलिया रेंजर विनय कुमार ने बताया कि उन्हें श्रीनगर व मेला घाट के ग्रामीणों ने तेंदुए का शावक होने की सूचना दी थी। उसे पकड़वाया तो वह जंगली बिल्ली का बच्चा निकला। उसे जंगल में छुड़वा दिया गया है।

### बाघिन की निगरानी को लगाए गए कैमरे

**बांकेगंज।** गोला वन रेंज के जार गांव में बाघिन का आतंक फैला हुआ है। वन विभाग ने बाघिन की निगरानी के लिए क्षेत्र में कैमरे लगवा दिए हैं। सोमवार की सुबह करीब 4:30 बजे बाघिन को गोला खुटार हाइवे पार करते देखा गया। पिछले सप्ताह ककलापुर गांव निवासी राधेश्याम को बाघिन ने गन्ना छीलते समय घायल कर दिया था। फॉरेस्टर अभिजीत श्रीवास्तव ने बताया कि बाघिन को पकड़ने के लिए उच्च अधिकारियों से अनुमति मांगी गई है।

## फैजाबाद (अयोध्या) ने सबको गले लगाया

# किसी को निराश, उदास नहीं किया

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** रामलला की नगरी अयोध्या (फैजाबाद लोकसभा) ने सबको गले लगाया है। धर्म-अध्त्याम ही नहीं राजनीति में भी। श्रीराम की धरती सबको बुलाती है, प्रेम करती है और सम्मान देती है। अयोध्या की तासीर कुछ ऐसी ही है। राम मंदिर आंदोलन के दौर में भी अयोध्या ने सियासत में किसी को उपेक्षित नहीं किया। सबको मौका दिया लेकिन बदले में अयोध्या को वह नहीं मिला, जिसकी जरूरत थी।

फैजाबाद लोकसभा सीट में शामिल अयोध्या वैराग्य की नगरी है। यह निरपेक्ष रहती है। अपने भक्तों के लिए सब कुछ करती है लेकिन उदास किसी को नहीं छोड़ती है, चाहे वह राजनीति ही क्यों न हो। संघ परिवार ने अस्सी के दशक में अयोध्या पर फोकस किया। 1984 में विहिप ने राम मंदिर मुक्ति आंदोलन छेड़ा। कांग्रेस की सरकार थी। भाजपा आंदोलन के पीछे सहयोगी थी। समर्थन और विरोध की पृष्ठभूमि में वामपंथ और दक्षिण पंथ की वैचारिक लड़ाई समानांतार रूप से चल रही थी। लेकिन भाजपा को अयोध्या ने दरकिनार कर दिया। वर्ष 1989 में वामपंथ को मौका दिया। भाकपा प्रत्याशी मित्रसेन यादव को सांसद बनाकर लोकसभा में भेज दिया। इसके बाद मंदिर आंदोलन और प्रचंड हुआ। विवादित ढांचा ढहाया गया।




### गोली चलाने की आरोपी सपा को भी अपनाया

- अयोध्या ने राम लहर में 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को मौका दिया। विनय कटियार सांसद बने। 1996 तक भगवा लहराता रहा। लेकिन 1998 के चुनाव में फिर पांसा पलट गया। वामपंथ के शीर्ष विचारकों के आवागमन और आंदोलन का दौर रहा। मुद्दे और पैनी सियासत का प्रभाव भी इसमें शामिल हुआ। 1990 में कारसेवकों पर गोली चलवाने की आरोपी व आंदोलन का विरोध कर रही सपा को अयोध्या ने मौका दिया। सपा के टिकट पर मित्रसेन को फिर सांसद बना दिया। लेकिन अयोध्या को आंदोलन की नगरी के नाम के सिवाय कुछ नहीं मिला। इसके चलते 1999 में विनय कटियार को फिर मौका दिया।

### तीन दशक में क्या कुछ नहीं देखा और सहा

- सन 1984 से 2014 तक तीन दशक में अयोध्या ने अपनी साझी संस्कृति का प्रसार किया। लोकतंत्र को वैचारिक रूप से मजबूत किया लेकिन धर्म अध्यात्म से इतर उसे कुछ खास नहीं मिला। अयोध्या अपनों से दूर रही। परिक्रमा रोक दी गई। आने वालों के लिए प्रतिबंध लग गए। सरयू के तट सूने हो गए। मठ-मंदिरों में बाहरी श्रद्धालुओं से इतर केवल संत और पुजारी रह गए। यह दुर्दिन के दिन थे। अखिल गुप्ता कहते हैं कि अयोध्या तो सबको अपने पास बुलाती है। लेकिन अयोध्या लंबे समय तक उपेक्षित रही। व्यवसायी घर चलाने के लिए पलायन करने लगे थे। अयोध्या अपनों से सूनी थी। वह दौर लोगों को आज भी याद है।

### इस बार मुकाबले में यह प्रत्याशी

- **सपा- अवधेश प्रसाद :** नौ बार अयोध्या से विधायक रहे हैं। 2017 में मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी गोरखनाथ बाबा से हारे, लेकिन 2022 में गोरखनाथ बाबा को ही हराया।
- **भाजपा - लल्लू सिंह :** दो बार से सांसद चुने जा रहे हैं। 2014 में सपा के मित्रसेन यादव को हराया तो 2019 में सपा के आनंद सेन यादव को पराजित किया था।
- **बसपा - सच्चिदानंद पांडेय 'सचिन' :** अंबेडकर नगर भाजपा के जिला अध्यक्ष थे। बसपा में शामिल होने पर मायावती ने टिकट दिया है।

### बसपा-कांग्रेस को मौका दिया

- अयोध्या संस्कृति की भी नगरी है। लोकतंत्र की जनक है। शायद यही कारण है कि राम मंदिर के लिए संघर्ष कर रही भाजपा को अयोध्या के लोगों ने आंख मूंदकर समर्थन नहीं दिया। 2004 के लोकसभा चुनाव में हाथी नहीं गणेश है, नारा चला, तो अयोध्या ने बसपा का सांसद दिल्ली पहुंचा दिया। सभी प्रमुख दलों में अब केवल कांग्रेस शेष रह गई थी। वह भी सन 1985 में ताला खुलवाने का राग अलाप रही थी। अयोध्या ने कर्ज नहीं छोड़ा। 2009 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी निर्मल खत्री को सांसद चुन लिया। इसके बाद अयोध्या में एक बार राम मंदिर और अयोध्या के विकास की अंतरधारा चुनावी तासीर में फैलने लगी। परिणामस्वरूप सन 2014 के चुनाव में भाजपा के लल्लू सिंह को अपनाया तो सन 2019 के लोकसभा चुनाव में भी उन्हें ही जिताया।

श्रीकृष्ण की जन्म स्थली मथुरा लोकसभा सीट का स्वभाव भी उनके जैसा ही चंचल रहा है। कभी बड़े नामों को संसद में भेजा, तो कभी निराश भी किया। बाहरी प्रत्याशियों को भी चुनने में कंजूसी नहीं दिखाई। इस बार यहां से दो बार की भाजपा सांसद फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी के सामने कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर विजेंदर सिंह को टिकट देने का फैसला लेकर मुकाबला रोमांचक बना दिया है। इससे जाट बाहुल्य हॉट सीट पर लड़ाई अब ग्लैमरस और दिलचस्प हो गई है।

# जाट वोट जिसने साधे, उसकी होगी राधे-राधे

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** मथुरा लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोटिंग होनी है। यह सीट वर्तमान में भाजपा का गढ़ मानी जाती है। आजादी के बाद हुए आम चुनामों में जब पूरे देश में कांग्रेस का दबदबा था। मथुरा लोकसभा सीट पर उल्टी गंगा बह रही थी। यहां 1952 और 1957 के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी ने विजय पताका फहराई थी। 1962 से 1977 तक कांग्रेस का वर्चस्व रहा। इसके बाद लोकदल, जनता पार्टी व जनता दल प्रत्याशियों को यहां से जीतने का मौका मिला। 1991 से 2004 तक भाजपा ने अपना परचम लहराया। 2004 के चुनाव में कांग्रेस ने दोबारा वापसी की। लेकिन 2009 में रालोद ने इस सीट पर अपना कब्जा जमाया।

वर्ष 1991 में मथुरा में पहली बार तब कमल खिला, जब साक्षी महाराज यहां से चुनाव जीते इसके बाद 2004 और 2009 के चुनाव को छोड़कर हर बार यहां से भाजपा ही जीतती रही है। इस लोकसभा क्षेत्र में लगभग साढ़े चार लाख जाट वोट हैं। यही वजह है कि हर राजनीतिक दल की नजर इस वोट बैंक पर टिकी रहती है। इसी के चलते हेमा मालिनी जब यहां से चुनाव लड़ने आई थी तो कहा था कि धर्मेंद्र से शादी करके वह भी जाट बन चुकी हैं। इस बार कांग्रेस से उनका मुकाबला करने को तैयार विजेंदर सिंह हरियाणा के रहने वाले हैं। वर्ष 2019 में कांग्रेस से साउथ दिल्ली सीट पर भाजपा के रमेश विधूड़ी के खिलाफ चुनाव लड़े थे, लेकिन हार गए थे। दिसंबर 2023 में उन्होंने सोशल मीडिया पर राजनीति से संन्यास की बात कही थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां कांग्रेस प्रत्याशी महेश पाठक को महज 28084 वोट मिलने से जमानत जब्त हो गयी थी। ऐसे में विजेंदर सिंह पर दांव लगाकर कांग्रेस खोया जनाधार तलाश रही है।

### लोकसभा क्षेत्र की पांचों विस सीटों पर भाजपा का ही कब्जा

- मथुरा लोकसभा सीट में पांच विधानसभा सीटें छाता, मांट, गोवर्धन, मथुरा और बलदेव (सुरक्षित) आती हैं। इन पांचों विधानसभा सीटों पर वर्तमान में भाजपा का कब्जा है। 2019 के लोकसभा चुनावों में भी पांचों विधान सभा क्षेत्रों में भाजपा ही आगे रही थी।
- **साढ़े चार लाख जाट, तीन-तीन लाख ब्राह्मण व ठाकुर मतदाता :** मथुरा लोकसभा सीट पर 19 लाख के आसपास मतदाता हैं। इनमें करीब साढ़े चार लाख मतदाता जाट समाज के हैं। इनके अलावा तीन ब्राह्मण और करीब तीन लाख ठाकुर, डेढ़ लाख जाटव और डेढ़ लाख से कुछ अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। वैश्य वोटर यहां एक लाख और यादव मतदाता लगभग 80 हजार हैं।

### अब तक 14 सांसद जाट बिरादरी से चुने जा चुके

- मथुरा सीट जाट बाहुल्य होने का प्रमाण यही है कि अब तक यहां से चुने गए 17 सांसदों में 14 जाट बिरादरी से रहे हैं। इसी कारण इस लोकसभा क्षेत्र को रालोद का गढ़ भी माना जाता था। रालोद को मात देने के लिए ही 2014 में भाजपा ने सिने तारिका हेमा मालिनी को मैदान में उतारा था। हेमा मालिनी की शादी पंजाब की जाट बिरादरी से आने वाले फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र से हुई है।

### 1977 में 77 फीसदी वोट पाने का रिकार्ड आज तक नहीं टूटा


- 1977 की जनता लहर में मथुरा लोकसभा सीट पर भारतीय लोकदल के मनीराम बागड़ी चुनाव जीते थे। उनकी जीत अब तक की इस सीट पर सबसे बड़ी जीत है। कोई प्रत्याशी उनके रिकार्ड के आसपास तक नहीं पहुंच सका है। बागड़ी हरियाणा के हिसार के रहने वाले थे। 1977 के चुनाव में 3,92,137 वोट पड़े थे। इनमें करीब 77 फीसदी 2,96,518 वोट मनीराम बागड़ी को मिले थे।

### तीन बार रनर रह चुकी है यहां पर बसपा

- बसपा को मथुरा लोकसभा सीट पर हाथी के झूमने का इंतजार है। सपा के यहां मजबूत स्थिति में नहीं होने और कांग्रेस की हालत 2004 के बाद से खराब होने के कारण भाजपा का मुकाबला बसपा ही करती रही है। पार्टी यहां से दिग्गजों पर दांव खेलने के साथ ब्राह्मण-मुस्लिम कार्ड भी खेल चुकी है, लेकिन जीत के लिए तरस रही है। वर्ष 1991 से 2014 तक बसपा यहां अपने दम पर चुनाव लड़ रही है। तीन बार उपविजेता रही है। 2019 में सपा-रालोद के साथ गठबंधन के चलते बसपा का प्रत्याशी मैदान में नहीं था। मथुरा सीट पर करीब डेढ़ लाख अनुसूचित जाति का वोट गिना जाता है।



### लोकसभा चुनाव -2019 का जनादेश






### बसपा ने टिकट बदल संघ से जुड़े पूर्व अधिकारी को उतारा

- मथुरा सीट पर बसपा ने पहले वरिष्ठ पत्रकार कमलकांत उपमन्यु को प्रत्याशी बनाया था। उन्होंने अपना प्रचार भी शुरू कर दिया था, लेकिन अंतिम समय में बसपा ने प्रत्याशी बदलकर पूर्व आइआरएस अधिकारी सुरेश सिंह को टिकट दे दिया। 62 वर्षीय स्कूल संचालक सुरेश सिंह भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी रहे हैं। वह प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई में तैनात रहे हैं। वर्ष 2004 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। उनकी पृष्ठभूमि आरएसएस की रही है। वह विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष भी रहे हैं। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने ऐन वक्त पर उनकी टिकट काट दी थी। 2019 में भी वह भाजपा से टिकट मांग रहे थे। जब नहीं मिला तो बाद में बसपा में शामिल हो गए थे।

- पहले आम चुनाव में राजा महेंद्र प्रताप सिंह हारे, तो अटल बिहारी बाजपेयी की जमानत जब्त हुई
- पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह की पत्नी गायत्री देवी और पुत्री ज्ञानवती को भी यहां से मिली पराजय
- गांधी परिवार के करीबी विदेश मंत्री रहे कुंवर नटवर सिंह भी इस सीट पर सफलता नहीं पा सके
- भरतपुर के राजा विश्वेंद्र सिंह और डींग के राजा मान सिंह को भी इस सीट से चुनाव में हार मिली

**लोकसभा चुनाव 2014 का जनादेश**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| भाजपा | हेमा मालिनी | 6,74,633 |
| रालोद | जयन्त चौधरी | 1,43,890 |
| बसपा | विवेक निगम | 73,572 |
| सपा | दिनेश कर्दम | 36,673 |

## भाजपा और टीएमसी ने ही उतारे सितारे






अपने बयानों से सुर्खियों में रहने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत हिमाचल प्रदेशके मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं।



बांग्ला फिल्मों की अभनेत्री रहीं सांसद लॉकेट चटर्जी को पश्चिम बंगाल की हुगली सीट से भाजपा ने इस बार फिर से मौका दिया है।



टीएमसी ने बांग्ला फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री रचना बनर्जी को लॉकेट चटर्जी के मुकाबले हुगली से मैदान में उतारा है। वह तमिल, तेलगु और उड़िया फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं।



टीएमसी ने पूर्व अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को आसनसोल से चुनाव मैदान में उतारा है। शत्रुघ्न सिन्हा कई बार के सासंद हैं और कांग्रेस छोड़कर टीएमसी में शामिल हुए थे।



दूरदर्शन के रामायण सीरियल में श्रीराम का किरदान निभाकर घर-घर में पहचाने जाने वाले अरुण गोविल को भाजपा ने मेरठ लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है।



भोजपुरी फिल्मों के सिंगर और एक्टर मनोज तिवारी भाजपा के टिकट पर फिर से उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।



दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ को भाजपा ने उपचुनाव जीतने के बाद आजमगढ़ सीट से दोबारा मैदान में उतारा है।



बॉलीवुड और भोजपुरी फिल्मों के स्टार रहे रवि किशन को गोरखपुर सीट से भाजपा ने एक बार फिर टिकट दिया है।

**वादे और इरादे** | भाजपा घोषणापत्र समिति की पहली बैठक में मुद्दों और सुझावों पर हुआ मंथन

# 'विकसित भारत' भाजपा के संकल्प पत्र का प्रमुख एजेंडा

चुनाव डेस्क, नयी दिल्ली

**अमृत विचार।** भाजपा चुनाव घोषणापत्र समिति की पहली बैठक में केंद्र सरकार के 'विकसित भारत' एजेंडा को चुनाव में इसे किस तरह पेश किया जाए, इसकी रूपरेखा पर गहन मंत्रणा हुई। बैठक में 2047 तक विकसित भारत बनाने के खाके पर भी चर्चा की गई। भाजपा अपने चुनाव घोषणा पत्र को संकल्प पत्र के नाम से जारी करती है। सूत्रों के मुताबिक 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान से पहले भाजपा अपना घोषणा पत्र जारी कर सकती है।

लोकसभा चुनाव में भाजपा की तरफ से किए जाने वाले प्रमुख वादों पर विचार-विमर्श करने के लिए आठ केंद्रीय मंत्रियों और तीन मुख्यमंत्रियों ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ सोमवार को बैठक की। इसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने की। घोषणा पत्र समिति के सह संयोजक और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि पार्टी को अपनी मिस्ड कॉल सेवा के माध्यम से 3.75 लाख से अधिक सुझाव मिले हैं। इसी तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐप (नमो) पर लगभग 1.70 लाख सुझाव आए हैं। भाजपा के घोषणापत्र में लोगों की यह उत्साहपूर्ण भागीदारी प्रधानमंत्री में उनके भरोसे और उनसे उनकी अपेक्षाओं को दर्शाती है। अब लोगों में मिले सभी सुझावों को विभिन्न श्रेणियों में बांटा जाएगा। इसके बाद समिति की अगली बैठक में विचार विमर्श करके सर्वोत्तम को छांटा जाएगा। गोयल ने कहा कि देश के 3,500 विधानसभा क्षेत्रों में 916 वीडियो वैन भी चलाई गईं, जो लोगों तक पहुंची और घोषणापत्र के लिए उनके विचार मांगे। भाजपा ने पिछले माह लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की थी। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसके लिए 'विकसित भारत मोदी की गारंटी' वीडियो वाहन को हरी झंडी दिखाई थी। इसके जरिए पार्टी ने लोगों के सुझाव लिए हैं। जो उपयुक्त लगेंगे उन्हें घोषणा पत्र में समाहित किया जाएगा।

**राम मंदिर, धारा 370 जैसे मुद्दे रहेंगे नदारद :** कई दशकों में यह पहली बार है कि भाजपा के कुछ प्रमुख वैचारिक वादों का चुनावी घोषणापत्र में उल्लेख नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और राम मंदिर के निर्माण के साथ दो प्रमुख वैचारिक वादे पूरे किए जा चुके हैं।

**3.75** लाख से अधिक सुझाव मिस्ड कॉल सेवा से आए

**1.70** लाख सुझाव नमो एप के जरिए भाजपा को प्राप्त हुए

**19** अप्रैल पहले चरण के मतदान से पहले आएगा संकल्प पत्र

### गरीबों, युवाओं, महिलाओं व किसानों को मिलेगी प्रमुखता

- माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए अपनी सरकार की प्राथमिकताओं को लगातार रेखांकित किए जाने को देखते हुए पार्टी इनसे जुड़े मुद्दों को घोषणा पत्र में प्रमुखता दे सकती है।

### मोदी के तीसरे कार्यकाल के बड़े फैसलों की नजर आएगी बानगी

- प्रधानमंत्री मोदी अक्सर इस बात पर जोर देते रहे हैं कि उनके तीसरे कार्यकाल में बड़े फैसले लिये जाएंगे। उन्होंने आज भी एक कार्यक्रम में कहा, 'पिछले 10 वर्षों में जो हुआ वह तो सिर्फ ट्रेलर है अभी तो देश को बहुत आगे लेकर जाना है, विकसित भारत बनाना है'। ऐसे में घोषणा पत्र को लेकर चर्चा जोर पकड़ रही है।

### राजनाथ की अगुवाई में 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति

भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति गठित की है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को संयोजक तथा पीयूष गोयल को सह संयोजक बनाया गया है। समिति में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर के अलावा पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों में गुजरात के भूपेंद्र पटेल, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, असम के हिमंत विश्व शर्मा और छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय के नाम हैं, पूर्व मुख्यमंत्रियों में शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे शामिल हैं। समिति के अन्य सदस्यों में पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राधामोहन दास अग्रवाल, राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा, ओपी धनखड़, अनिल एंटनी को लिया गया है। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह 2019 में भी घोषणा पत्र समिति के प्रमुख थे। इस समिति के कई सदस्यों को मौजूदा समिति में दोबारा जगह दी गई है।



**पहाड़ की बेटी** ● हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सिने तारिका कंगना रनौत भीमाकाली मंदिर से बाहर आईं तो लोगों ने मालाओं से लाद दिया।

## राहुल को लोकतंत्र की परिभाषा नहीं पता : कंगना

मंडी

हिमाचल प्रदेश के मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बॉलीवुड स्टार कंगना रनौत ने सोमवार को मंडी में कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जोरदार जुबानी हमला बोला। कंगना ने भीमाकाली मंदिर सभागार में मीडिया से कहा कि राहुल गांधी को लोकतंत्र की परिभाषा तक नहीं मालूम है। वह किस लोकतंत्र की हत्या की बात कर रहे हैं।

हम लोकतंत्र में रहकर ही चुनाव लड़ रहे हैं और इसे ही असली लोकतंत्र कहते हैं। कंगना ने कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत की टिप्पणी को लेकर कहा कि इस पर ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं है। मंडी संसदीय क्षेत्र के मतदाता वोट के माध्यम से कांग्रेस को करारा जवाब देंगे। कंगना ने दावा किया कि भाजपा चारों लोकसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर भी मौजूद रहे।

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है ।

## संपादकीय


# बाज नहीं आ रहा चीन

अरुणाचल प्रदेश को लेकर भारत और चीन के बीच फिर विवाद बढ़ सकता है। चीन ने भारतीय राज्य में विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी सूची जारी की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ये सभी नाम चीनी अक्षरों में लिखे गए हैं। चीन ने ये नाम पहाड़ों, नदियों और कुछ प्रमुख स्थानों के रखे हैं। जबकि चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने की कवायद को भारत खारिज करता रहा है। गत दिवस ही भारत-भूटान सीमा पर बसाए गए नए गांव में चीन ने तिब्बत पर कब्जे की 65वीं वर्षगांठ बनाई है। गौरतलब है कि चीन भारत से सटी सीमाओं पर कई गांवों का निर्माण कर रहा है, जिसकी आड़ में चीन के सैनिकों को क्षेत्र में बड़ी संख्या में तैनात किया जा रहा है।

चौथी सूची जारी करने के साथ ये भी कहा गया है कि इन नामों को 1 मई, 2024 से लागू किया जाएगा। बता दें कि चीन अरुणाचल प्रदेश को जंगनान के रूप में मान्यता देता है। चीन ने मार्च के शुरुआत में इस क्षेत्र पर अपना दावा ठहराते हुए कहा था कि अरुणाचल प्रदेश चीन का अंतर्निहित हिस्सा है। चीनी सरकार ने अप्रैल 2023 में चीनी अक्षरों, तिब्बती और पिनयिन का उपयोग करके क्षेत्र में 11 नामों को तय किया था, जो तीसरी लिस्ट थी। पहली लिस्ट 2017 में आई थी, जबकि दूसरी 2021 में जारी की गई थी। यही नहीं चीन ने 11 मार्च को सेला सुरंग का उद्घाटन करने अरुणाचल प्रदेश पहुंचे पीएम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे का विरोध किया था। भारत ने हमेशा चीन के दावों को खारिज करते हुए अरुणाचल प्रदेश को अपना अभिन्न अंग बताया है। चीन लगातार भारत विरोधी कदम उठाकर नापाक चाल चलने से बाज नहीं आ रहा है।

हालांकि भारत ने हमेशा चीन के दावों को खारिज करते हुए अरुणाचल प्रदेश को अपना अभिन्न अंग बताया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन द्वारा बार-बार किए जा रहे दावे को 23 मार्च को बेतुका करार देते हुए इसे खारिज कर दिया था और कहा था कि यह सीमांत राज्य भारत का स्वाभाविक हिस्सा है। उन्होंने नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के 'साउथ एशियन स्टडीज इंस्टीट्यूट' में एक व्याख्यान देने के बाद अरुणाचल मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में कहा था कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। ये दावे शुरू से बेतुके हैं और आज भी बेतुके ही हैं। ऐसे में जरूरी है कि चीन की आक्रामक नीति पर अंकुश लगाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर चीन को अलग-थलग करने की कोशिश करनी चाहिए।

# जानकारी और ज्ञान का फर्क समझना होगा



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

सयाना व्यक्ति आमजन के बीच कितने दर्जे तक पढ़ा है या प्रोफेशनल कोर्स करके कुछ करने की दक्षता हासिल की है आदि के बारे में जिक्र नहीं करता। 'जैसा जग, वैसा ढंग' वाला फार्मूला अपना कर हर किस्म के समाज में सहज-से बात हो जाती है। औरों की कही को सुनना अधिक उचित है।

पढ़ा-लिखा होने का असली मतलब क्या है? सामान्य तरीके से अंग्रेजी में 'एजुकेटेड' कहें तो हिंदी भाषा में इसका शब्दानुवाद 'पढ़ा-लिखा' और संस्कारी होता है। मतलब यह कि सामान्य और कम शिक्षित व्यक्ति से कुछ ऊपर की वैसी पढ़ाई किया हुआ व्यक्ति जिसने हाई स्कूल लेवल तक पढ़ाई की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा के देहात में 'यू घणा पढ़ा लिखा माणस सै' आशय उस व्यक्ति के लिए प्रयुक्त किया जाता है जिसने न केवल उच्च शिक्षा अर्जित की है वरन स्वाध्याय से भी जानकारी का अपना स्तर बढ़ाया है।

सयाना व्यक्ति आमजन के बीच कितने दर्जे तक पढ़ा है या प्रोफेशनल कोर्स करके कुछ करने की दक्षता हासिल की है आदि के बारे में जिक्र नहीं करता। 'जैसा जग, वैसा ढंग' वाला फार्मूला अपना कर हर किस्म के समाज में सहज-से बात हो जाती है। औरों की कही को सुनना अधिक उचित है। किसी खास बात पर अपनी राय भी 'रिज़र्व' रखनी चाहिए। कहते हैं न, बात की वैल्यू तभी होती है जब अपनी बराबर के स्तर वालों से जाए। आमजन अमूमन ऊंचे दर्जे वाली टेक्निकल या वैज्ञानिक जानकारी समझ नहीं पाता। मिश्रित और सामान्य जानकारी वाले समाज में ऊंचे ज्ञान वाली बात की कद्र नहीं होगी और हो सकता है खिल्ली भी उड़े। ज्ञानवान को ज्ञान के उपेक्षा नहीं सुहाती, क्योंकि बात की गहराई को नहीं समझने वाले वाले लोगों के लिए इसका परिप्रेक्ष्य और कॉन्टेक्स्ट विशिष्ट हो सकता है।

सोशल मीडिया पर ज्ञान की बांटने की जरूरत नहीं, ऐसा बहुतों का विचार है फिर भी प्रबुद्ध बने रहकर मित्र लोग ज्ञान की बातें शेयर करते रहते हैं। जिसे लेना है लेता है और रुचि नहीं या समझ से परे दिखता है या मित्रों को पहले से मालूम है, तो भी इसमें उपेक्षित महसूस नहीं करना है। अपेक्षा न किसी से रखें कि वह एक ख़ास कंटेंट से बौद्धिक रूप से इंडलजेन्स शो करेगा या उसे करनी चाहिए। वह खुद को इन्वोल्व तब करेगा जब एक उपयुक्त जवाब देने के लिए दूसरे के मन में बौद्धिक रूप से कुलमुलाहट होगी। इसमें बौद्धिक क्षमता और एनर्जी का इस्तेमाल होता है। ऐसे में दो सिद्धांत याद रखने जरूरी हैः एक, ज्ञान बाटेंगे तो अपनी

सोशल मीडिया पर ज्ञान की बांटने की जरूरत नहीं, ऐसा बहुतों का विचार है फिर भी प्रबुद्ध बने रहकर मित्र लोग ज्ञान की बातें शेयर करते रहते हैं। जिसे लेना है लेता है और रुचि नहीं या समझ से परे दिखता है या मित्रों को पहले से मालूम है, तो भी इसमें उपेक्षित महसूस नहीं करना है।

भी एक्सरसाइज होती है और यह बढ़ता है। दूसरे का स्तर बढ़ता है या नहीं, इसका फीडबैक नहीं मिलता। व्यक्तिगत तौर से परिचित लोग भी कन्नी काटते हैं। अनुभव यह भी कहता है कि लोग बात को पकड़ते जरूरत हैं, लेकिन रियेक्ट नहीं करते। सोचते हैं क्यों उलझा जाए। नए ज्ञान का सृजन करने के पश्चात इसके कन्फर्मेशन के लिए अकादमिक जगत में सह-बौद्धिकों से सहयोग -रिजेक्शन या अप्रूवल, अगर नहीं मिलता तो विश्व में आज ज्ञान का कारोबार इतना विशाल न हुआ होता। कारोबार का अर्थ ज्ञान सृजन में संसाधनों (पूंजी और स्किल्ड मनुष्य) के निवेश और ज्ञान के प्रसार -प्रिंटिंग एंड सर्कुलेशन, से है।

जानकारी और ज्ञान में क्या फर्क है। पहले तो यही समझना जरूरी है कि ज्ञानोदय से पहले जानकारी एक आधार रूप में मौजूद है, यह शर्त पूरी करनी होती है। जानकारी का मौके के अनुकूल विश्लेषण और एप्लीकेशन ज्ञानवान बनने के लिए जरूरी है। इसके रिजल्ट्स से ही विजडम पैदा होती। देखा गया है कि विजडम का ताल्लुक शतप्रतिशत इस बात से नहीं होता कि एक व्यक्ति का औपचारिक शिक्षा का स्तर कितना है बल्कि इससे कि उसकी ऑब्ज़र्वेशन और एनालिसिस की पॉवर कितनी सशक्त है। ये दोनों तत्व एक व्यक्ति के शैक्षिक स्तर और उसके परिवेशी अध्ययन और अनुभव से मिलते हैं तो व्यक्ति में ज्ञान का उदय होता है। यह धीरे-धीरे बढ़ता है। इसमें कभी 'क्वांटम जम्प' नहीं होता। अनुभव न होने से 'प्रोडिजीज' में(मेधावी) भी गलतियां करते हैं और अनेक बार दुर्घटना हो जाती है। ज्ञान किसी और तरीके से फंक्शन करता है और जानकारी का उच्च स्तर किसी और तरीके से। ज्ञान और विजडम को क्या मापा जा सकता है और इसे क्वांटिफाई किया जा सकता अर्थात क्या इसकी नुमेरिकल वैल्यूज तय करके इनकी 'स्टेटिस्टिकल सिग्निफिकेंस' तय की जा सकती है। एक्सपेरिमेंटल साइकोलॉजिस्ट्स इस बारे में क्या कहते हैं? ऐसा करने की पद्धति क्या है? और, मापन के समय गणना करते समय 'अनजान त्रुटियों' को निरस्त करने का फार्मूला लगाने के बावजूद क्या ऐसे नतीजों को स्वीकार किया जा सकता है? बड़ी बात यह है कि मैय्यर (मापन) किये जाने के बाद सावधानीवश यह चेतावनी या पूर्व-कथन (डिस्क्लेमर) इस नतीजे पर लगा दिया जाता है कि उक्त गणना केवल तात्कालिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए है, दीर्घावधि के लिए या अमान्य है। इसलिए कि दस साल बाद व्यक्ति का बौद्धिक विकास होने या न होने से स्थिति बदली हुई होगी और अगर पिछला डेटा किसी अगले या वर्तमान समय में एक निर्णय के लिए इस्तेमाल किया जाना है तो व्यक्ति को गंभीर हानि हो सकती है। यह उसके लिए अन्यायपूर्ण हो सकता है क्योंकि इसके कानूनी निहितार्थ भी हैं।

हमारे यहां अंग्रेजों के मैनर्स, कस्टम्स अर्थात सिविल लाइफ का बड़ा इन्फ्लुएंस रहा है। हमारे यहां भी ये सब व्यवहारिक तत्व प्रत्येक कम्युनिटी में मौजूद हैं। पहले बिंदु की बात करें तो हमारे यहां अदब में नाटकीयता कम है, लेकिन हाव-भाव अर्थात भंगिमाओं का अंश अधिक है। समाज में उच्च संस्कारित व्यक्ति की पहचान का एक तत्व 'अदब' है जिसे हम अपने महापुरुषों, जैसे कि राजकुलों में पैदा हुए श्रीराम जैसों और श्री हनुमान के जीवनचरित का अध्ययन करके जान सकते हैं जोकि अक्सर ही टेक्स्ट्स या एपिक्स के जरिये से मालूम होता है। लेकिन अंग्रेजों के अदब का परिचय हमें भारत में नियुक्त अफसरों और वाइसराय के दरबार आदि के संचालनों और दैनंदिन की शासकीय और सिविल लाइफ के कोड्स से ही मालूम होता है। हमारे अपने सामान्य जीवन में यह पारिवारिक ताल्लुकों के जरिये से मालूम होता है। एक अपढ़ बाप की बेटा या बेटी अगर विश्व स्तरीय वैज्ञानिक या विद्वान् है तो वह अपने पिता से पेश आते समय भारतीय अदब का ही पालन करेगा। अपने पिता से मिलते हुए वह अपना ज्ञान नहीं बघारेगा क्योंकि पिता और संतान का कार्यक्षेत्र अलग है। इसलिए मेरे हिसाब से भारत में पढ़ा-लिखा होने का मतलब जानकारी के आधिक्य से नहीं बल्कि 'नाते' या ताल्लुक से पैदा हुए अदब से अधिक होना चाहिए।

पारंपरिक नज़रिए से भारत में अफसर होने की सोच एक समय पर सिर्फ थानेदार, पटवारी और स्कूल मास्टर और क्लर्क या बाबू के पद पर नियुक्त हो जाने तक सीमित रही थी। अब हजारों नए काम पैदा हो गए हैं इसलिए अफसरों का डेजिग्नेशन बदला है तब भी पुराणी सोच वाले लोग अकसर यह पूछ लेते हैं कि अमुक व्यक्ति पटवारी, मास्टर और थानेदार से बड़ा है या छोटा! खैर, इस बाबत बहुत तरीके से बात हो सकती है, और बहुतों की एक्सप्लेनेशंस बिलकुल अलग तरीके से पेश हो सकती हैं, परन्तु समाज में निचले और मामूली पढ़े लिखे लोगों की संयुक्त सोच या 'कलेक्टिव साइकोलॉजी' ऐसी है कि वे संकोची हैं तो तथाकथित 'पढ़े-लिखे' के आगे चुप रहेंगे या उसकी तरफ अधिक ध्यान न देते हुए दिनचर्या पूरी करते रहेंगे लेकिन उपेक्षा नहीं दिखाएंगे, रिजेक्ट तो करेंगे ही नहीं। 'कुछ लोग' बेशक उसे 'तिरस्कार' की नज़र से भी देख लें। जैसे कि समाज में निचले तबके का कोई व्यक्ति अगर एक इंटरनेशनल साइंटिस्ट या स्कॉलर हो गया है उसे दंभी व्यक्ति इसलिए तिरस्कृत करेंगे कि उसके परिवार की बैकग्राउंड 'निम्न' धंधे वाली रही है। इस बारे में देश में उच्च वर्णों में वर्ग विशेष की 'कलेक्टिव साइकोलॉजी' कैसे काम करती रही है, इससे हमारा परिचय है ही। उच्च वर्णों में मामूली पढ़ा-लिखा भी बड़ा आदर पाया करता, लेकिन अब स्थिति बदली है। यह विडं बना है कि समाज में बैठने वाले एक उच्च शिक्षित व्यक्ति से उसकी क्वालिफिकेशन और आय के अलावा जाति आज भी जरूर पूछी जाती है। समाज में कुछ ढीठ लोग किसी भी उच्च शिक्षित को तिरस्कार के भाव से यह जरूर कह सकते हैं कि 'पढ़ा-लिखा तो जरूर है, लेकिन पटवारी या थानेदार तो नहीं'। ऐसे में कोई क्या कर लेगा!

## प्रसंगवश

# विदेशी संबंध और भारत



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अंतर्गत कोई देश किसी अन्य देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकता। इस स्पष्ट व्यवस्था के रहते हुए भी यह पाया जा रहा है कि कुछ विदेशी शक्तियां भारत के अंदरूनी मामलों में दखल करती हैं। संप्रति दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने को लेकर ऐसे दखल के उदाहरण एकदम स्पष्ट हैं। पहले जर्मनी ने टोका टोकी की, फिर अमेरिका बोला और अब संयुक्त राष्ट्रसंघ इस घटना पर चिंता प्रकट कर रहा है। थोड़ा ही पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी जेल भेजे गए थे, तब कोई बाहरी देश नहीं बोला था। पिछले दिनों नागरिकता संशोधन अधिनियम देश में लागू हुआ, तो सत्तावन इस्लामिक देशों के सहयोग संगठन ने इस पर विरोधात्मक बयान दिया। यही नहीं इस संगठन ने अयोध्या राम मंदिर मामले के फैसले को लेकर भी चिंता जाहिर की और बयानबाजी की। एक अन्य उदाहरण कनाडा का है। वहां से खालिस्तान समर्थक अलगाववादी भारत विरोधी संगठन संचालित और सिंचित होता रहता है। इस संगठन के नेता हरदीपसिंह निज्जर की विगत में वहां हत्या हुई थी, जिसका सीधा आरोप वहां की सरकार ने भारत पर लगा दिया था। तुर्किये (टर्की) अमेरिका नीत नाटो का सदस्य है और हमारे खिलाफ बोलता रहता है। छोटे से देश मालदीव ने चीन के इशारे पर हमें आंखें दिखाकर वहां से हमारी सेना हटवाने की जिद की है और हटवा रहा है। वह 'इंडिया आउट' अभियान चला रहा है। लंका, जिसकी हम मदद करते रहे हैं, चीन के ऐसे जलपोतों को अपने बंदरगाह पर हफ्तों लंगर डालकर खड़े रहने की अनुमति दे देता है,जो निकट से हमारी जासूसी करते हैं। यही नहीं कुछ मास पूर्व पाकिस्तान स्थित अमेरिकी राजदूत डेविड ब्लोम ने पाक अधिकृत कश्मीर की छह दिवसीय यात्रा की, जिसे भारत अपना कहता है। खबर मिलने पर भारत ने आपत्ति भी की थी। नेपाल और भूटान भी अब चीनी प्रभाव में दिख रहे हैं। भूटान की जमीन पर चीन अपना कब्जा बढ़ा रहा है। यह सब क्यों है? क्या भारत कमजोर है या इसे ताकतवर होते देख वाह्य शक्तियां ईर्ष्यावश ऐसा करती हैं? अथवा हमारी विदेश नीति में कोई कभी है? जो भी हो, हमें आत्ममुग्ध रहने की बजाय आत्म निरीक्षण करके स्थितियां सुधारनी चाहिए।

# दुर्दांत अपराधियों का प्रभा मंडल



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी
पुलिस, उप्र.

आज देश की राजनीति धर्म और जाति आधारित हो गई है। आसन्न चुनाव में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी,शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, विकास आदि मुद्दा नहीं रह गए हैं।

बदलते समाज के साथ ही समाज के प्रभावशाली व्यक्तित्व की परिभाषा भी बदलती रहती है। कभी विदेशी मुस्लिम आक्रांताओं से लोहा लेने वाले व्यक्ति-राणा प्रताप, चांदबीबी, दुर्गावती, शिवाजी हमारे पूजनीय हुआ करते थे, कभी स्वतंत्रता हेतु बलिदान करने या संघर्ष करने वाले-मंगल पांडेय, रानी लक्ष्मीबाई, बाबू कुंवर सिंह, चाफेकर बंधू,बाल, लाल, पाल, भगत सिंह, गांधी, सुभाष, नेहरू हमारे नायक होते थे। सामाजिक मूल्यों के पतन के साथ हमारे नायकों में भी परिवर्तन हो रहा है। आज विद्वान अध्यापक, डाक्टर, इंजीनियर, सज्जन नौकरशाह, शरीफ राजनीतिज्ञ व समाजसेवी से अधिक बाहुबली, धनबली, कुख्यात राजनीतिज्ञ, तस्कर, अपराधी आदि समाज के प्रेरक व्यक्तित्व हो गए हैं। मैं 1986-89 में सीओ कोतवाली इलाहाबाद था, उस समय शहर में मौला भुक्खल तथा अतीक अहमद बड़े अपराधी हुआ करते थे। हम प्रायः भुक्खल महाराज, अतीक अहमद के घर दबिश देते रहते थे। 1988 के उप चुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह इलाहाबाद में कांग्रेस के विरोध में ऐतिहासिक चुनाव लड़ रहे थे, उनको हराने में सहयोग देने के लिए भुक्खल को चुनाव तक गिरफ्तार न करने के आदेश मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए थे और वह प्रचार के नाम पर शहर और देहात में निर्भय भ्रमण करते थे। वर्ष 1993 में जब मैं पुलिस अधीक्षक नगर होकर इलाहाबाद लौटा तो अतीक अहमद विधायक हो चुके थे। उसका कद इतना बढ़ गया कि वरिष्ठ अधिकारी उसकी कृपा के आकांक्षी रहते थे। 2009 के लोकसभा चुनाव के समय मैं डीआईजी झांसी था और अतीक ललितपुर जेल में निरुद्ध थे, उनके पूर्व परिचित, आयुक्त झांसी मंडल उससे जेल में मिलने हेतु आकुल थे, बहुत मुश्किल से उन्हें मैं रोक पाया। वर्ष 1995 में मैं पुलिस अधीक्षक नगर वाराणसी था। अगस्त में संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में मुख्यमंत्री मायावती की जनसभा तब तक प्रारंभ नहीं हुई जब तक मुख्तार अंसारी गाजीपुर जेल से छूट कर 70 बस तथा नौ कारों के काफिले के साथ सभास्थल पर पहुंच कर मंचासीन नहीं हो गए। बाद में तो सपा, बसपा की सरकारों में वह एक महत्वपूर्ण शख्शियत और अपराध जगत के बेताज बादशाह हो गए थे। एक डिप्टी एसपी द्वारा उनके गैंग की लाइट मशीन गन की बरामदगी दिखाने पर उसे सरकार द्वारा इतना उत्पीड़ित किया गया कि उसे पुलिस सेवा त्यागनी पड़ी। ऐसे बहुत से स्वनामधन्य बड़े अपराधी हैं जो सरकार की कृपा से जनता और अधिकारियों पर भारी पड़ते हैं। बड़े अपराधी पैसा, जाति एवं धर्म का सहारा लेकर अपनी बिरादरी तथा क्षेत्र के राबिन हुड बन जाते हैं और विधानसभा तथा संसद की शोभा तक बढ़ाते हैं। अतीक की पुलिस अभिरक्षा में हत्या तथा मुख्तार अंसारी की न्यायिक अभिरक्षा (जेल) में हुई मृत्यु दुखद है जिसमें बाद जांच दोषियों को दंड दिया जाना चाहिए परंतु उनके जनाजे में उपस्थित जनसमूह तथा कतिपय राजनीतिक दलों द्वारा दी गई प्रतिक्रियाएं अपराधियों के महिमा मंडन का ज्वलंत उदाहरण है। कोई भी राजनीतिक दल ऐसा नहीं है जो बाहुबलियों की उपेक्षा कर सके, कोई उन्नीस है तो कोई बीस। हमें अपराधियों के इस महिमामंडन को रोकना ही होगा नहीं तो देश पर माफियाओं का आधिपत्य हो जाएगा। आज देश की राजनीति धर्म और जाति आधारित हो गई है। आसन्न लोकसभा चुनाव में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, विकास आदि मुद्दा नहीं रह गए हैं, जाति, धर्म, पैसा, शराब पर ही चुनाव लड़ा जाएगा। चुनावी बिगुल बजते ही दल बदल का खेल चरम पर है। प्रत्येक दल अपने यहां धुलाई मशीन लगा रखी है जो विरोधी दल के भ्रष्ट, अपराधी नेताओं को अपने दल में सम्मिलित कराकर उनका शुद्धिकरण कर दे रहे हैं। पहले मायावती जी ही पैसा लेकर टिकट देने के लिए जानी जाती थी, अब कमोवेश हर दल में यह चलन बढ़ा है। अब दिखावे के लिए भी कोई दल नैतिकता की बात नहीं करता। दलों का गठबंधन सिद्धांत पर न होकर, आपसी स्वार्थ पर हो रहा है। स्थानीय दलों में परिवारवाद चरम पर है। ईमानदारी और नैतिकता के नाम पर आए केजरीवाल तो जेल से ही सरकार चलाने का कीर्तिमान बना रहे हैं। झारखंडी हेमंत सोरेन जेल जाते समय मुख्यमंत्री पद त्यागने पर अब पछता रहे होंगे। चुनाव आयोग मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जनजागरण अभियान चला रहा है लेकिन अच्छे तथा बेदाग चरित्र वाले ही प्रत्याशी बने, इस पर वह तथा सर्वोच्च न्यायालय मौन है। अब प्रश्न है कि जब सभी दल एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं और बेदाग प्रत्याशी नहीं उतार रहे हैं तो हम मतदान क्यों करें?और यदि नहीं करते या नोटा का बटन दबाते हैं तो भी उन्ही दागी प्रत्याशियों में से कोई एक चुना जाएगा। इस विषय पर संविधान मौन और जिम्मेदार मतदाता असमंजस में है। अब तो बुरों में भी कम बुरा प्रत्याशी और राजनैतिक दल को तलाश कर ही मत देने का विचार करना पड़ेगा।

## सोशल फोरम

# एलुमनाई अब एक नई जाति है



संजय वर्मा
इंदौर

यह सब कोई पंद्रह बीस साल पहले शुरू हुआ। मोबाइल ने रोजी रोटी की तलाश में दुनिया के मेले में बिछड़े सहपाठियों को ढूंढना मिलना आसान कर दिया। कुछ उत्साही लोगों ने मिलन समारोह रखे। बातें शुरू तो हुई-तुझे याद है हम कैसे क्लास बंक कर कचोरी खाने जाते थे। पर जल्द ही लोगों को समझ में आ गया कि मामला चड्डी बड्डी की बातें करने से कहीं ज्यादा गंभीर है। यह रेडी मेड नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म मिलने जैसा था। राजनीतिक कनेक्शन, खदानों के ठेके, ऑर्डरों की जुगाड़, नौकरी में प्रमोशन, बच्चों के वैवाहिक संबंध जैसे तमाम मामलों में इन कॉलेज के दोस्तों से सलाह और मदद आने लगी। बात की बात में अनौपचारिक मिलन समारोह एक औपचारिक संस्था में बदल गए। लोग नए शहर में जाने से पहले अपने कॉलेज पास आउट जूनियर सीनियर बंदों के फोन नंबर जुगाड़ने लगे। अचानक लोगों को इन एलुमनाई एसोसिएशन से वही महत्व और संरक्षण मिलने लगा जो किसी जमाने में सरकारी नौकरी में ठाकुर या बामन लॉबी अपने जाति भाइयों को दिया करती थी। अब हालत ये है कि कॉरपोरेट में नौकरी देते समय यह देखा जाने लगा है कि इस उम्मीदवार के पीछे खड़ा एलुमनाई एसोसिएशन इसे ऑर्डर लाने, सरकार से काम निकलवाने में कितनी मदद करेग। पार्टियों में नए मिले लोग जाति धर्म के अलावा यह जानना चाहते हैं कि आप कौन से कॉलेज से पढ़े हैं। एलुमनाई संगठन एक बड़ा सामाजिक बदलाव है। एक नई जाति का उदय हुआ है। बेशक इसकी बुनियाद में व्यापार व्यावसायिक फायदे ही थे लेकिन धीरे-धीरे यह एक एक्सटेंडेड फैमिली का रोल भी अदा कर रही है। शायद संयुक्त परिवार और गांव की पंचायत के छूट जाने से दिल दिमाग में जो खालीपन पैदा हुआ है ये एलुमनाई शायद उसे ही भर रहे हैं। देखना दिलचस्प होगा कि क्या आने वाले दिनों में इस नई जाति में भी उसी तरह की कट्टरता आ जाएगी जैसे दूसरी जाति धर्म में होती है? हो सकता है आईआईएम अहमदाबाद वाले सिर्फ आईआईएम वालों को ही नौकरी पर रखें। ये भी संभव है कि वे छोटे कस्बाई कॉलेज वालों से छुआ छूत रखें। इंसान का मन जुड़ने के लिए कैसे-कैसे बहाने करता है, एलुमनाई उसकी एक मिसाल।

-फेसबुक वॉल से

# अपनी नगरी में निसर्ग के अद्भुत संकेत



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

मयूर नृत्य–नदेसर पैलेस की सबसे बड़ी मनमोहकता है उसकी विशाल हरीतिमा, पेड़ पौधों से आच्छादित प्रशस्त परिसर जिसमें विविध प्रकार के खग–पक्षी, मयूर, चिखुरी, कोयल, शुक–सारिका उन्मुक्त विहार करते हैं।

अपने गुरुकुल भूमि की सोंधी महक किसे अच्छी नहीं लगती? काशी और काशी हिंदू विश्वविद्यालय को मैं भावनात्मक रूप से दूसरी जन्मभूमि मानता हूं। इसलिए जब मेरी ज्येष्ठ बेटी ने नाती तथा दामाद के साथ बनारस चलने की इच्छा प्रकट की तो मैं तुरंत सहमत हो गया। हम लोग सपरिवार वायु यात्रा से वाराणसी के लालबहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर गोधूलि बेला में पहुंचे। बहुत शीघ्र ही हम अपने गंतव्य नदेसर स्थित महाराज काशीनरेश के पुराने राजभवन (नदेसर पैलेस) जो अब नदेसर ताज पैलेस के नाम से सुविख्यात है, पहुंच गए। वहां हम सबका स्वागत शंखनाद, वेद ध्वनि, पुष्पवर्षा, मंगल -तिलक, स्वस्तिवाचन तथा गंगाजी की मिट्टी से बने सुरुचिपूर्ण आकर्षक माल्यार्पण से हुआ। यद्यपि मैं बनारस में काफी लंबी अवधि तक रहा पर मुझे नदेसर पैलेस के इस वैभवशाली सांस्कृतिक परंपरा का बिल्कुल भी आभास नहीं था। आवश्यक औपचारिकताओं के बाद हम लोग अपने अपने कक्ष में चले गए। मुझे जो कक्ष मिला वह संयोग से कश्मीर के पूर्व महाराजा कर्ण सिंह और उनके परिवार के अतिथि निवास का साक्षी रह चुका था। यह बात मेरे नाती के मन में गुदगुदी पैदा करती थी।

हम लोग करीब तीन दिनों तक नदेसर पैलेस प्रांगण में रुके और उस अवधि में दशाश्वमेध स्नान, संकटमोचन, काशी विश्वनाथ, काशी घाट दर्शन, गंगा आरती, काल भैरव, दुर्गाजी, वनकटी, दुर्गविनायक, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर का विहंगम परिभ्रमण, अपने पूर्व आवास ओल्ड एफ टू जोधपुर का कायाकल्प, प्रिंसिपल कालोनी स्थित प्राचीन हनुमानजी, 1971 के दशक में नगवां स्थित अमेठी कोठी के अपने आरंभिक निवास का जायजा लिया, आनंद उठाया। शहर के उत्तरी छोर पर स्थित भगवान बुद्ध की पीठस्थली सारनाथ भी गए। नवनिर्मित बौद्ध विश्वविद्यालय देखा। इस संपूर्ण प्रवास में निसर्ग की कुछ लीलाएं देखीं। काशी की विशिष्टताएं देखीं। उनमें से कुछ उल्लेखनीय घटनाएंः

एक गिलहरी का अध्यवसाय–प्रवास की पहली सुबह पैलेस परिसर में स्थित नंदीश्वर मंदिर की पूजा आरती में सम्मिलित होने गया। वहां पर मैंने एक अद्भुत नजारा देखा। एक गिलहरी मंदिर के कोने में बने एक दीप प्रकोष्ठ के छोटे सुराख के अंदर अपने मुख में कुछ भोज्य पदार्थ लेकर अंदर घुसने का प्रयत्न कर रही थी। अंततः उसने ऐसी सूझबूझ दिखाई की मैं हतप्रभ रह गया। गिलहरी ने भोज्य पदार्थ प्रकोष्ठ के छिद्र पर अटका दिया और प्रकोष्ठ की पिछली दीवाल से अंदर प्रवेश कर उस भोज्य पदार्थ को अंदर घसीट लिया। एक नन्हें से जीव द्वारा कमाल का चातुर्य और अध्यवसाय।

इस छोटी सी लगने वाली घटना ने मुझे सेतुबंध रामेश्वर के उस दृश्य का स्मरण करा दिया। कहते हैं दयानिधान राघवेंद्र श्रीराम के दुलारभरे हाथों की रेखाएं गिलहरियों के पृष्ठ भाग में आज भी उपस्थित हैं। मेरे मन में नंदीश्वर महादेव के सानिध्य में बने निर्मित प्रकोष्ठों के अत्यंत संकीर्ण छिद्रों के अंदर उस गिलहरी द्वारा घुसकर अपने भोज्य पदार्थ को ले जाने की घटना एक असाधारण अध्यवसाय की बात थी जिससे जीवन में बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

अस्वस्थ अश्वत्थ–काशी में कोई आस्तिक आए और बिना संकटमोचन, दुर्गाजी, दुर्गविनायक तथा वनकटी दर्शन किये बिना लौट जाए ऐसा हो ही नहीं सकता। हमने होटल से एक ई-रिक्शा किया और सीधे दुर्गाजी के निकट स्थित वनकटी हनुमान जी के दर्शन-पूजन किए। अब वहां पर तीसरी पीढ़ी के पुजारी जी थे। 1960 के दशक में वृद्ध तिवारी जी मंदिर की देखभाल करते थे, उनके बाद उनके दामाद स्वर्गीय रामगोपाल मिश्रजी और अब उनके भतीजे धनंजय मिश्र। एक बात जिसने मुझे बहुत आश्चर्यचकित कर दिया वह था, मंदिर परिसर में स्थित विशाल पीपल के पेड़ की अनुपस्थिति। उसके स्थान पर एक नवजात पीपल का पौधा लगाया हुआ था। पुजारीजी से पूछने पर पता चला कि पुराने विशालकाय पीपल के वृक्ष को अंदर ही अंदर दीमक (एक तरह की सफेद चींटी) चाट गई। इतने बड़े पीपल का दीमक द्वारा सर्वनाश मन को हिला देने वाली बात थी। यह कुछ उसी प्रकार की दुर्घटना थी जिस प्रकार अधिकांश असंक्रामक बीमारियां जैसे मोटापा, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदयाघात, कैंसर आदि चीटीं की भांति हमारे शरीर में चुपचाप प्रवेश करती हैं और धीरे-धीरे विशालकाय हाथी का स्वरूप धारण कर शरीर को अंदर ही अंदर दीमक की भांति खोखला कर देती हैं और उसे पूर्णतः ध्वस्त कर देती हैं।

दिये का संघर्ष –काशी में कुल चौरासी घाट हैं जो शहर के उत्तरी छोर राजघाट से शुरू होकर दक्षिणी सीमा सामनेघाट तक अर्धचंद्राकार रूप में फैले हुए हैं। इस प्राचीनतम नगरी के सांस्कृतिक वैभव को किसी को देखना हो तो रात की बेला में नौकाविहार के द्वारा विहंगम अवलोकन अत्यंत आवश्यक है। अब तो गंगा आरती का आयाम इस नौका आनंद को और कई गुण बढ़ा देता है। अंधकार और प्रबल नीरवता के बीच नौका पर काशी दर्शन आस्तिकता के एक और पक्ष का दर्शन कराता है। वह है घाट के किनारे दीप प्रज्ज्वलन की परंपरा। इन्हीं में से एक दीपक जब मां गंगा की बीच धारा में ऊर्मिल लहरों के बीच अकेले संघर्ष करते प्रवहमान दिख जाता है तो सहसा भर्तहरि का वह श्लोक याद आ जाता है जिसमें वह कहते हैं – 'प्रारभ्य विघ्नविहिता विरमन्ति मध्याः । विघ्नैः पुनः पुनरपि प्रतिहन्यमानाः , प्रारभ्य च उत्तमजनाः न परित्यजन्ति। उत्तम कोटि के लोग अच्छे काम के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहते हैं और उसे प्राप्त करके ही दम लेते हैं ।

मयूर नृत्य–नदेसर पैलेस की सबसे बड़ी मनमोहकता है उसकी विशाल हरीतिमा, पेड़ पौधों से आच्छादित प्रशस्त परिसर जिसमें विविध प्रकार के खग-पक्षी, मयूर, चिखुरी, कोयल, शुक–सारिका उन्मुक्त विहार करते हैं। गुंजित-कुंजित वातावरण बरबस काशी हिंदू विश्वविद्यालय के मंदिर प्रांगण की याद दिला देता है। अपने प्रवास के दूसरे दिन प्रातःकाल अल्पाहार के समय निकट छतरी के पास एक संगीतज्ञ महोदय सितार बजा रहे थे कि अचानक एक मयूर अपने दो शावकों के साथ हरे मैदान में आ गया और कुछ समय पश्चात नृत्य करने लगा। संगीत की निर्झरणी ने मयूर की हृदतंत्री को ऐसा झंकृत किया की वह निरभ्र आकाश के नीचे अपने समस्त पंख फैला कर नाचने लगा। कुछ ऐसा ही होता है हमारे हृदय की तंत्रिका प्रणाली को जब वह मर्यादा में संतुलित और सम्यक रहती है तब उसकी सुतालता (रिदम) बनी रहती है अन्यथा उसे अतालता में जाते देर नहीं लगती।

वानर का तंबाकू निषेध पाठ–अपने यात्रा क्रम में मैं और पुत्री दुर्गाजी गया। दर्शन करके लौट ही था की हमारे ई -वाहन चालक ने बताया की एक वानर उसके ई -वहां के स्टियरिंग के नीचे बने झोले से उसकी सुरती का पैकेट उठाया, भाग कर एक दीवाल पर बैठ कर उस सुर्ती के पैकेट को फाड़ा और फिर हिकारत की दृष्टि से वाहन चालक को घूर कर उस पैकेट को फेंक दिया। यह सुनकर मैंने उस ड्राइवर को उसके मलिन, क्षत-विक्षत, बदरंग दांतों की तरफ इशारा करते हुए कहा कि देखो अब इस वानर ने भी तुम्हें सुर्ती न खाने का पाठ पढ़ाया है। देखने में उपरोक्त घटनाएं बहुत छोटी और नगण्य सी लगती हैं लेकिन इन सबके पीछे अध्यवसाय, सुस्वास्थ्य, सोद्देश्यता, निरन्तरता तथा जीवन में तालमयता के गूढ आध्यात्मिक संदेश छिपे हुए हैं जिनका पालन कर हम अपने जीवन को समुन्नत और सार्थक बना सकते हैं। अवि मुक्तेश्वर काशी में निसर्ग से मिली इतनी सारी सीखें मुझे सदा सर्वदा याद रहेगी।

## सार-संक्षेप

### गोरखपुर के प्राथमिक स्कूल में पैर न छूने पर दलित छात्र को शिक्षक ने पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**गोरखपुर, एजेंसी :** जिले के उरुवा थाना क्षेत्र के एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में अनुसूचित जाति के छठी कक्षा के एक छात्र को पैर न छूने पर शिक्षक ने कथित रूप से पिटाई कर दी और उसे जातिसूचक गालियां दीं। पुलिस के अनुसार जिले के उरुवा थाना क्षेत्र के मुरारपुर प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक रविशंकर पांडेय के खिलाफ छठी कक्षा के एक दलित छात्र को पीटने और जातिसूचक गालियां देने का आरोप लगा है। उन्होंने बताया कि आरोप है कि शिक्षक ने सम्मान स्वरूप पैर न छूने पर छात्र की पिटाई कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) जितेंद्र कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी शिक्षक के खिलाफ अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम समेत अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जांच और साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार ने बताया कि ऐसा मामला प्रकाश में आया है। मामले की पूरी निष्पक्षता से जांच की जाएगी और जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### सीएम डैशबोर्ड पर नहीं दर्शा रहे प्रगति, स्वीकृति

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभागीय पोर्टल सीएम डैशबोर्ड से एकीकृत किए गए हैं। इसके बाद भी पर्यटन से जुड़ीं योजनाओं की फीडिंग, वित्तीय स्वीकृति व भौतिक प्रगति अपलोड नहीं की जा रही है। इससे जिलों की रैंकिंग प्रभावित है। सीएम डैशबोर्ड से ज्यादातर विभागों की योजनाओं को लिंक किया गया है। इसकी मॉनीटरिंग संबंधित मंत्री व मुख्यमंत्री कार्यालय से होती है। एकीकृत पोर्टल से योजनाओं की स्थिति व प्रगति का पता चलता और इस आधार पर हर माह मूल्यांकन कर रैंकिंग निर्धारित की जाती है। इसके बाद भी पर्यटन से जुड़ीं योजनाओं की फीडिंग, वित्तीय स्वीकृति व भौतिक प्रगति की सूचना अपलोड व अपडेट नहीं की जा रही है। पर्यटन निदेशालय ने सुधार के लिए सभी डीएम व सीडीओ, उपाध्यक्ष मथुरा-वृंदावन, आगरा, वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण, प्रमुख मुख्य वन संरक्षक, प्रबंध निदेशक उप्र प्रोजेक्ट कारपोरेशन आदि को पत्र लिखा है।

### सी-विजिल ऐप पर दर्ज हुईं 1395 शिकायतें

**लखनऊ, अमृत विचार :** आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में लोगों की ओर से सी-विजिल ऐप पर 1395 शिकायतें दर्ज कराई गईं। इनमें 774 शिकायतें सही पाई गईं। इस मामले में संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि अब तक 31 मार्च तक दर्ज शिकायतों के निस्तारण का औसत समय 59 मिनट है, जो कि नियत समयावधि 100 मिनट से कम है। उन्होंने बताया कि ऐप पर आम तौर पर धनराशि वितरण, गिफ्ट व कूपन वितरण, शराब वितरण आदि शिकायतों के अलावा बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक व उन्मादी भाषणबाजी करने सम्बन्धी शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सी-विजिल ऐप पर शिकायत करने के लिए नाम व मोबाइल नम्बर की कोई बाध्यता नहीं है, पर अगर शिकायतकर्ता की ओर से अपना नाम व मोबाइल नम्बर दिया जाता है तो शिकायतकर्ता इस ऐप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी कर सकता है।

### दोबारा लिया बजट फिर किया भुगतान

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की सक्रियता के कारण इस बार छात्रों को छात्रवृत्ति योजना के लाभ से वंचित नहीं होना पड़ा। छात्रवृत्ति योजना में बजट की कमी आने पर पुनर्विनियोग के तहत धनराशि की व्यवस्था करके सामान्य वर्ग के दो लाख से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई। समाज कल्याण विभाग की ओर से प्री और पोस्ट मैट्रिक्स छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जाती है। प्रदेश में सामान्य वर्ग के लगभग दो लाख छह हजार छात्र-छात्राएं बजट खत्म होने के कारण छात्रवृत्ति से वंचित हो रहे थे। विभागीय अधिकारियों ने पात्र छात्रों को लाभान्वित करने के लिए पुनर्विनियोग के तहत 269 करोड़ रुपये की मांग की। धनराशि मिलने के साथ ही वित्तीय वर्ष समाप्त होने से दो दिन पहले छात्रों के खाते में धनराशि भेज दी। वहीं दूसरी ओर पोस्ट मैट्रिक्स के तहत जो छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं कर सकें हैं उनके लिए पोर्टल 26 अप्रैल से तीन मई तक के लिए खोला जाएगा। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि छात्र स्वयं और कॉलेज से विवरण का मिलान कराकर तभी अग्रसारित कराएं ताकि उनको योजना का लाभ मिल सके।

### नाबालिग के साथ दुराचार के आरोपी को उम्र कैद

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** स्कूल जाते समय नाबालिग को बहलाफुसला कर उसे जंगल में ले जाकर दुराचार करने के दौरान गिरफ्तार बीबीडी थाने के उत्तरधौना निवासी संजीव रावत उर्फ टहलू को पास्को एक्ट के विशेष न्यायाधीश विजेंद्र त्रिपाठी ने उम्र कैद की सजा के साथ-साथ साठ हजार रुपए के जमाने की सजा सुनाई है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि आजीवन कारावास जिसका अभिप्राय अभियुक्त के शेष प्राकृतिक जीवनकाल के लिए होगा से दंडित किया जाता है तथा अभियुक्त को दी गई अर्थ दंड की धनराशि में से दस हजार रुपए राजकोष में जमा किया जाएगा एवं शेष पचास हजार रुपए पीड़िता के नाम से किसी राष्ट्रीय बैंक में उसके वयस्क होने तक की अवधि के लिए सर्वाधिक ब्याज योजना में फिक्स्ड डिपॉजिट के रूप में जमा किया जाएगा जो उसके वयस्क होने पर प्राप्त होगी।

### नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गेम्स टीचर दोषसिद्ध

**लखनऊ, अमृत विचार :** स्कूल में पढ़ने आई नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी स्कूल के गेम्स टीचर मोहम्मद फ़ैज़ ख़ान को पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश नीरज कुमार उपाध्याय ने पाँच साल की क़ैद और सात हज़ार रु के जुर्माने से दंडित किया है। कोर्ट में सरकारी वकील सुखेन्द्र प्रताप ने कहा कि वादी ने सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री कक्षा चार में पढ़ती है और 7 जनवरी 2015 को नाबालिग पढ़ने स्कूल गई थी जहां गेम्स टीचर फ़ैज़ ख़ान ने आवास पर नाबालिग को ज़बरदस्ती चूमा और उसके साथ ग़लत तरीक़े से छेड़छाड़ किया और नाबालिग के विरोध पर जानमाल की धमकी दी।

### अवैध निर्माण के कंपाउंडिंग पर लगाई रोक

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के एक आदेश के बाद शहरी क्षेत्रों में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत होने वाले निर्माण के कंपाउंडिंग यानी शमन पर रोक लगा दी है। अपर मुख्य सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण ने शासनादेश जारी करते हुए विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्षों को निर्देश भेज दिया है। जारी आदेश में यह भी है कि भवन निर्माण एवं विकास उपविधि में निर्धारित मानकों के अतिरिक्त निर्माण नहीं होना चाहिए। इतना ही नहीं, शमन के प्रकरणों में भी भवन निर्माण और विकास उपिविधि के अंतर्गत निर्धारित मानकों को शिथिल नहीं किया जाना चाहिए। जो निर्माण भवन निर्माण और विकास उपविधि के अनुमन्य नहीं हैं, उन्हें शमन के द्वारा अनुमन्य नहीं किया जाना चाहिए।

---

### अपनी बारी का 10 साल इंतजार करेगा मुख्तार परिवार, कब्र में शव को सुरक्षित रखने का भी इंतजाम

# मुख्तार की मौत से कहानी खत्म नहीं बल्कि हुई शुरू: अफजाल

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** सौ सुनार की एक लोहार की...। यह कहावत माफिया मुख्तार अंसारी को नजदीक से जानने वाले बखूबी समझते हैं। वह जब भी इलाके में बड़ा काम करता था या आर्थिक साम्राज्य में रोड़ा बनने वालों को निपटाता था, तो यह कहावत पूरे अंदाज से दोहराता था। मुख्तार की मौत के बाद कुछ ऐसा ही अंदाज अब अब उसके परिजनों में भी दिख रहा है। उसके बड़े भाई सांसद अफजाल अंसारी ने तो यहां तक कह दिया कि मुख्तार की मौत से कहानी खत्म नहीं हुई, बल्कि शुरू हुई है।

अफजाल दावा करते हैं कि कब्र में शव को 10 साल तक सुरक्षित रखने का इंतजाम हुआ है। ताकि



उनकी बारी आए तो जेल से लेकर अस्पताल तक तंग करके मौत का चक्रव्यूह रचने वाले और सत्ता चला रहे लोगों को सजा मिले। जबकि फोरेंसिक विज्ञान के जानकारों को अफजाल की बात हजम नहीं हो रही है। उनका कहना है कि यदि शरीर में गोली लगी होती, या हमले में मौत होती तो यह बात जायज थी कि गोली और चोट के निशान हड्डी के परीक्षण से सामने आ जाते। मगर, इस मामले में तो जहर देकर मारने का आरोप है, ऐसे में बिसरा जांच से ही हकीकत सामने आती है। जो पहले ही पोस्टमार्टम के दौरान सुरक्षित कर लिया गया है। कानूनन पीड़ित पक्ष को कोर्ट से देश के किसी भी प्रयोगशाला में जांच कराने का आदेश मांगने का अधिकार है।

#### मुख्तार की मौत एक गहरी साजिश

अफजाल का आरोप है कि मुख्तार की मौत स्वाभाविक नहीं हुई। उनकी मौत एक नियोजित साज़िश है। मेडिकल कॉलेज व जेल के डॉक्टर, जेल प्रशासन, सरकार की तरफ से सादी वर्दी में घूमने वाले एलआईयू और एसटीएफ के लोगों ने पूरी योजना के साथ उसकी हत्या की है। उसका विसरा भी सुरक्षित किया गया है। हार्ट अटैक की बातें कही जा रही है। दिल भी जांच के लिए गया है। अगर कोई व्यक्ति दस दिन से पेशाब और मोशन नहीं कर पा रहा है। खुद से उठ बैठ भी नहीं पा रहा है। क्या इस तरह की परिस्थितियां बना देना हार्ट अटैक के लिए जिम्मेदार नहीं है। आईसीयू से सीधे किसी को कभी घर नहीं भेजा जाता है। वार्ड में आब्जरवेशन के लिए रखा जाता है लेकिन मुख्तार को आईसीयू से निकालकर सीधे जेल भेज दिया गया।

#### अंतिम यात्रा ने बयां की मुख्तार की धमक

अफजाल अंसारी ने कहा कि किसी की औकात की पहचान उसकी अंतिम यात्रा से होती है। उसकी अंतिम यात्रा में लोग शामिल न हों सके इसका पूरा इंतजाम अफसरों ने किया। गाजीपुर के आसपास के जिलों में अधिकारियों ने दहशत का माहौल बनाने का प्रयास किया। इसके बावजूद परिणाम यह रहा कि हुजूम का हुजूम उसके जनाजे में शामिल होने के लिए आया। अधिकारी यह सब देखकर पागल हो गए थे।

#### जहर की बात लीक होते ही अधिकारियों पर एक्शन

अफजाल ने कहा कि जब मुख्तार अंसारी अपने वकील से मिला और जहर की बात कह दी तो खलबली मच गई। इसके बाद जेलर और डिप्टी जेलर को सस्पेंड किया गया। मुख्तार को उसके वकील से मिलने देने की सजा जेलरों को दी गई। अफजाल ने कहा कि मुख्तार को जब यूपी लाया गया था उस समय भी तबीयत ठीक नहीं थी। जब यूपी भेजा गया था तब भी कोर्ट ने आदेश दिया था कि उसके इलाज के लिए जहां जरूरत होगी भेजा जाएगा। बाद में मुख्तार की सुरक्षा की समीक्षा का भी आदेश दिया गया। उसके स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया। लेकिन किसी निर्देश को नहीं माना गया।

---

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि व शाही ईदगाह मामले की सुनवाई अब 4 को

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में बहस के दौरान ईदगाह मस्जिद कमेटी के अधिवक्ताओं ने अपना पक्ष रखा। वाद संख्या 4 और 17 पर मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ताओं ने कोर्ट में अपनी दलीलें पेश की। मुकदमे की अगली तारीख 4 अप्रैल को हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं द्वारा अपना पक्ष रखा जाएगा। सुनवाई के दौरान श्री कृष्ण कूप की पूजा की मांग वाली याचिका पर भी कोर्ट में काफी देर तक बहस हुई। न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकल पीठ के समक्ष कुल 18 अलग-अलग याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई चल रही है। गत 20 मार्च को सुनवाई के दौरान शाही ईदगाह कमेटी के अधिवक्ताओं द्वारा बहस की गई थी।

---

# इस बार मोदी को 80 मनकों की माला पहनाएगा उप्र.: योगी

## हाथरस, बुलंदशहर व गौतमबुद्ध नगर में लोगों को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को हाथरस, बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर में प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए लोकसभा चुनाव में उप्र. की सभी 80 सीटों पर जीत का भरोसा जताते हुए कहा है कि इस बार प्रधानमंत्री मोदी को 80 मनकों की माला पहनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों की दंगा पॉलिसी के कारण राज्य को काफी नुकसान उठाना पड़ा। आये दिन दंगा, कर्फ्यू और अराजकता के कारण न बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को तीन जिलों में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले हाथरस में प्रबुद्धजनों को संबोधित किया और पार्टी प्रत्याशी के लिए वोट की अपील की। योगी इसके बाद बुलंदशहर और गौतमबुद्ध नगर में पार्टी का प्रचार किया। मुख्यमंत्री ने प्रबुद्धजनों से अपने अपने लोकसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर आमजन को एक-एक वोट की ताकत समझाने की अपील की। हाथरस में प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित भारत, सर्वांगीण विकास ही मोदी की गारंटी है। विकसित भारत में बिना भेदभाव हर व्यक्ति, जाति-समुदाय को सम्मान व आगे बढ़ने का अवसर मिले। बेटी-व्यापारियों को समान सुरक्षा की गारंटी हो, जहां अराजकता नहीं बल्कि कानून का राज हो। सबका साथ-सबका विकास हो और यही विकसित भारत की परिकल्पना का आधार है। योगी ने यहां से अनूप वाल्मीकि को विजयी बनाने की अपील की। वहीं, बुलंदशहर में योगी ने पार्टी प्रत्याशी भोला सिंह के लिए अपील की।

#### मुझे डर नहीं लगता, जनता की सुरक्षा में मेरी सुरक्षा



गौतमबुद्ध नगर में मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता-जनार्दन खुश तो हम खुश। हमारे लिए इससे अधिक खुशी कुछ भी नहीं। लोग कहते हैं कि अपराधियों पर कार्रवाई करते हैं, डर नहीं लगता है। मैं कहता हूं कि जनता की सुरक्षा में मेरी सुरक्षा निहित है। एक सरकार थी जो कर्फ्यू लगाती थी, एक सरकार है जो शानदार कांवड़ यात्रा निकाल रही है। उन्हें कर्फ्यू प्यारा था, हमें जनता की खुशहाली प्यारी है। उन्होने कहा कि यह वही जिला है, जो 2017 के पहले मुख्यमंत्रियों के लिए अभिशप्त हुआ करता था। तब मैं समझ नहीं पाया था कि आखिर गौतमबुद्धनगर यूपी का भाग है, लेकिन मुख्यमंत्रियों के लिए अभिशप्त क्यों है। मैंने सूची देखी और अनुमान लगाया। यह सीएम के लिए अभिशिप्त इसलिए था कि यहां की नौकरशाही जनता को कंगाल करती थी और खुद व अपने संरक्षकों को मालामाल करती थी। 2017 में यहां आकर मैंने समस्याओं को करीब से देखा। जनप्रतिनिधियों ने सभी समस्याओं को तन्मयता व धैर्य से मेरे सामने रखा और कहा कि समाधान होगा तो गौतमबुद्धनगर न सिर्फ नई पहचान को स्थापित करेगा, बल्कि ग्रोथ इंजन के रूप में यूपी को अलग पहचान दिलाएगा।

---

## मुरादाबाद के लिए शुरू नहीं हो सकी उड़ान

**लखनऊ, अमृत विचार :** छोटे शहरों को हवाई सेवा से जोड़ने की योजना पूरी तरह से धरातल पर नहीं उतरी है। लगभग 15 दिनों के बाद भी मुरादाबाद के लिए लोगों को हवाई सेवा का इंतजार है। बता दें कि फ्लाईबिग एयरलाइंस ने श्रावस्ती, मुरादाबाद, अलीगढ़, चित्रकूट और आजमगढ़ के लिए हवाई सेवा शुरू करने का एलान किया था। सेवाएं 2 मार्च से शुरू होनी थी और शेड्यूल भी जारी कर दिया गया था, मगर हवाई सेवा शुरू होने की तिथि आगे बढ़ा दी गई। 11 मार्च को प्रधानमंत्री ने चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बने टर्मिनल 3 की वर्चुअल शुरुआत की थी। 12 मार्च से श्रावस्ती, चित्रकूट, आजमगढ़ और अलीगढ़ के लिए हवाई सेवा शुरू हुई, लेकिन अभी तक मुरादाबाद के लिए हवाई सेवा शुरू नहीं हो सकी।

# मां मेनका के लिए प्रचार नहीं करेंगे वरुण गांधी

संवाददाता, सुलतानपुर

- वरुण और बहू दोनों तेज वायरल फीवर की चपेट में: मेनका

**अमृत विचार:** टिकट मिलने के बाद सुलतानपुर के 10 दिवसीय दौरे पर पहली बार पहुंची सांसद मेनका संजय गांधी ने कहा कि उनके लिए प्रचार करने वरुण गांधी नहीं आएंगे। कहा कि मेरे चुनाव लड़ने के स्थल चयन की वजह से टिकट घोषणा में देरी हुई। पार्टी में कोई दुविधा नहीं थी। वह पयागीपुर स्थित भाजपा कार्यालय पर पदाधिकारियों के साथ बैठक के पहले पत्रकारों से यह बात कही।

सांसद ने वरुण गांधी के सुलतानपुर आकर प्रचार करने के कयास पर विराम लगा दिया। कहा कि इस समय वरुण और बहू दोनों तेज वायरल फीवर की चपेट में है। मेरी समधन को हार्ट अटैक हुआ है। घर में बीमारी चल रही है। अगर वरुण आना भी चाहते तो मुश्किल हो जाता, लेकिन वो नहीं आ रहे हैं। एक सवाल के जवाब में हंसते हुए कहा कि मैं अपनी कमान नहीं संभाल सकती। मेरा चुनाव पार्टी लड़ेगी। अमेठी और रायबरेली सीट से वरुण गांधी के लड़ने के सवाल पर कहा कि मैं भाजपा में हूं। अन्य किसी दल के टिकट वितरण से मेरा कोई लेना-देना नहीं। जीत के बाद अगले 5 साल तक सुलतानपुर की जनता की सेवा मां बनकर फिर करूंगी। कहा कि मैंने 60 बड़े कामों की लिस्ट बनाई थी। जिसमें 24-25 काम ही पूरा कर पाई हूं। चीनी मिल का जीर्णोद्धार फिर से प्रमुख एजेंडा बताया।

---

## कुत्ता बांधने के विवाद में पड़ोसी की सरियों से पीट-पीटकर हत्या

**आगरा, एजेंसी :** आगरा में कुत्ते को लेकर हुए विवाद के बाद कुत्ता मालिक ने रविवार की शाम पड़ोसी युवक की सरियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि मरने वाले की पहचान जैकी बघेल के तौर पर की गयी है। हमलावरों ने युवक के सिर पर सरियों से वार किए। हत्यारों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि एक अन्य मामले में आगरा की विजय नगर कॉलोनी में केमिकल कारोबारी दिलीप गुप्ता के घर में बदमाशों ने घुस कर उन पर हमला कर दिया जिससे इसमें उनकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि दोनों मामलों की जांच की जा रही है।

## नर्सिंग शिक्षक परीक्षा में उत्तीर्ण 18 अभ्यर्थी महानिदेशालय में तलब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डीजीएमई ने एक से अधिक पदों पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को भेजा मेल

**अमृत विचार :** सरकारी व स्वशासी नर्सिंग कॉलेजों में संविदा पर विभिन्न पदों पर शिक्षकों की भर्ती मामले में एक से अधिक पदों पर आवेदन करने वालों में, लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण 18 अभ्यर्थियों को चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय (डीजीएमई) ने मेल भेजकर कार्यालय में बुलाया है।

ये अभ्यर्थी दो अप्रैल, मंगलवार को पहुंचेंगे। इन अभ्यर्थियों की वजह से ही लिखित परीक्षा के बाद 18 से 22 मार्च तक प्रस्तावित साक्षात्कार मध्य में ही निरस्त कर दिये गये थे। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय द्वारा सोमवार को जारी सूचना में अवगत कराया गया कि नर्सिंग शिक्षक के पदों पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों में कई ने कई पदों के लिए आवेदन किया था, उन्हें अलग-अलग पदों के लिए लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र भी जारी किये गये थे, आवेदकों ने एक ही प्रवेश पत्र डाउन लोड किया था। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय द्वारा नर्सिंग संस्थानों में एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर तथा ट्यूटर के पदों पर संविदा पर नियुक्ति के लिए पूर्व में आवेदन मांगे गए थे। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को पद व संख्या के आधार पर 18 से 22 मार्च तक साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया था मगर तकनीक कारणों से 19 मार्च को ही एसोसिएट प्रोफेसर को छोड़कर, अन्य पदों के साक्षात्कार निरस्त कर दिये गये थे।

---


### वर्ग पहेली-27

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी चीज़ का बहुत छोटा टुकड़ा, छोटी फांक 2. कोई चीज़ फांकने की क्रिया या भाव 3. फांकी जाने वाली किसी चीज़ (जैसे- दवा
2. 1. दुख या चिंता से सूख जाना, क्षीण होना 2. किसी व्यक्ति
4. 1. एक ग्रीक देवता जो संगीत से संबद्ध है
5. 1. यथार्थ 2. उचित, ठीक, वाज़िब 3. न्यायसंगत 4. तर्क-पूर्ण, समयोचित।
7. 1. जो केवल मुंह या ज़बान से कहा गया हो लेकिन व्यवहृत न हो; जो आचरण में न हो 2. मौखिक, (ओरल) 3. ज़बान संबंधी, ज़बान का 4. कंठस्थ 5. मुखाग्र 6. अलिखित।
8. गौरैया पक्षी का नर, गौरा।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. झुलसने की क्रिया या भाव 2. शरीर को झुलसाने वाली गरमी, दाहकता।
3. बालक की मानसिकता के अनुकूल, बच्चों के लिए उचित।
4. 1. न होने वाली, असंभव 2. अलौकिक।
6. एक स्तनपायी जंगली हिंसक जानवर जिसकी त्वचा मुलायम बालों वाली होती है, रीछ।
7. जमाना का वह संक्षिप्त रूप जो उसे यौगिक शब्दों के अंत में प्राप्त होता है।



#### वर्ग पहेली -26 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ब | ज | वा | ई | | | |
| ढ़ | | | | 2 सं | चि | 3 ति |
| नी | | 4 अ | | दू | | र |
| | 5 इ | म | ला | क | | हु |
| 6 लां | | री | | ड़ी | | ति |
| 7 छ | टं | की | | | | |
| न | | | 8 प | ख | वा | ड़ा |

### सुडोकू -106

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | 2 | |
| | 8 | | | | 9 | | 3 | |
| | | | 8 | | | 1 | | |
| 9 | | 4 | | | | | | 2 |
| | | 7 | | | | 6 | | |
| 5 | | | | | 3 | | | 9 |
| | 1 | 3 | | | 8 | | 6 | |
| | 9 | | 4 | | | | 8 | |
| | | | 2 | | | | | 7 |

#### सुडोकू -105 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 5 | 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 3 | 1 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 | 3 | 2 | 7 |
| 3 | 9 | 7 | 6 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 6 | 1 | 9 |
| 2 | 6 | 3 | 9 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 7 | 1 | 5 | 3 | 4 | 2 | 8 | 9 | 6 |


---

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 अप्रैल, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 20.08 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 22.49 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** — आज माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निजी समस्याओं का निराकरण होगा। किसी रुके हुए काम के अचानक से बनने से मन प्रसन्न होगा। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। आपकी कार्यदक्षता में वृद्धि होगी। यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**वृष** — आज आप दूसरों के भले की सोचेंगे। पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। किसी के उकसावे में आकर काम न करें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा।

**मिथुन** — आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। आज बुजुर्ग सदस्यों की राय अवश्य लें। भोग-विलास का भरपूर आनन्द उठायेंगे। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी।

**कर्क** — आज शोध कार्यों में सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में चुगलखोरी का शिकार हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय भी रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें।

**सिंह** — आज प्रेम संबंधों में कुछ सम्वादहीनता जैसी स्थितियाँ निर्मित हो सकती है। आज धन से जुड़े मामलों को लेकर काफी सतर्क रहें। शाम के साथ मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। लोग आपकी बातों को काफी गम्भीरता से लेंगे।

**कन्या** — आज मानसिक स्थिति कुछ नकारात्मक हो सकती है। व्यर्थ में अपने शुभ चिन्तकों पर सन्देह न करें। आज ज्यादा भागदौड़ करने से आपको बचना चाहिए। धन को लेकर परेशानियां उत्पन्न हो सकती हैं। आलस्य में अपना समय बर्बाद न करें।

**तुला** — आज कारोबार से जुड़ी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों की बातों में आकर अपना समय बर्बाद न करें। रचनात्मक गतिविधियों में सुखद समय बीतेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

**वृश्चिक** — आज आपके विनम्र व्यवहार के कारण विपरीत लिङ्गी लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर में कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को कारोबार में विस्तार के अवसर मिल सकते हैं।

**धनु** — आज छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है। किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित हो सकते हैं। कारोबार में निवेश करने के लिये बाहरी निवेशक आ सकते हैं।

**मकर** — आज आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिये। दूसरों की सलाह पर ज्यादा ध्यान न दें। यदि किसी से प्रेम निवेदन करना चाहते हैं तो आज इससे बचें। आपकी भावनाओं का अनादर हो सकता है।

**कुंभ** — आज जीवनसाथी और बच्चों से आपको प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा। आपके विचारों से लोग शीघ्र प्रभावित होंगे। सरकारी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

**मीन** — आज परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है। किसी बहुमूल्य वस्तु को खरीद सकते हैं। नकारात्मक लोगों से दूरी बनाकर रखें।

---

### आज की फिल्में

B4U Movies
शक्तिमान — सुबह : 08.17
थैंक गोल्ड — शाम : 05.51

&pictures
लिंगा — सुबह : 10.58
समय 2 — रात : 07.30

Sony Pix
वर्टिकल लिमिट — दोपहर : 02.43
एज ऑफ टूमारो — रात : 09.00

Zee Cinema
गंगाजल — दोपहर : 12.10
भोला — रात : 08.30

Colors Cineplex
वन टू का फोर — सुबह : 08.12
राजा हिन्दुस्तानी — शाम : 05.58

#### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.30 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

सोनू- तुम ऑपरेशन कराने से पहले ही क्यों भाग गए?
बंटी- नर्स बार-बार कह रही थी, डरो मत कुछ नहीं होगा हिम्मत रखो, कुछ नहीं होगा ये तो बस एक छोटा सा आपरेशन है।
सोनू- तो इस में डरने की क्या बात है? सही तो कह रही थी!
बंटी- अबे, वो मुझसे नहीं डॉक्टर से कह रही थी!

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ...
राजू- डॉक्टर साहब लिवर में बहुत दर्द हो रहा है.
डॉक्टर- शराब पीते हो?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 1865, राज श्री 1350, फॉर्चून कि. 1795, रविन्द्रा 1830, फॉर्चुन ली0 1650, जय जवान 1450, सचिन 1610, सूरज 1475, अवसर 1660, राग गोल्ड 1690, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1730, मोर 1595, चक्र टिन 1680, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1760, स्वास्तिक 1835। **किराना :** (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 12000–18000, सोंठ 45000, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950। **चावल :** (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो,5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250। **दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 7150–7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800–10500, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500–12100, दाल चना 7150, लाल हिंदुस्तान 7250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10400, मोटा हीरा 11800, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 13800–14300, अरहर कोरी छोटी 15000। चीनी – डालमियां 4020, पीलीभीत 3980, नवाबगंज 3970 (नयी), बहेड़ी 3980 (नयी)।

# उड़ान में अधिक देरी होने पर अब विमान से बाहर निकल सकेंगे यात्री

## विमानन सुरक्षा निगरानी संस्था बीसीएएस ने नए दिशा निर्देश जारी किए

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

विमानन सुरक्षा निगरानी संस्था बीसीएएस ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिनमें विमान में सवार होने के बाद उड़ान की रवानगी में लंबा विलंब होने पर यात्रियों को हवाई अड्डे के प्रस्थान द्वार के जरिये बाहर निकलने की अनुमति दी गई है। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) का नवीनतम निर्देश हवाई अड्डों पर बढ़ती भीड़ और उड़ान में देरी के बढ़ते मामलों की पृष्ठभूमि में आया है। कई बार यात्री विमान में सवार होने के बाद भी लंबे समय तक फंस जाते हैं।



बीसीएएस के महानिदेशक जुल्फिकार हसन ने सोमवार को कहा कि नए दिशानिर्देश 30 मार्च को एयरलाइन कंपनियों और हवाई अड्डा संचालकों को जारी किए गए थे और अब ये लागू हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि ये दिशानिर्देश यात्रियों का 'कम उत्पीड़न' सुनिश्चित करने में मदद करेंगे और उन्हें विमान में सवार होने के बाद लंबे समय तक बैठे नहीं रहना पड़ेगा। उड़ान में लंबी देरी होने और अन्य आपात स्थिति के मामले में यात्रियों को संबंधित हवाई अड्डे के प्रस्थान द्वार से बाहर निकलने की अनुमति दी जाएगी। यात्रियों को विमान से उतारने का निर्णय संबंधित एयरलाइंस और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लिया जाएगा।

हसन ने बीसीएएस के 38वें स्थापना दिवस समारोह में संवाददाताओं से कहा, ''हवाई अड्डा संचालकों को दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए सुरक्षा जांच सहित बुनियादी ढांचे की व्यवस्था करनी होगी।'' इससे पहले हसन ने समारोह में कहा कि हवाई अड्डों पर भीड़ 'अवांछनीय' है और बीसीएएस ने इस मुद्दे से निपटने के लिए अभीष्ट मानक और साधन विकसित किए हैं। इस क्रम में हवाई अड्डों पर स्मार्ट सुरक्षा लेन भी स्थापित की जाएगी।

## भारत ने चीन, जापान से आयातित रसायन की डंपिंग रोधी जांच शुरू की

**नयी दिल्ली।** भारत ने चीन और जापान से रबड़ उद्योग में इस्तेमाल होने वाले रसायन के आयात की डंपिंग रोधी जांच शुरू की है। एक कंपनी की शिकायत पर यह कदम उठाया गया है। वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय 'अघुलनशील सल्फर' की कथित डंपिंग की जांच कर रहा है। ओरिएंटल कार्बन एंड केमिकल्स लि. ने इन दोनों देशों से आने वाले रसायनों की कथित डंपिंग की जांच करने के लिए प्राधिकरण को आवेदन दिया था। डीजीटीआर की अधिसूचना के अनुसार, कंपनी ने डंपिंग के कारण घरेलू उद्योग को हुई क्षति के संबंध में प्रथम दृष्ट्या सबूत प्रदान किये हैं। इसमें कहा गया है, प्राधिकरण कथित डंपिंग और इसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को हुए नुकसान की डंपिंग रोधी जांच शुरू कर रहा है।

# हाइब्रिड कारों पर जीएसटी में कमी चाहते हैं गडकरी

**नागपुर, एजेंसी**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भारत को हरित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए देश में हाइब्रिड वाहनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कम करने की वकालत की है। इसके साथ ही उन्होंने देश को 36 करोड़ से अधिक पेट्रोल और डीजल वाहनों से पूरी तरह मुक्त बनाने का संकल्प किया है। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत को पेट्रोल और डीजल वाहनों से पूरी तरह मुक्त कराना संभव है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा, '' 100 प्रतिशत।''

गडकरी ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, '' यह मुश्किल है, नामुमकिन नहीं। यह मेरा विचार है।'' उन्होंने कहा कि भारत ईंधन आयात पर 16 लाख करोड़ रुपये खर्च करता है। मंत्री ने कहा कि इस पैसे का इस्तेमाल किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा, गांव समृद्ध होंगे और युवाओं को रोजगार मिलेगा। गडकरी ने इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए कोई समयसीमा नहीं दी, जिसे हरित ऊर्जा के समर्थक भी बेहद कठिन मानते हैं।

मंत्री ने कहा कि हाइब्रिड वाहनों पर जीएसटी घटाकर पांच प्रतिशत और फ्लेक्स इंजन पर 12 प्रतिशत करने का प्रस्ताव वित्त मंत्रालय को भेजा गया है, जो इसपर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि देश जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देकर ईंधन आयात को समाप्त कर सकता है। पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने हरित परिवहन बढ़ाने के लिए गडकरी के दृष्टिकोण का स्वागत किया।

## सर्राफा

**बरेली**

| | |
| --- | --- |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 68400 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 67400 |
| सिल्वर (पक्की) | 752 (अनुमानित) |

## टाटा मोटर्स की घरेलू बिक्री दो प्रतिशत बढ़ी

**नयी दिल्ली।** टाटा मोटर्स की मार्च में कुल घरेलू थोक बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 90,822 इकाई रही। एक साल पहले समान महीने में कंपनी ने घरेलू बाजार में 89,351 बेचे थे। कंपनी के अनुसार, घरेलू बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों सहित यात्री वाहनों की बिक्री मार्च में 50,297 इकाई रही। यह पिछले साल की समान अवधि की 44,225 इकाई से यह 14 प्रतिशत अधिक है। घरेलू बाजार में पिछले महीने कुल वाणिज्यिक वाहन आपूर्ति 40,712 इकाई रही।

# अडाणी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में तेजी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

अडाणी समूह की सभी सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में सोमवार को तेजी आई। अडाणी एनर्जी का शेयर आठ प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। बीएसई पर सूचीबद्ध अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 8.40 प्रतिशत, एनडीटीवी 6.16 प्रतिशत, अडाणी विल्मर 5.92 प्रतिशत, अडाणी पावर 4.99 प्रतिशत, अडाणी टोटल गैस 4.81 प्रतिशत, अडाणी ग्रीन एनर्जी 2.93 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 2.56 प्रतिशत और एसीसी का शेयर 2.38 प्रतिशत चढ़ा। अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में 1.80 प्रतिशत और अंबुजा सीमेंट्स के शेयर में 1.49 प्रतिशत की तेजी आई। समूह की कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन 16,30,648.23 करोड़ रुपये रहा। वहीं स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को नए वित्त वर्ष के पहले दिन की शुरुआत मजबूत रही। बीएसई का 30 शेयर पर वाला सूचकांक सेंसेक्स 363.20 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,014.55 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान एक समय दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गए थे।

## जनवरी में जियो के ग्राहकों की संख्या 41.78 लाख बढ़ी

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने जनवरी, 2024 में 41.78 लाख नए मोबाइल ग्राहक जोड़े। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सुनील मित्तल की अगुवाई वाली भारती एयरटेल के वायरलेस ग्राहकों की संख्या 7.52 लाख बढ़कर 38.24 करोड़ हो गई है। वोडाफोन आइडिया के कनेक्शन घटने का सिलसिला जारी है। जनवरी में कंपनी के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 15.2 लाख और घटकर 22.15 करोड़ रह गई।

# एशियाई देशों की वृद्धि 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान

**बैंकॉक, एजेंसी**

विश्व बैंक ने सोमवार को कहा कि एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर पिछले साल के 5.1 प्रतिशत की तुलना में धीमी पड़कर वर्ष 2024 में 4.5 प्रतिशत ही रहने का अनुमान है। विश्व बैंक ने एक रिपोर्ट में कहा कि एशियाई देशों की अर्थव्यवस्थाएं इस साल उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हैं जितना वे कर सकती थीं। रिपोर्ट कहती है कि कर्ज, व्यापार बाधाएं और नीतिगत अनिश्चितताएं इस क्षेत्र की आर्थिक गतिशीलता को कमजोर कर रही हैं और सरकारों को कमजोर सामाजिक सुरक्षा जाल और शिक्षा में कम निवेश जैसी दीर्घकालिक समस्याओं के समाधान के लिए अपने प्रयास बढ़ाने की जरूरत है। विश्व बैंक ने कहा कि एशिया की अर्थव्यवस्थाएं महामारी-पूर्व की तुलना में अधिक धीमी गति से बढ़ रही हैं लेकिन यह रफ्तार भी दुनिया के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक है। इस साल वस्तुओं एवं सेवाओं का व्यापार 2.3 प्रतिशत बढ़ने के अनुमान और केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में कटौती से भी इसमें मदद मिलेगी।

## कोयला एवं लिग्लाइट उत्पादन अब तक के उच्चतम स्तर

**नयी दिल्ली।** देश का कोयला एवं लिग्नाइट उत्पादन वित्त वर्ष 2023-24 में पहली बार एक अरब टन के आंकड़े को पार कर गया है, जो इसके एक साल पहले 93.7 करोड़ टन था। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सोमवार को आधिकारिक आंकड़े जारी करते हुए कहा कि 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 में कोयले एवं लिग्नाइट का उत्पादन एक अरब टन के आंकड़े को पार कर गया है। जोशी ने कहा, ''यह भारत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि देश ने अबतक का सबसे अधिक उत्पादन हासिल किया है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### शिमला में पुजारी पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज

**शिमला।** शिमला में एक मंदिर के पुजारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस को दी शिकायत में 20 वर्षीय युवती ने आरोप लगाया कि रविवार को अंतरराज्यीय बस अड्डे के पास एक मंदिर के पुजारी ने ''अश्लील हरकतें'' कीं। युवती ने कहा कि पुजारी ने उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (लज्जा भंग करने के इरादे से हमला करना), 354ए (यौन उत्पीड़न) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई और जांच जारी है।

### शुद्ध ऋण की सीमा से जुड़ा मामला संविधान पीठ के पास भेजा गया

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुद्ध ऋण की सीमा से जुड़े केरल सरकार के मामले को सोमवार को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के पास भेज दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने राज्य द्वारा दर्ज कराए गए मामले पर यह आदेश दिया। केरल सरकार ने केंद्र पर आरोप लगाया है कि शुद्ध कर्ज पर सीमा तय कर राज्य के वित्त को विनियमित करने की उसकी विशेष, स्वायत्त और पूर्ण शक्तियों में हस्तक्षेप किया है।

### डीजेबी कोष मामला में न्यायालय का प्रधान सचिव से जवाब तलब

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की आम आदमी पार्टी सरकार की याचिका पर सोमवार को दिल्ली के प्रधान सचिव (वित्त) को नोटिस जारी किया। 'आप' सरकार ने आरोप लगाया कि अधिकारी दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के लिए आवंटित राशि जारी नहीं कर रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी द्वारा यह तर्क दिए जाने के बाद उप राज्यपाल (एलजी) को नोटिस जारी नहीं किया कि धन आवंटन में एलजी की भूमिका नहीं है और यह जिम्मेदारी दिल्ली सरकार के वित्त विभाग की है। पीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए पांच अप्रैल की तारीख तय की है।

# भारत को अगले 10 साल में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत: प्रधानमंत्री

## नरेंद्र मोदी ने कहा कि बैंक अब ऋण में 15 प्रतिशत की दर्ज कर रहे हैं वृद्धि

**मुंबई, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत को अगले 10 वर्षों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है, ताकि राष्ट्र वैश्विक कारकों से ज्यादा प्रभावित न हो। रिजर्व बैंक के 90 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम प्रधानमंत्री ने कहा कि जून में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में आने पर हर किसी के लिए ढेर सारे काम सृजित होंगे।



उन्होंने कहा, ''हमें भारत की आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ानी होगी।'' मोदी ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र फायदे में आ गया है और पिछले दशक में उनकी सरकार और आरबीआई द्वारा किए गए प्रयासों के कारण ऋण वृद्धि बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए), जो 2018 में लगभग 11.25 प्रतिशत थीं, सितंबर, 2023 तक घटकर तीन प्रतिशत से कम पर आ गईं। मोदी ने कहा कि 'ट्विन बैलेंस शीट' (बैंकों और कंपनियों के बही-खाते के स्तर पर समस्या) की समस्या अब अतीत की बात हो गई है और बैंक अब ऋण में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आरबीआई ने इन सभी उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में नियम-आधारित अनुशासन और राजकोषीय रूप से विवेकपूर्ण नीतियों को लागू करने में आरबीआई की उपलब्धि की सराहना की और बैंकों को सरकार के समर्थन का आश्वासन दिया। मोदी ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के कदम उठाने के लिए आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ऐसे समय में नए रिकॉर्ड बना रही है, जब दुनिया के कई देश अब भी महामारी के आर्थिक झटके से उबरने की कोशिश कर रहे हैं।



मुंबई में गुड़ी पड़वा त्योहार से पहले गुड़ी बनाती एक लड़की। • एजेंसी

## राहुल गांधी को लोकतंत्र की बात करने का कोई अधिकार नहीं: शाह

**जोधपुर, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अब लोकतंत्र के बारे में बात करने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि उनकी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान लाखों लोगों को जेल में डाल दिया था और राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध लगा दिया था। रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में 'लोकतंत्र बचाओ' रैली को लेकर 'इंडिया' गठबंधन पर पलटवार करते हुए कहा, "कितने भी दल इकट्ठा कर लो आएगा तो मोदी ही आएगा। गृह मंत्री जोधपुर में शक्ति केंद्र प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जो भ्रष्टाचार करेगा वह सलाखों के पीछे जाएगा।

# 'मैच फिक्सिंग' वाले बयान के लिए राहुल गांधी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने और एक दिन पहले यहां विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की रैली में उनकी 'मैच फिक्सिंग' वाली टिप्पणी के लिए प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश जारी करने का आग्रह किया।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की मौजूदगी वाले भाजपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई और कांग्रेस नेता को निर्देश देने का अनुरोध किया कि वह 'झूठे आरोप' लगाने के लिए राष्ट्र और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से 'बिना शर्त' सार्वजनिक माफी मांगे। आयोग को सौंपे ज्ञापन में सत्तारूढ़ भाजपा ने उससे कांग्रेस के नेताओं और उसके भ्रामक प्रचार के डिजाइन और तौर-तरीकों पर व्यापक विचार करने का आग्रह किया।

## किसान की मौत के मामले में न्यायिक जांच के आदेश पर रोक से इनकार

**नयी दिल्ली, एक अप्रैल (भाषा)**

उच्चतम न्यायालय ने फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों और हरियाणा के सुरक्षा कर्मियों के बीच संघर्ष के दौरान किसान शुभकरण सिंह की मौत के मामले में जांच के लिए एक समिति गठित करने के पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्देश पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति द्वारा निगरानी रखने से निष्पक्षता और पारदर्शिता आएगी। सर्वोच्च अदालत सात मार्च के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने झड़प के दौरान शुभकरण सिंह की मौत की जांच के लिए पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति गठित की थी।

## चुनाव के मद्देनजर कर नोटिस को लेकर कांग्रेस पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा आयकर विभाग


**नयी दिल्ली, एजेंसी**

आयकर विभाग ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि वह करीब 3,500 करोड़ रुपये के कर मांग नोटिस के संबंध में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आयकर विभाग का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का यह बयान दर्ज किया कि मामले पर अंतिम फैसला आने तक मौजूदा परिस्थितियों में तुरंत कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। पीठ ने कर मांग नोटिस पर कांग्रेस की याचिका पर सुनवाई को जुलाई के लिए स्थगित कर दिया। मेहता ने सुनवाई की शुरुआत में कहा, ''मैं इस मामले में एक बयान देना चाहता हूं। कांग्रेस एक राजनीतिक पार्टी है और चूंकि चुनाव (चुनावी प्रक्रिया) जारी हैं, हम पार्टी के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेंगे।'' उन्होंने कहा कि विभाग मामले के औचित्य पर टिप्पणी नहीं कर रहा और सभी अधिकार एवं दावे खुले रहने चाहिए। कांग्रेस की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने इस कदम की सराहना की और इसे ''उदार'' बताया। उन्होंने कहा कि मार्च एवं उससे पहले विभिन्न वर्षों के लिए कुल लगभग 3,500 करोड़ रुपये के नोटिस जारी किए गए हैं। कांग्रेस ने रविवार को कहा था कि उसे आयकर विभाग से एक बार फिर नया नोटिस मिला, जिसके जरिये आकलन वर्ष 2014-15 से 2016-17 तक के लिए 1,745 करोड़ रुपये के कर की मांग की गई है। आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस से अब तक कुल 3,567 करोड़ रुपये के कर की मांग की जा चुकी है। पार्टी ने शुक्रवार को कहा था कि उसे आयकर विभाग से नोटिस मिला है, जिसमें 1,823 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा गया है।

# दिलीप घोष और सुप्रिया श्रीनेत को फटकार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

निर्वाचन आयोग ने महिलाओं की गरिमा के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों के लिए सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के नेता दिलीप घोष और कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को फटकार लगाई है। घोष ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और श्रीनेत ने अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। आयोग ने कहा कि दोनों नेताओं ने निम्न स्तर का व्यक्तिगत हमला किया और यह आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन है। उन्हें आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान सार्वजनिक बयानों में सावधानी



बरतने की चेतावनी दी गई है। सोमवार से आयोग द्वारा इन दोनों नेताओं के चुनाव संबंधी संवाद पर विशेष और अतिरिक्त निगरानी रखी जाएगी। आयोग के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र में संवाद करते समय सावधानी बरतने और ऐसी किसी भी अपमानजनक टिप्पणी और आचार संहिता के दिशानिर्देशों के उल्लंघन से बचने के लिए अपने पदाधिकारियों को संवेदनशील बनाने



के वास्ते चेतावनी नोटिस की एक प्रति उनके संबंधित पार्टी प्रमुखों को भी भेजी जा रही है। भाजपा और कांग्रेस के अध्यक्षों से आयोग ने कहा, ''आप कृपया चुनाव अभियान में शामिल सभी पार्टी पदाधिकारियों और सार्वजनिक क्षेत्र में बातचीत के लिए विशिष्ट सलाह जारी करें कि वे इस तरह का उल्लंघन न करें, आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन करें ताकि प्रतिक्रिया में इस तरह की टिप्पणियां नहीं हों।'' श्रीनेत के 'इंस्टाग्राम' अकाउंट से सोशल मीडिया मंच पर बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ एक विवादास्पद टिप्पणी पोस्ट की गई थी। कंगना को भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। श्रीनेत ने सोशल अकाउंट्स से विवादास्पद टिप्पणियों को हटा दिया। उनका कहना था कि उनके अकाउंट तक कई लोगों की पहुंच है और यह टिप्पणी उनके द्वारा नहीं की गई। घोष एक वीडियो में तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पारिवारिक पृष्ठभूमि का मजाक बनाते हुए नजर आए थे।

## अंकतालिका

IPL

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +1.249 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.047 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.976 |
| गुजरात टाइटंस | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | -0.738 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | +0.204 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.016 |
| पंजाब किंग्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.337 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.711 |
| मुंबई इंडियंस | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | -1.423 |




विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों से बातचीत करते राजस्थान रॉयल्स के युजवेंद्र चहल।




विकेट लेने के बाद कुछ इस तरह जश्न मनाते ट्रेंट बोल्ट।

## खेल डायरी

### मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल का मैच ड्रॉ

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल का मैच गोल रहित ड्रा छूटने से लिवरपूल इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में खिताब की दौड़ में सबसे आगे हो गया है। लिवरपूल ने एक अन्य मैच में शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके ब्राइटन को 2-1 से हराया। इससे उसके 29 मैच में 67 अंक हो गए हैं तथा वह दूसरे नंबर पर काबिज आर्सेनल से दो अंक और तीसरे नंबर की टीम मैनचेस्टर सिटी से तीन अंक आगे है। अभी इन तीनों टीम के बीच चैंपियन बनने के लिए मुकाबला जारी रहेगा लेकिन मोहम्मद सलाह के दूसरे हाफ में किए गए गोल की बदौलत लिवरपूल बेहतर स्थिति में पहुंच गया है।

### ऋषभ पंत पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली ने रविवार को खेले गए इस मैच में मौजूदा चैंपियन चेन्नई को 20 रन से हराया था। आईपीएल ने बयान में कहा, ''दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। बयान के अनुसार, आईपीएल आचार संहिता के तहत टीम का यह धीमी ओवर गति से जुड़ा सत्र का पहला अपराध है इसलिए पंत पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

### चानू ने पेरिस ओलंपिक में जगह सुनिश्चित की

**फुकेट (थाईलैंड)।** तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में महिलाओं के 49 किग्रा भार वर्ग के ग्रुप बी में तीसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह सुनिश्चित की। चोटिल होने के कारण छह महीने बाद वापसी करने वाली मीराबाई ने कुल 184 किग्रा (81 किग्रा और 103 किग्रा) भार उठाया। यह पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम और अनिवार्य क्वालीफायर टूर्नामेंट है। अपनी स्पर्धा पूरी होने के साथ ही मीराबाई ने पेरिस ओलंपिक के लिए तय मानदंड पूरे किए हैं जिनमें दो अनिवार्य टूर्नामेंट और तीन अन्य क्वालीफायर में भाग लेना शामिल हैं।

### आडवाणी ने सीसीसी बिलियर्ड खिताब को बरकरार रखा

**मुंबई।** विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को यहां एकतरफा फाइनल में इंग्लैंड के डेविड कौजियर को 1836-743 से हराकर अखिल भारतीय सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक खिताब का बचाव किया। सीसीआई के विल्सन जोन्स बिलियर्ड्स हॉल में खेले गए चार घंटे के फाइनल मुकाबले में शानदार लय में चल रहे आडवाणी ने 10 बार के पूर्व विश्व चैंपियन कौजियर के खिलाफ 801 और 460 के दो बड़े ब्रेक बनाये। मुकाबले के शुरुआती दो घंटे के सत्र के बाद आडवाणी के पास 593-570 की मामूली बढ़त थी। वह इस समय 204 के ब्रेक पर थे जिसे उन्होंने 460 में बदल कर अपनी बढ़त मजबूत की और फिर प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया।

### राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 18 अप्रैल से

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 18 अप्रैल से शुरू होगी। भारतीय ईस्पोर्ट्स महासंघ (ईएसएफआई) ने सोमवार को यहां इसकी घोषणा की। एनईएससी भारत के खिलाड़ियों को डीओटीए 2 (ओपन), ई फुटबॉल (ओपन) और काउंटर-स्ट्राइक 2 में ओपन और महिला श्रेणियों में अपना कौशल प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। ऑनलाइन क्वालीफायर 18 अप्रैल से शुरू होंगे जो डबल-एलिमिनेशन प्रारूप में खेले जाएंगे। विजेता क्षेत्रीय क्वालीफायर में आगे बढ़ेंगे जहां वे 11 नवंबर से सऊदी अरब के रियाद में होने वाली 16वीं विश्व ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप (डब्ल्यूईसी) के वैश्विक फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए अन्य एशियाई देशों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### सुमित ने करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग हासिल की

**लंदन।** शीर्ष भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने हाल के दिनों में प्रभावशाली प्रदर्शन के बूते सोमवार को जारी एटीपी एकल रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 95वीं रैंकिंग हासिल की। उन्होंने यह रैंकिंग फरवरी में एटीपी चैलेंजर स्तर की प्रतियोगिता चेन्नई ओपन जीतने के बाद हासिल की थी। वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी (कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक) को हराने वाले पहले भारतीय भी बने, लेकिन दूसरे दौर में चीन के शांग जुनचेंग से हारकर बाहर हो गए थे। चेन्नई ओपन जीत के बाद उन्होंने एटीपी 500 प्रतियोगिता (दुबई चैम्पियनशिप) और एटीपी 1000 मास्टर्स (इंडियन वेल्स और मियामी) के अलावा दो अन्य चैलेंजर टूर्नामेंट भी खेले।

# चहल-बोल्ट चमके, मुंबई की लगातार तीसरी हार

## दोनों गेंदबाजों ने तीन-तीन विकेट चटकाए, मुंबई इंडियंस की ओर से केवल तिलक और हार्दिक का चला बल्ला




रियान पराग

**मुंबई, एजेंसी**

लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की धारदार गेंदबाजी के बाद रियान पराग के नाबाद अर्धशतक से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स को छह विकेट से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की।

मुंबई के 126 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स ने पराग (39 गेंद में नाबाद 54 रन, पांच चौके, तीन छक्के) के अर्धशतक से 15.3 ओवर में ही चार विकेट पर 127 रन बनाकर जीत दर्ज की। आकाश मधवाल ने 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए लेकिन मुंबई को हार से नहीं बचा पाए। इससे पहले चहल (11 रन पर तीन विकेट) और बोल्ट (22 रन पर तीन विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने मुंबई की टीम नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने भी 32 रन देकर दो विकेट हासिल किए। कप्तान हार्दिक पंड्या (34) और तिलक वर्मा (32) को छोड़कर मुंबई का कोई बल्लेबाज क्रीज पर पर्याप्त समय नहीं बिता पाया। इन दोनों

- **रियान पराग के नाबाद अर्धशतक की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने छह विकेट से जीत दर्ज की**

के अलावा टिम डेविड (17) और सलामी बल्लेबाज इशान किशन (16) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। रॉयल्स के गेंदबाजों के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगता है कि मुंबई के आउट होने वाले शुरुआती तीन बल्लेबाज पहली गेंद पर पवेलियन लौटे जबकि अंतिम चार ओवर में टीम 14 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स ने पहले ओवर में ही यशस्वी जायसवाल (10) का विकेट गंवा दिया। जायसवाल ने क्वेना मफाका पर लगातार दो चौके मारे लेकिन फिर इसी ओवर में कवर में डेविड को कैच दे बैठे। हार्दिक ने मफाका के साथ गेंदबाजी की शुरुआत इस बार भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ की। जोस बटलर पर मफाका पर चौके से खाता खोला जबकि कप्तान संजू सैमसन (12) ने इस तेज गेंदबाज पर लगातार दो चौकों के साथ आगाज किया। इन दोनों ने बुमराह पर भी चौके मारे। सैमसन हालांकि मधवाल की दूसरी ही गेंद को विकेटों पर खेल गए। रॉयल्स ने पावर प्ले में दो विकेट पर 46 रन बनाए। मधवाल ने बटलर को डीप फाइन लेग पर पीयूष चावला के हाथों कैच कराके रॉयल्स को तीसरा झटका दिया। उन्होंने 13 रन बनाए। रॉयल्स ने एक बार फिर रविचंद्रन अश्विन (16) को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा। पराग ने गेराल्ड कोएट्जी पर लगातार दो चौके मारे। रॉयल्स ने 10 ओवर में तीन विकेट पर 73 रन बनाए। अश्विन ने कोएट्जी पर चौका जड़ा लेकिन मधवाल की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर वर्मा को कैच दे बैठे। पराग ने बुमराह पर चौके के साथ 14वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया और फिर चावला पर छक्के के साथ रॉयलस को जीत के करीब पहुंचाया। रॉयल्स को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए सिर्फ 15 रन की दरकार थी। पराग ने अगली तीन गेंद पर कोएट्जी पर लगातार दो छक्कों और एक चौके के साथ 38 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और टीम को जीत दिलाई। शिवम दुबे आठ रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले सैमसन ने टॉस जीतकर मुंबई को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया और उनके गेंदबाजों ने फैसले को सही साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बोल्ट ने पहले ओवर की अंतिम दो गेंद पर रोहित शर्मा (00) और नमन धीर (00) को पवेलियन भेजा।

**मुंबई 125/9** 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ईशान किशन का सैमसन बो बर्गर | 16 | 14 | 2/1 |
| रोहित शर्मा का सैमसन बो बोल्ट | 00 | 01 | 0/0 |
| नमन धीर पगबधा बो बोल्ट | 00 | 01 | 0/0 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का बर्गर बो बोल्ट | 00 | 01 | 0/0 |
| तिलक वर्मा का अश्विन बो चहल | 32 | 29 | 0/2 |
| हार्दिक पंड्या का स्थानापन्न बो चहल | 34 | 21 | 6/0 |
| पीयूष चावला का हेटमायर बो आवेश | 03 | 06 | 0/0 |
| टिम डेविड का बोल्ट बो बर्गर | 17 | 24 | 1/0 |
| गेराल्ड कोएट्जी को हेटमायर बो चहल | 04 | 09 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 08 | 09 | 1/0 |
| आकाश मधवाल नाबाद | 04 | 05 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-22-3, बर्गर 4-0-32-2, आवेश 4-0-30-1, चहल 4-0-11-3, अश्विन 4-0-27-0

**राजस्थान 127/4** 15.3 ओवर, अतिरिक्त : 14

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का डेविड बो मफाका | 10 | 06 | 2/0 |
| जोस बटलर का चावला बो मधवाल | 13 | 16 | 2/0 |
| संजू सैमसन बो मधवाल | 12 | 10 | 3/0 |
| रियान पराग नाबाद | 54 | 39 | 5/3 |
| रविचंद्रन अश्विन का वर्मा बो मधवाल | 16 | 16 | 1/0 |
| शिवम दुबे नाबाद | 08 | 06 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** मफाका 2-0-23-1, बुमराह 4-0-26-0, मधवाल 4-0-20-3, कोएट्जी 2.3-0-36-0, चावला 3-0-18-0

## अपने अभियान को पटरी पर लाने की कोशिश करेगा आरसीबी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

अभी तक अपने प्रदर्शन में निरंतरता रखने में नाकाम रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में बेहतर खेल दिखाकर अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम अभी तीन मैच में दो अंक लेकर अंक तालिका में आठवें स्थान पर है। पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों करारी हार के कारण उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया है। फाफ डु प्लेसी की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम को कम करके नहीं आंका जा सकता है। उसके पास कई स्टार बल्लेबाज हैं लेकिन विराट कोहली को छोड़कर कोई भी अन्य नहीं चल पा रहा है। आरसीबी को अगर अपना अभियान पटरी पर लाना है तो कोहली के अलावा डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। शीर्ष और मध्यक्रम के इन बल्लेबाजों की असफलता के कारण आरसीबी को अभी तक निचले मध्यक्रम के बल्लेबाजों दिनेश कार्तिक, अनुज रावत और महिपाल लोमरोर पर निर्भर रहना पड़ा है।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। **लखनऊ सुपर जाइंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़। यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान। मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

## बीसीसीआई का आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिकों को न्योता

**नयी दिल्ली।** बीसीसीआई ने 16 अप्रैल को अहमदाबाद में अनौपचारिक बैठक के लिए 10 आईपीएल टीमों के मालिकों को आमंत्रित किया है। यह बैठक नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच मैच से इतर होगी।


बीसीसीआई के अधिकारी ने कहा, ''आईपीएल (टीम) मालिकों को अनौपचारिक बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। इस बैठक का कोई निर्धारित एजेंडा नहीं है। आईपीएल अपने दूसरे महीने में होगा, इसलिए यह सभी हितधारकों के लिए एक साथ आने का अच्छा समय होगा।'' इस दौरान इस साल के अंत में होने वाली बड़ी नीलामी को लेकर संभावित चर्चा हो सकती है।

## वानखेड़े में 'रोहित...रोहित' के नारे, पंड्या की फिर से हूटिंग हुई

**मुंबई, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में सोमवार को यहां जब हार्दिक पंड्या टॉस के लिए उतरे तो प्रशंसकों ने मुंबई इंडियंस के कप्तान की जमकर हूटिंग की और वानखेड़े स्टेडियम पर 'रोहित...रोहित' के नारे गूंजते रहे। पंड्या ने हालांकि 21 गेंद में जब छह चौकों की मदद से 34 रन की पारी खेली तो दर्शकों ने उनकी हौसलाअफजाई की। उन्होंने टीम का स्कोर चार विकेट पर 20 रन से पांच विकेट पर 76 रन तक पहुंचाया। शाम को हूटिंग का सामना करने वाले पंड्या ने जब अपना पहला चौका जड़ा तो दर्शकों ने उनका हौसला बढ़ाया। टूर्नामेंट से पहले 29 वर्षीय पंड्या को रोहित की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाया गया। हैदराबाद और अहमदाबाद में टीम के पिछले दो मैचों में भी पंड्या की हूटिंग हुई थी। टॉस से पहले जब पंड्या वार्म अप के लिए मैदान का चक्कर लगा रहे थे तो दर्शकों के एक वर्ग ने उनकी हूटिंग की। जब टॉस के समय उनके नाम की घोषणा की गई तो भी इस तेजतर्रार ऑलराउंडर की फिर से हूटिंग की गई जिसके जवाब में पंड्या केवल मुस्कुराए क्योंकि मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित के समर्थन में जोर-जोर नारे लग रहे थे। टॉस हारने के बाद जब पंड्या ने बोलना शुरू किया तो भी हूटिंग जारी रही जिसके बाद प्रस्तोता संजय मांजरेकर को दर्शकों सही बर्ताव करने के लिए कहना पड़ा। उसी समय रोहित अपनी ट्रेनिंग किट में अपने पूर्व साथी हरभजन सिंह से मिल रहे थे जो मैच से पहले शो करने वाले कमेंटेटरों में से एक के रूप में मैदान पर थे।




## बाहुबली के डायरेक्टर राजामौली ने स्टेज पर पत्नी के साथ किया डांस



**मुंबई, एजेंसी।** साउथ के फेमस डायरेक्टर एसएस राजामौली का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में डायरेक्टर अपनी वाइफ रमा राजामौली के साथ एक फैमिली फंक्शन में स्टेज पर डांस करते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो साउथ की प्रोडक्शन कंपनी माइथ्री मूवी मेकर्स के सीईओ चैरी की बेटी की संगीत सेरेमनी का है। जहां राजामौली ने वाइफ के साथ रहमान के गाने 'अंदामैना प्रेमारानी' पर परफॉर्म किया। इस वीडियो के वायरल होने के बाद आमतौर पर सीरियस नजर आने वाले राजामौली का फनी साइड देखकर फैंस भी हैरान हैं। इससे पहले राजामौली ने बेटे एसएस कार्तिकेय की शादी पर भी वाइफ के साथ डांस किया था। फिल्म 'आरआरआर' के ऑस्कर अवॉर्ड जीतने के बाद भी डायरेक्टर का एक वीडियो सामने आया था जिसमें वो डायरेक्टर अनिल रविपुदी के साथ 'नाटू-नाटू' स्टेप रीक्रिएट करते नजर आए थे। वर्क फ्रंट पर राजामौली इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म के प्री-प्रोडक्शन पर जुटे हुए हैं। इस फिल्म का टेंटिटिव टाइटल 'एसएसबीएम 29' रखा गया है। हाल ही में जापान में हुई फिल्म 'आरआरआर' की स्क्रीनिंग पर उन्होंने कहा था कि वो अपनी अगली फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार कर चुके हैं। हालांकि, अभी तक इसकी कास्टिंग नहीं हुई है। सिर्फ लीड हीरो महेश बाबू और मेन विलेन को फाइनल किया गया है। उम्मीद है कि यह फिल्म इस साल मई-जून में फ्लोर पर जाएगी। डायरेक्टर जल्द ही एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए फिल्म से जुड़ी डिटेल्स शेयर करेंगे।



## प्रेग्नेंसी की अफवाहों से तंग परिणीति ने पहने टाइट कपड़े

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म अमर सिंह चमकीला को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस लगातार अपनी इस फिल्म का प्रमोशन कर रही हैं। हाल ही में उन्हें को-एक्टर दिलजीत दोसांझ और निर्देशक इम्तियाज अली के साथ लॉन्च इवेंट में देखा गया। जहां वह ढीले-ढाले कपड़े पहन कर पहुंची थीं। इसके अलावा भी वह जहां जा रही हैं। लूज फिटिंग के कपड़े की पहन रही हैं। जिसके बाद फैंस उनकी प्रेग्नेंसी के कयास लगाने लगे। लोगों का कहना था कि एक्ट्रेस अपने बेबी बंब को छुपाने के लिए ढीले कपड़े पहन रही हैं। इसके तुरंत बाद उन्होंने एक पोस्ट शेयर कहा था कि जब भी ढीले-ढाले कपड़े पहनों इस तरह की बातें होने लगती हैं। वहीं अब इस पूरे मामले पर एक्ट्रेस ने दूसरी बार रिएक्ट किया और वीडियो शेयर कर प्रेग्नेंसी की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है। परिणीति चोपड़ा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह सफेद रंग के पैंटसूट में नजर आ रही हैं। जिसमें एक ब्लेज़र, पैंट और एक मैचिंग टैंक टॉप है। और वीडियो पर लिखा है कि अब से मैं फिटेड कपड़े पहनूंगी, क्योंकि जब काफ्तान पहनी थी तो लोगों ने...।

## रणदीप हुड्डा बोले- सलमान ने दी थी ज्यादा फिल्में करने की सलाह

**मुंबई, एजेंसी।** रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी फिल्म 'स्वातंत्र्यवीर सावरकर' की सक्सेस का जश्न मना रहे हैं। इसी बीच उन्होंने एक इंटरव्यू में सलमान खान के साथ अपनी दोस्ती के बारे में बात की। उन्होंने कहा- सलमान ने मुझे एक बार बहुत कीमती एडवाइस दी थी। वो हमेशा मुझे ज्यादा पैसा कमाने और ज्यादा काम करने की सलाह देते रहे हैं। सलमान मुझसे कहते थे कि अगर मैंने अभी काम करके पैसे नहीं कमाए, तो मुझे फ्यूचर में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। रणदीप बताते हैं कि उन्होंने सभी सलाह में से बहुत कम का ही पालन किया है। रणदीप ने कहा कि सलमान उनसे बहुत दिलचस्पी के साथ दिल की बातें किया करते हैं। रणदीप हुड्डा ने कहा कि स्वात्रंत्य वीर सावरकर की शूटिंग के वक्त उन्हें ऐसा फील होता था कि सावरकर उनके आस-पास हैं। रणदीप ने कहा कि जब वे खुद को शीशे के सामने देखते थे तो लगता था कि सावरकर खुद सामने आ गए हैं। रणदीप ने कहा कि उन्होंने खुद को अंडमान के उस जेल में बंद कराया था, जहां सावरकर बंद थे। रणदीप ने आगे कहा कि उन्हें कुछ देर तो कोई फर्क नहीं पड़ा, लेकिन फिर उनका दम घुटने लगा। वो थोड़े समय बाद ही उस कालकोठरी से बाहर निकल गए। रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी फिल्म स्वात्रंत्य वीर सावरकर की वजह से सुर्खियों में हैं। रणदीप हुड्डा ने रणवीर अल्हाबादिया के साथ इंटरव्यू में कहा- रात में वहां अलग ही टाइप का सन्नाटा होता था। ऐसा लगता था कि वहां कोई है। इस फिल्म के डायरेक्टर, प्रोड्यूसर और राइटर रणदीप हुड्डा ही हैं। यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि अपनी पहली डायरेक्टोरियल फिल्म में उन्होंने कमाल का काम किया है। हालिया इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया है कि इस फिल्म के लिए उन्हें बहुत सारी फिजिकल और फाइनेंशियल चुनौतियों को पार करना पड़ा था। पैसे की कमी की वजह से फिल्म को बंद करने की नौबत आ गई थी। तब उन्होंने वीर सावरकर की बायोपिक के फंडिंग लिए मुंबई स्थित अपने पिता की प्रॉपर्टीज को दिया था। वहीं, इस फिल्म के लिए उन्होंने बहुत ज्यादा वजन भी कम किया था।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# तिहाड़ जेल में 14 दिन तक भागवद गीता का पाठ करेंगे मुख्यमंत्री केजरीवाल

*नई दिल्ली, ब्यूरो। सन 2012 में दिल्ली की शीला सरकार के विरुद्ध जिन चुनिंदा लोगों ने दिन रात मिलकर आंदोलन किया था, उनमें चार प्रमुख लोग मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन एवं सांसद संजय सिंह वर्षों बाद फिर एक ही स्थान पर आ गए हैं। लेकिन अब वे एक दूसरे से बात नहीं कर सकेंगे। एशिया की सबसे बड़ी सेंट्रल जेल तिहाड़ में उन्हें अलग-अलग जेलों में रखा गया है। यहां कुल नौ जेलें हैं। इनमें 20 हजार से ज्यादा कैदी हमेशा रहते हैं और उनमें 90 फीसद विचाराधीन कैदी हैं।*

## तिहाड़ के बाहर जुटे समर्थकों को पुलिस ने घसीटा

जैसे ही यह फैसला आया, वैसे ही समर्थकों की भीड़ तिहाड़ के सामने जुटने लगी। इसके बाद उन्हें दोपहर 4 बजे कोर्ट से बाहर निकालकर जेल ले जाया गया। वहीं तिहाड़ के बाहर आप के समर्थक भारी संख्या में जुटे थे। इस दौरान उनकी पुलिसकर्मियों से झड़प भी हुई। पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को जेल के सामने से हटाया। इस कारण वहां पर जाम लग गया। महिलाएं सड़कों पर बैठकर जमकर नारेबाजी कर रही थी। पुलिसकर्मियों ने सभी को वहां से घसीटकर ले गए। सभी केजरीवाल की रिहाई की मांग कर रहे थे।





मनीष सिसोदिया जेल नंबर-1 | केजरीवाल, जेल नंबर-2 | संजय सिंह, जेल नंबर-5 | सत्येंद्र जैन, जेल नंबर-7

## जेल में अलग-अलग रहेंगे आप के नेता

दिल्ली शराब घोटाला के आरोप में 4 नेताओं के आलावा तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की पुत्री कविता को जेल नंबर 6 एवं विजय नायर को जेल नंबर 4 में रखा गया है। खास बात यह है कि तिहाड़ जेल दिल्ली सरकार के अंतर्गत है और उसके मुख्यमंत्री सोमवार को अपनी ही जेल में 15 दिन के लिए न्यायिक रियासत में रहेंगे। जेल प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक उन्हें अलग-अलग बैंरकों में ही नहीं बल्कि तिहाड़ जेल की अलग-अलग जेलों में रखने का फैसला लिया गया है। अभी तक राजनेताओं को जेल में एक साथ रहने की सुविधा मिल जाती थी और जेल में रहकर वे भविष्य की योजनाओं को अंजाम देते थे। लेकिन तिहाड़ जेल में यह लोग ऐसा नहीं कर पाएंगे।

## तिहाड़ में कोर्ट के आदेश पर ही दी जाती हैं कैदियों को सुविधाएं

उत्तर प्रदेश या अन्य राज्यों की तरह जिलों में राजनेताओं को मिलने वाली तमाम सुविधाओं से वह यहां वंचित रहेंगे क्योंकि यहां पर कई श्रेणी में सुरक्षा व्यवस्था रहती है और जब से तत्कालीन सांसद फूलन देवी के हत्यारोपी शेर सिंह राणा तिहाड़ जेल से फरार हो गया था तब से इस जेल की सुरक्षा व्यवस्था कई स्तर पर कर दी गई है। जेल नंबर दो में कई तरह के सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं जिनकी निगरानी जेल प्रशासन के अलावा अन्य बड़ी एजेंसी व विभिन्न अदालतों एवं उच्च न्यायालय से भी जुड़े हुए हैं। जेल सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री केजरीवाल अगले 14 दिन तक यहां पर अध्यात्म ज्ञान अर्जित करेंगे और ध्यान मुद्राओं में रहेंगे। मनीष सिसोदिया की तरह उन्हें भी भगवत गीता उपलब्ध करा दी गई है।



## ...दिल्ली के भविष्य पर कई कयास, आज हो सकता है फैसला

**ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री तिहाड़ जेल में है, सरकार कैसे चलेगी? इस सवाल को लेकर राजनीतिक गलियारों में कई विकल्पों पर चर्चा हो रही है। कुछ राज्यों की तरह दिल्ली के विधायकों के टूटने और नई पार्टी के रूप में सरकार के गठन पर भी चर्चा चल रही है। जिसमें आप के उन विधायकों पर खास नजर है जो पूर्व में भाजपा एवं अन्य दलों में थे। लेकिन यह अभी संभव नहीं है क्योंकि लोकसभा चुनाव में इसका गलत संदेश जाएगा और दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी स्वयं दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र से बीजेपी उम्मीदवार है। दिल्ली सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव की भी संभावना नहीं है। क्योंकि विधानसभा में गत 17 फरवरी को मुख्यमंत्री केजरीवाल विश्वास प्रस्ताव लाए थे और वह भारी बहुमत के साथ पारित हो चुका है। संसदीय नियम के मुताबिक एक बार विश्वास मत पारित होने के बाद दूसरा अविश्वास प्रस्ताव 6 माह तक नहीं आ सकता है। तीसरा विकल्प बिहार की तर्ज पर है। जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव जेल गए थे और उससे पहले ही उन्होंने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलवा थी। विधानसभा में राजद विधायकों ने उन्हें पूर्ण समर्थन दे दिया था। इसी तर्ज पर केजरीवाल की पत्नी सुनीता का नाम भी चर्चा में है। कहा जा रहा है कि मंगलवार को आप विधायक दल की बैठक बुलाई जा सकती है जिसमें विधायक दल सुनीता केजरीवाल को अपना नेता चुन ले और उप राज्यपाल को शपथ दिलाने पड़ेगी। उप राज्यपाल के पाले में भी बड़ी गेंद है, जिसके तहत वे दिल्ली सरकार को निलंबित कर सकते हैं। जैसा कि जम्मू कश्मीर में तत्कालीन मुख्यमंत्री महबूबा के समय हुआ था। मंगलवार को सुनीता केजरीवाल एवं अन्य बड़े नेता बैठक करेंगे इसी बीच बड़ा फैसला कर सकते हैं।

## एक नजर

### बीएसएफ ने अमृतसर से एक पाकिस्तानी को किया गिरफ्तार

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अमृतसर जिले में सीमा बाड़ के आगे भारतीय क्षेत्र में अनधिकृत रूप से प्रवेश कर रहे एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया है। बीएसएएफ के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि रविवार को जवानों ने जिले में सीमा बाड़ के आगे एक संदिग्ध गतिविधि देखी। उन्होंने कहा- सैनिकों ने क्षेत्र की घेराबंदी कर जिले के रोरनवाला गांव के बाहरी इलाके में सीमा बाड़ के पास से सफलतापूर्वक पकड़ लिया। प्रवक्ता ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान पाकिस्तानी नागरिक के रूप में की गई है। पास से दो मोबाइल, विभिन्न मूल्यवर्ग की पाकिस्तानी मुद्रा में कुल 840 रुपये और एक पाकिस्तानी राष्ट्रीय पहचान पत्र मिला।

### मध्यप्रदेश: सीहोर में रेलवे अंडर ब्रिज से टकराई यात्री बस, 16 लोग घायल

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में सोमवार को यात्री बस रेलवे अंडर ब्रिज पार करते समय दीवार से टकरा गई, जिससे बस में सवार 16 यात्री घायल हो गए। यातायात पुलिस सीहोर के प्रभारी ब्रजमोहन धाकड़ ने बताया एक अन्य वाहन को टक्कर लगेन के बाद अंडर ब्रिज की दीवार से टकरा गई। बस का ब्रेक फेल हो गया था और चालक ने गाड़ी पर से संतुलन खो दिया, जिसके कारण हादसा हुआ। हादसे में 16 लोग घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सीहोर अस्पताल लाया गया। पुलिस ने कहा- मामले की आगे की कार्रवाई के जांच शुरू की है।

### रूस में सोने की खदान में फंसे 13 मजदूरों को मृत घोषित किया

**मॉस्को।** रूस के सुदूर पूर्व क्षेत्र अमूर में पायनियर सोने की खदान गिरने से फंसे 13 मजदूरों को मृत घोषित कर दिया गया है। बचाव अभियान को आधिकारिक तौर पर रोक दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसा, खदान में चट्टान ढहने की घटना 18 मार्च को 13 श्रमिक फंस गए थे। जिन्हें वहां के प्रशासन ने अब मृत घोषित कर दिया है। खदान में अब प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया। बता दें, खदान प्रबंध निदेशक को 26 मार्च को कानून प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिया गया था। सुरक्षा आवश्यकताओं का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है।

### अफगानिस्तान में बारूदी सुरंग में धमाका, नौ बच्चों की मौत

**काबुल।** पूर्वी अफगानिस्तान में बच्चों को मिली एक पुरानी बारूदी सुरंग में खलेने के दौरान बड़ा धमाका हुआ, जिसमें नौ बच्चों की जान चली गई। गजनी में तालिबान के सूचना और संस्कृति विभाग के निदेशक हमीदुल्ला निसार ने कहा कि बच्चों को गजनी प्रांत के गेरो जिले में अपने गांव के पास जो खदान मिली, वह दशकों पुरानी थी। उन्होंने कहा कि रविवार को हुए विस्फोट में पांच लड़कों और चार लड़कियों की मौत हो गई, जिनकी उम्र 5 से 10 साल थी। अफगानिस्तान कई दशकों से युद्ध से पीड़ित चल रहा है और उन बच्चों के लिए बेहद खतरनाक बना हुआ है जो अपने परिवारों के भरण-पोषण करने के लिए स्क्रैप धातु इकट्ठा करते हैं।

# कांग्रेस कच्चातिवु पर उदासीन रही भारतीय मछुआरों का अधिकार छीना

## जयशंकर बोले-1974 में एक समुद्री सीमा खींची गई, समझौता कर द्वीप श्रीलंका को दे दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा नेता और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कच्चातिवु द्वीप के मुद्दे पर सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान द्वीप पर भारत का अधिकार छोड़ने को लेकर कांग्रेस और द्रमुक पर निशाना साधा। जयशंकर ने कहा कि 1974 में, भारत और श्रीलंका ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जहां उन्होंने एक समुद्री सीमा खींची, और समुद्री सीमा खींचने में कच्चातिवु को सीमा के श्रीलंकाई पक्ष पर रखा गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और डीएमके ने इस मामले को इस तरह से लिया है मानो इस पर उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है।

भाजपा नेता ने आगे कहा, हम जानते हैं कि यह किसने किया, यह नहीं पता कि इसे किसने छुपाया। जयशंकर ने कहा- जनता को यह जानने का अधिकार है कि यह स्थिति कैसे उत्पन्न हुई। कच्चातिवु द्वीप मसले के चलते श्रीलंका द्वारा भारतीय मछुआरों के पकड़े जाने की घटना की जानकारी देते हुए जयशंकर ने कहा, पिछले 20 वर्षों में, 6184 भारतीय मछुआरों को श्रीलंका द्वारा हिरासत में लिया गया है और इसी समयकाल में 1175 भारतीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं को श्रीलंका द्वारा जब्त किया गया है। पिछले पांच वर्षों में कच्चातिवु मुद्दा और मछुआरे का मुद्दा संसद में विभिन्न दलों द्वारा बार-बार उठाया गया है। यह संसद के सवालों, बहसों और सलाहकार समिति में सामने आया है। तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने मुझे कई बार पत्र लिखा है और मेरा रिकॉर्ड बताता है कि मौजूदा मुख्यमंत्री को मैं इस मुद्दे पर 21 बार जवाब दे चुका हूं। यह एक जीवंत मुद्दा है जिस पर संसद और तमिलनाडु हलकों में बहुत बहस हुई है। यह केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच पत्राचार का विषय रहा है।

### श्रीलंका से इस मुद्दे पर बातचीत करेंगे: विदेश मंत्री



विदेश मंत्री ने कहा यह नरेंद्र मोदी सरकार ही है जो यह सुनिश्चित करने पर काम करती रही है कि भारतीय मछुआरों को रिहा किया जाए। उन्होंने कहा, हमें एक समाधान तलाशना होगा। हमें श्रीलंकाई सरकार के साथ बैठना और इस पर बातचीत करना होगा। जयशंकर ने दावा किया कि तमिलनाडु के लोगों को लंबे समय तक इस मुद्दे को लेकर गुमराह किया जाता रहा है और वह जनता को सूचित करने के लिए इस मामले पर बात कर रहे हैं।

### प्रधानमंत्री के कच्चातिवु द्वीप हमले पर चिदंबरम का पलटवार



**शिवगंगा (तमिलनाडु)।** लोकसभा चुनाव से पहले कच्चातिवु को लेकर बवाल मचा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके लिए कांग्रेस और डीएमके पर हमला बोला है। इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने सोमवार को पीएम मोदी को सलाह दी कि वह कच्चातिवु मुद्दे के बजाय भारतीय क्षेत्र पर चीनी कब्जे पर बोलें। चिदंबरम को इस बात पर आश्चर्य हो रहा है कि मोदी उस मुद्दे को क्यों उठा रहे हैं जिसे 1974 में ही सुलझा लिया गया था। 1974 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा की सरकार ने श्रीलंका के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने और वहां के लाखों तमिलों की मदद करने के लिए कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया और बदले में छह लाख तमिलों को भारत आने की इजाजत दी गई।

# चीन ने अरुणाचल के 30 शहरों के नाम बदले

**बीजिंग, एजेंसी**

- भारत ने जताई आपत्ति, नाम बदलने से वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं होगा

चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक बार फिर चीन ने नापाक हरकत की है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश में विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में चीन ने अरुणचाल प्रदेश की 30 जगहों के नाम बदले हैं।

हालांकि, भारत ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने की बात को खारिज किया है। भारत ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश देश का अभिन्न हिस्सा है और उसका नाम बदल देने से इस वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आएगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ये आदेश 1 मई से लागू करने के लिए अनुच्छेद 13 में प्रावधान किया गया है। इसमें कहा गया है कि चीन के क्षेत्रीय दावों और संप्रभुता के अधिकारों को नुकसान पहुंचाने वाली विदेशी भाषाओं में नामों को बिना प्राधिकरण सीधे उद्धृत या अनुवाद नहीं किया जाएगा। बता दें कि चीन अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा ठोकता है और उसे जांगनान कहता है। साथ ही वह अरुणाचल प्रदेश को तिब्बती क्षेत्र बताया है। चीनी ने पहली लिस्ट 2017 में जारी की थी। इसके बाद 15 स्थानों की दूसरी लिस्ट 2021 में जारी की गई। हालांकि, तीसरी बार साल 2023 में 11 स्थानों के नामों की लिस्ट जारी की गई थी। अब चीन ने चौथी लिस्ट जारी की है।

### पन्नू मामले से भारत के भी सुरक्षा हित जुड़े: जयशंकर

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू मामले पर जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पन्नू की हत्या की साजिश में एक सरकारी अधिकारी की कथित संलिप्तता की जांच में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा हित जुड़े हुए हैं। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी के बयान पर जयशंकर ने कहा कि हम इसकी जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राजदूत वही कहेंगे, जो उन्हें लगता है या उनकी सरकार की सोच है। एरिक गार्सेटी ने कहा था कि किसी दूसरे देश के नागरिक की हत्या के प्रयास में एक सरकारी अधिकारी की संलिप्तता अस्वीकार्य है। जयशंकर ने एरिक गार्सेटी के बयान पर कहा कि मेरी सरकार की स्थिति यह है कि इस मामले में हमें कुछ सूचना मुहैया कराई गई है, जिसकी हम जांच कर रहे हैं।

# भारत में वीजा प्रतीक्षा समय को कम करेगा अमेरिका : एरिक गार्सेटी



**नई दिल्ली।** अक्सर देखा गया है कि भारतीयों को अमेरिका के वीजा के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। इस मामले में अमेरिका के राष्ट्रपति का नया आदेश राहत देने वाला है। बाइडन ने आदेश दिया है कि अमेरिका भारत में वीजा प्रतीक्षा समय को कम करेगा।

भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा- वीजा नियुक्तियों और प्रतीक्षा समय पर राष्ट्रपति जो बाइडन ने उन्हें भारत में वीजा के लिए प्रतीक्षा समय को कम करने का आदेश दिया है। यह पहला उदाहरण है जब अमेरिका द्वारा किसी भी देश में इस बात पर गौर करने के लिए कहा गया है। गार्सेटी ने यह भी कहा कि ग्रीन कार्ड बैकलॉग का मुद्दा भी एक बड़ी समस्या है और जल्द ही इसका भी समाधान हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि कई वीजा मामलों देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, इस आदेश से प्रतीक्षा समय में 75 प्रतिशत की कमी आएगी।

## शिव मंदिर तुंगनाथ...



**रुद्रप्रयाग :** उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग जिले के चोपटा में 12,110 फीट की ऊंचाई पर स्थित शिव मंदिर तुंगनाथ है। मंदिर के कपाट 14 मई तक बंद हैं। रास्ते में बर्फ के पहाड़ हैं। आधा रास्ता बर्फ से ढंका है। फिर भी हर रोज करीब 3000 लोग दर्शन करने पहुंच रहे हैं। तुंगनाथ मंदिर पंच-केदार में से एक है, जिनमें केदारनाथ, मध्य महेश्वर, रुद्रनाथ, कल्पेश्वर और तुंगनाथ शामिल हैं। रास्ता बंद है फिर भी लोग यहां पहुंच रहे हैं। ● एजेंसी

# अमेरिका में भाजपा समर्थकों ने निकाली कार रैली, 20 शहरों से तीन सौ लोगों ने लिया हिस्सा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी-यूएसए) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के समर्थन में 20 अलग-अलग शहरों में कार रैलियां निकाली। उन्होंने भारत के लोगों से आगामी चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए को 400 से अधिक सीट दिलाकर भारी बहुमत से विजयी बनाने का आग्रह किया।

ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा, अमेरिका में भारतीय समुदाय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा और एनडीए को 400 से अधिक सीट पर जीतता देखने के लिए बहुत उत्साहित है। मैंने भारतीय-अमेरिकी प्रवासियों में ऐसा उत्साह इससे पहले कभी नहीं देखा था। ओएफबीजेपी-यूएसए के राष्ट्रीय महासचिव वासुदेव पटेल ने कहा, "ओएफबीजेपी द्वारा पूर्वी तट से पश्चिमी तट और उत्तर से दक्षिण तक लगभग 20 शहरों में आयोजित कार रैलियों में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। अमेरिका की राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में सिख समुदाय के लोगों ने भी पीएम मोदी के समर्थन में कार रैली निकाली।

# इमरान और पत्नी बुशरा की 14 साल की सजा निलंबित

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना मामले में बड़ी राहत मिली है। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को मामले में इमरान और बुशरा की 14 साल की जेल की सजा को निलंबित कर दिया है।

हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक ने कहा कि सजा के खिलाफ अपील की सुनवाई ईद की छुट्टियों के बाद तय की जाएगी। देश में आम चुनाव से कुछ दिन पहले तोशाखाना से मिले सरकारी उपहारों में कथित भ्रष्टाचार के लिए जवाबदेही अदालत ने 31 जनवरी को दोनों को 14-14 साल जेल की सजा सुनाई थी। दोनों ने सजा को इस्लामाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक के नेतृत्व वाली दो सदस्यीय पीठ ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई के बाद सोमवार को कोर्ट ने मामले में दंपती की सजा को निलंबित कर दिया। कोर्ट ने उन्हें जमानत देकर अस्थाई राहत भी दी। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि सजा को रद करने और अपराध से बरी करने की अपील पर सुनवाई ईद की छुट्टियों के बाद की जाएगी।

# जेएनयू के दो पूर्व छात्र समेत 4 पर लगा यौन उत्पीड़न का आरोप

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की एक छात्रा ने दो पूर्व छात्रों समेत चार लोगों पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है, जिसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं। सोमवार को एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि, वाम नेतृत्व वाले छात्र संघ ने शिकायत की है, जिसमें एबीवीपी पूर्व छात्रों को अरोपी ठहराया है। हालांकि, एबीवीपी ने कहा- कि उन्हें फंसाया जा रहा है। मुख्य प्रॉक्टर सुधीर कुमार ने बताया है कि 31 मार्च को यौन उत्पीड़न की शिकायत मिली थी। जिसमें पूर्व छात्र समेत चार लोगों पर यौन उत्पीड़न का अरोप है। मुख्य प्रॉक्टर ने कहा, जांच शुरू कर दी है और प्रॉक्टर कार्यालय आरोपों की जांच कर रहा है।

# आतंक का गढ़ बना पाक, 3 माह में 245 हमले, 432 की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

- सीआरएसएस रिपोर्ट में हुआ खुलासा, बलूचिस्तान का बुरा हाल

पाकिस्तान में आतंकवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज (सीआरएसएस) की ताजा रिपोर्ट में 2024 की पहली तिमाही में आतंकवादी हमलों और आतंकवाद विरोधी अभियानों की कुल 245 घटनाएं हुई। इन हमलों और अभियानों में 432 लोगों की मौत हुई और 370 लोग घायल हो गए। सिर्फ तीन महीनों के भीतर 432 लोगों की मौत का ये आंकड़ा बताता है कि पाकिस्तान आतंकवाद का गढ़ बन चुका है। खासतौर पर खैबर पख्तूनख्वा और अफगानिस्तान की सीमा से लगे बलूचिस्तान प्रांतों में बुरा हाल है। इन इलाकों में तीन महीनों में 90 प्रतिशत से ज्यादा मौतें हुई और 86 प्रतिशत हमले हुए। रिपोर्ट बताती है कि इन जगहों के मुकाबले पाकिस्तान के बाकी क्षेत्रों में माहौल अपेक्षाकृत शांत रहा।

### सुरक्षा बलों पर फिर हुआ हमला, दो की मौत

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों पर हमला थम नहीं रहा है। बंदरगाह शहर ग्वादर जिले के अंकारा बांध क्षेत्र में रविवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने बम निरोधी दस्ते पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिसमें दो सैनिकों की मौत हो गई, जबकि अन्य चार घायल हो गए। अभी तक किसी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, घटना उस समय हुई जब बम निरोधी दस्ता बारूदी सुरंगों को हटाने में लगा था। ग्वादर के एसएसपी मोहसिन जोहैब ने कहा कि घटना ग्वादर शहर से 25 किलोमीटर दूर हुई है। घायल सैनिकों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुरक्षा बलों ने हमलावरों की खोज में अभियान चलाया है।

**विज्ञान** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 96पी/माचोल्ज रखा नए धूमकेतु का नाम

# 'सोहो' ने बनाया नया कीर्तिमान, 5 हजार धूमकेतु खोजे

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अंतरिक्ष दूरबीन 'सोहो' ने पांच हजार धूमकेतुओं की खोज करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। नए धूमकेतु का नाम 96पी/माचोल्ज रखा गया है। धूमकेतु हमारे सौरमण्डल के दूर सदस्यों में स्थान रखते हैं।

नासा के अनुसार धूमकेतुओं की खोज में डॉन माचोल्ज का बड़ा नाम है। जिन्होंने अपने जीवन में दर्जनभर धूमकेतुओं की खोज की थी। जिस कारण नए धूमकेतु का नाम माचोल्ज़ के नाम पर रखा गया है। 2022 में उनकी मृत्यु हुई थी। धूमकेतुओ की खोज में उनकी दिलचस्पी वैज्ञानिकों को प्रेरणा देती है।




सोहो अंतरिक्ष यान ने 29 मार्च को इसकी खोज की है। सोहो नासा व ईसा का संयुक्त मिशन है। जिसे दिसंबर, 1995 में लॉन्च में लॉन्च किया गया था। यह अंतरिक्ष यान 28 साल व 3 माह का सफर पूरा कर चुका है।

इस यान को सूरज की निगरानी के लिए पृथ्वी से 15 लाख किमी की दूरी पर स्थापित किया गया था। धूमकेतु ग्रहों की तरह सूर्य की परिक्रमा करते हैं। सूर्य के निकटतम बिंदु (पेरीहेलियन) के बेहद करीब से गुजरते हैं, तो कभी-कभी सूर्य की सतह से कुछ हज़ार किलोमीटर के भीतर पहुच जाते हैं।

इनमें कुछ वाष्पीकृत हो जाते हैं। जो सूर्य के नजदीक पहुचने पर आसानी से इनकी पहचान कर लेता है। खोजा गया नया धूमकेतु बर्फ और चट्टान का एक छोटा पिंड है जो हर कुछ वर्षों में सूर्य की परिक्रमा करता है। यह धूमकेतुओं के मार्सडेन समूह से संबंध रखता है।

### भविष्य में विश्व को जानकारी देगा आदित्य-एल 1 मिशन

अमेरिकी व यूरोपियन स्पेस एजेंसी नासा व ईसा का संयुक्त मिशन सोहो का सफर अधिक समय तक रहने वाला नहीं है। इसकी जगह इसरो का आदित्य एल 1 लेगा। आदित्य सोहो की तरह सूर्य की 24 घंटे निगरानी करेगा। फिलहाल उसने सूर्य पर होने वाली गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू कर दी है। साथ ही सूर्य के करीब पहुंचने वाले पिंडों को भी देख सकेगा। भविष्य में इस भारतीय मिशन पर दुनिया के सभी देश निर्भर रहेंगे। यह सूर्य की प्रत्येक गतिविधि का आंकड़ा दुनिया को देगा।

# बीच सड़क पर इफ्तार पार्टी से लगा जाम, ईसी ने भेजा नोटिस

**मंगलुरु, एजेंसी**

- कर्नाटक के मिड-स्ट्रीट इफ्तार पार्टी के आयोजकों पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप

भारत निर्वाचन आयोग ने 'मिड-स्ट्रीट इफ्तार पार्टी' के आयोजकों को नोटिस जारी किया है। दरअसल, 30 मार्च को इफ्तार पार्टी के दौरान राजमार्ग का 200 मीटर से अधिक का हिस्सा दोपहर 2 बजे तक 4 घंटे से अधिक समय तक अवरुद्ध रहा।

इफ्तार पार्टी का आयोजन उल्लाल तालुक में राज्य राजमार्ग पर मुदिपु जंक्शन पर किया गया था। यह दक्षिण कन्नड़ जिले के नए आईटी केंद्र की ओर जाने वाला एक व्यस्त चौराहा है। कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल होने के बाद ईसीआई ने इस पर संज्ञान लिया। ईसीआई ने चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए रविवार को एक नोटिस जारी किया है। यह नोटिस 'ऑटो राजाकनमार इफ्तार' कार्यक्रम के



मुख्य आयोजक अबुबकर सिद्दीकी को भेजा गया है। इस इफ्तार पार्टी के कारण सड़क के एक तरफ यातायात को प्रतिबंधित कर दिया था, जिससे व्यस्त समय के दौरान मोटर चालकों और पैदल यात्रियों के लिए 4 घंटे से अधिक समय तक चलना मुश्किल हो गया। उल्लाल तालुक के सभी रिक्शा चालकों ने इस इफ्तार सभा का आयोजन किया था जिसमें व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया था।